रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित | हमेशा सच के साथ

# पायनियर

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 24 सितम्बर 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 37 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### मुख्यमंत्री ने दाऊ दुलार सिंह मंदराजी की पुण्यतिथि पर किया नमन



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लोककला 'नाचा' के जनक दाऊ दुलार सिंह मंदराजी को उनकी पुण्यतिथि 24 सितम्बर पर नमन किया है। बघेल ने छत्तीसगढ़ी लोककला के विकास में दाऊ दुलार सिंह के अमूल्य योगदान को याद करते हुए कहा कि दाऊ ने 'नाचा' को जीवंत बनाए रखने, लोक कलाकारों को संगठित करने और नाचा के माध्यम से सामाजिक पुनर्जागरण और जनसामान्य में नाचा कला को पुनर्स्थापित करने में महती भूमिका निभाई।

### आतंकवाद के लिए न हो अफगानिस्तान की धरती का इस्तेमाल : जयशंकर

**न्यूयॉर्क।** विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने बुधवार को अफगानिस्तान पर जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि देश में मानवीय जरूरतों के जवाब में अंतरराष्ट्रीय समुदाय को एक साथ आना चाहिए। डॉ. जयशंकर ने कहा कि किसी भी तरह से आतंकवाद के लिए अफगानिस्तान की धरती का इस्तेमाल नहीं करने देने की तालिबान की प्रतिबद्धता को लागू किया जाना चाहिए।

# गुटों में बंटी कांग्रेस : विधायक पाण्डेय को 6 साल के लिए निष्कासित करने की अनुशंसा

## अटल के बिगड़े बोल, मुझे नहीं मालूम कौन किसका आदमी, और कौन किसकी औरत

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में जब से मुख्यमंत्री पद को लेकर विवाद सार्वजनिक हुआ तब से प्रदेश में कांग्रेस गुटों में बंटती दिखाई दे रही है। हाल ही में हुए सिम्स में टेक्नीशियन के साथ कथित मारपीट और पुलिस द्वारा स्वास्थ्यमंत्री के करीबी माने जाने वाले के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार भी किए जाने का बयान, थाने का घेराव और उसके बाद विधायक शैलेश पांडेय के बयान ने कांग्रेस की गुटीय लड़ाई को और तेज कर दिया है वही काग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष अटल श्रीवास्तव द्वारा दिए गए बयान ने गुटीय लड़ाई की आग में घी का काम कर दिया है। अटल श्रीवास्तव ने विधायक के बयान को अनुशासनहीनता बताते हुए इसकी शिकायत प्रदेश कांग्रेस संगठन से करने की बात कह दी है इससे आने वाले दिनों में कांग्रेस की गुटीय लड़ाई में और भी इजाफा होने की संभावना दिख रही है । उधर एस एस पी ने भी जो बयान दिया है वह स्वास्थ्य मंत्री के गुट को परेशान कर देने वाला है। कांग्रेस की गुटीय लड़ाई का मजा हासिए में जा चुके भाजपा के नेता ले रहे है। इन दिनों न्यायधानी पर आम जनता के पक्ष में आवाज बुलंद करना, उन्हें न्याय दिलाने के लिए विपरीत परिस्थितियों में उनके साथ खड़ा होना कुछ कांग्रेस नेताओं को भारी पड़ रहा है। सर्वाधिक है कि कोरोना काल के दरमियान आम जनता की सेवा के उद्देश्य से राशन बांटने के दरमियान शहर विधायक शैलेश पांडे पर अपराध दर्ज हुआ था। और अब गरीब आम जनता के इलाज को लेकर सिम्स टेक्नीशियन से विवाद पर कांग्रेस नेता पंकज सिंह के खिलाफ सिटी कोतवाली थाना पर अपराध दर्ज कर लिया गया है। जिसे शैलेश पांडे ने राजनीतिक षड्यंत्र बताया है। गौरतलब है कि प्रदेश में स्वच्छ नेता की छवि रखने वाले स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंह देव के स्वास्थ्य विभाग में इन दिनों न्यायधानी पर कुछ ऐसे अधिकारी तथा कर्मचारी काम कर रहे हैं। जो विभाग की छवि को धूमिल करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। खासकर अगर बात किया जाए सिम्स पर कार्यरत कुछ डॉक्टर जो आने वाले मरीजों के इलाज पर कम ध्यान देते हैं साथ ही वह सोनोग्राफी, एम आर आई व अन्य जांच रिपोर्ट से संबंधित कोई भी कार्य सिम्स के अंदर नहीं करना चाहते हैं। बल्कि यह सारे जांच बाहर से करा लाने की सलाह देते हैं। बताया जाता है कि यह सलाह देने का उद्देश्य उक्त सोनोग्राफी सेंटर पर उनके कमीशन का खेल है। अगर कोई मरीज सवाल करता है कि सिम्स पर सोनोग्राफी या एम आर आई व अन्य तरह की जांच क्यों नहीं किया जा रहा है तो उन्हें मशीन खराब होने की जानकारी दिया जाता है । अब ऐसे में सवाल उठता है कि जब साल भर में करोड़ों की दवाई व अन्य सामग्री क्रय किया जा सकता है तो सोनोग्राफी मशीन एम आर आई मशीन वह ब्लड टेस्ट संबंधित सामग्री क्यों नहीं क्रय किया जा सकता है। या फिर अगर मशीन खराब हो चुकी है तो उन्हें पुनः रिपेयर क्यों नहीं कराया जा सकता है। अगर देखा जाए तो कांग्रेस नेता व सिम्स टेक्नीशियन के बीच हुए विवाद का मुख्य जड़ चिकित्सा





सुविधा से संबंधित है। अगर उक्त टेक्नीशियन ने सही समय पर मरीज का एम. आर. आई कर दिया होता तो कांग्रेसी नेता पंकज सिंह से विवाद की स्थिति उत्पन्न नहीं होती। बताया जाता है कि शनिवार की रात मसानगंज निवासी मरीज को सिम्स में भर्ती कराया गया था। देर रात मेडिसीन विभाग के डॉक्टर ने जांच के बाद एमआइआर कराने की सलाह दी। इस पर स्वजन मरीज को लेकर मेडिसीन विभाग पहुंचे। वहां टेक्नीशियन तुलांचद टांडे ड्यूटी पर थे। उन्होंने मरीज के स्वजन को मशीन चालू होने तक इंतजार करने के लिए कहा। इसके बाद तकनीकि गड़बड़ी होने की जानकारी देकर टेक्नीशियन ने थोड़ा समय लगने की बात कही। इसी बीच मरीज के स्वजन ने फोन कर इसकी जानकारी कांग्रेश नेता पंकज सिंह को दिया इस पर पंकज सिंह देर रात सिम्स पहुंच गए। आरोप है कि उन्होंने रेडियोलॉजी विभाग के टेक्नीशियन से एम आई आर नहीं करने के कारण विवाद किया। इस घटना के बाद सोमवार को विरोध स्वरूप कर्मचारियों ने काम बंद कर दिया था। इस मामले को लेकर पंकज सिंह के खिलाफ कोतवाली थाने में शिकायत भी दर्ज करा दिया गया। मंगलवार को पुलिस ने पंकज सिंह के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा व मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। बुधवार को इस मामले की जानकारी मिलते ही विधायक शैलेष पांडेय व समर्थक दोपहर में कोतवाली थाना पहुंचे। उन्होंने कांग्रेस नेता के मामले की जांच के बिना आपराधिक प्रकरण दर्ज करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि यह बदले की भावना से लिखाई गई एफआईआर है। इसके पूर्व 1 साल पहले मेरे ऊपर भी अपराध पंजीबद्ध किया गया था। टीएस सिंह देव के करीबी माने जाने वाले लोगों के ऊपर एफ.आई.आर दर्ज करने में ऊपर वालों का हाथ है किंतु जब पत्रकार वार्ता में शहर विधायक पांडे से पूछा गया कि ऊपर में नाम स्पष्ट कर पाएंगे तब उन्होंने बदले की एफआईआर बताया। घटना को लेकर शहर में इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है कि टीएस खेमे के कांग्रेस नेता आम जनता की मदद के लिए आते है तो एक विशेष गुट को यह कार्य पसंद नहीं आता है और राजनीति में अपने कद को गिरता देख समय-समय पर सक्रिय होकर मौका पाते ही दूसरे गुट के खिलाफ अपराध कायम कराने का खेल रायपुर से कराया जाता है अगर इन अफवाहों पर कुछ भी सच्चाई होती है और इसी तरह चलता रहा तो तो आने वाले दिनों में बिलासपुर शहर के लिए कांग्रेस सीट को पुनः जीत पाना मुश्किल होगा।

### अटल श्रीवास्तव ने कहा- शैलेष पाण्डेय पैराशूट विधायक

विधायक शैलेष पाण्डेय के उस बयान जिसमें उन्होने कहा कि टीएस सिंहदेव का आदमी होने के कारण हमें परेशान किया जा रहा है। इस बयान पर बिलासपुर से कांग्रेस के ही नेता अटल श्रीवास्तव ने पलटवार किया है। अटल श्रीवास्तव ने मीडिया के सामने कहा मुझे नहीं मालूम कौन किसका आदमी है और कौन किसकी औरत है। वे कांग्रेस के विधायक है। इतना जानता हूं कि जो कार्रवाई पुलिस कर रही है वह सबूतों के आधार पर कर रही है। विधायक ने जो बातें कही है वह अनुशासनहीनता के दायरे में आती है। इससे पहले भी वे इसी तरह के बयान दे चुके है। आने वाले समय में हम लोग हाईकमान को अवगत कराएंगे कि ये पैराशूट विधायक है। इनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

### विधायक शैलेष पाण्डेय को छह साल के लिए निष्कासित करने की अनुशंसा

विधायक शैलेष पाण्डेय द्वारा इस मामले को लेकर सिटी कोतवाली के घेराव के वक्त जो बातें कही गई उसे पार्टी की बैठक में अनुशासनहीनता माना गया है, और गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने अपनी बैठक में उनकी इस अनुशासनहीनता के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए अपने ही पार्टी के विधायक शैलेष पाण्डेय को पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित करने की अनुशंसा की गई है। कांग्रेस भवन में हुई बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद नायक ने बैठक में लिए गए उक्त निर्णय की जानकारी दी। श्री नायक ने बताया कि यह प्रस्ताव प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तथा पदाधिकारियों को भेज दिया गया और साथ ही इस प्रस्ताव की जानकारी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी प्रदेश प्रभारी पीएल पुनिया को भी प्रेषित कर दी जाएगी।

### अमेरिका पहुंचने पर मोदी का हुआ जोरदार स्वागत



**वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अमेरिका पहुंचने पर जोरदार स्वागत हुआ। मोदी का विमान आज तड़के वाशिंगटन के एयरपोर्ट पर उतरा, जहां पर अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने उनकी अगवानी की। संधू के साथ ही प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करने के लिए ब्रिगेडियर अनूप सिंघल, एयर कमोडोर अंजन भद्र, नौसेना अताशे कमोडोर निर्भया बापना और यूएस डिप्टी स्टेट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसोर्सेज टी.एच. ब्रायन मैककेन भी हवाई अड्डा पहुंचे थे। साथ ही मोदी का स्वागत करने के लिए काफी संख्या में भारतीय समुदाय के लोग भी हाथों में तिरंगा लिए हुए हवाई अड्डा के बाहर मौजूद थे। श्री मोदी ने हवाई अड्डा से बाहर निकलने के बाद ज्वाइंट बेस एंड्रयूज के बाहर उनका (मोदी) इंतजार कर रहे भारतीय लोगों से हाथ मिलाकर उनका अभिवादन स्वीकार किया।

## निर्माण कार्य करा रहे मुंशी को नक्सलियों ने उतारा मौत के घाट

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com

लगातार नक्सली दे रहे घटनाओ को अंजाम छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले के छोटेडोंगर थाना क्षेत्र के मढ़ोनार में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बन रही सड़क में कार्य कर रहे मुंशी एवं निर्माण कार्य में लगे जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर एवं अन्य वाहनों को आग के हवाले कर दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक जिले के छोटेडोंगर से मढ़ोनार तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत लगभग ढाई करोड़ रुपये की लागत से सड़क मार्ग स्वीकृत हुआ है जिसका ठेका राजकुमार जायसवाल नामक ठेकेदार को मिला है। सड़क का कार्य प्रगति पर है कि आज निर्माण कार्य के बीच अचानक शाम लगभग 4 बजे से साढ़े 4 बजे के बीच नक्सलियों द्वारा वहाँ पहुँचकर काम बंद करवाया गया और ड्राइवर को नीचे उतार कर जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर एवं मोटरसाइकिल में आग लगा दिया गया जिसमें जेसीबी मशीन एवं ट्रैक्टर पूरी जल कर खाख हो गयी



जाते जाते नक्सलियों ने निर्माण कार्य में लगे मुंशी संदीप जाना को मौत के घाट उतार दिया। घटना स्थल में नक्सलियो की मौजूदगी की आशंका के चलते समाचार लिखे जाने तक पुलिस घटना स्थल नही पहुँची थी। जेसीबी मशीन धौड़ाई क्षेत्र की बतायी जा रही हैं। बता दे कि अप्रैल माह में भी इसी क्षेत्र में नक्सलियों ने एक जेसीबी मशीन को आग के हवाले किया था जो वन विभाग के निर्माण कार्य मे लगा था कि नक्सलियों ने घटना को अंजाम दिया था। क्षेत्र में लगातार हो रही घटनाओं से क्षेत्र में दहशत का माहौल उत्पन्न हो गया है आये दिन क्षेत्र में नक्सली कुछ न कुछ घटनाओ को अंजाम देते रहते है।

### बड़े वैश्विक फैसलों में घटी है भारत की हिस्सेदारी : कांग्रेस



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विदेश यात्रा की सफलता की शुभकामनाएं दी है, लेकिन यह भी कहा है कि वह विदेश नीति को सिर्फ फोटो खींचने के अवसर के रूप में देखते हैं जिसके कारण वैश्विक फैसलों में भारत की भागीदारी घटी है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत में गुरुवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में कहा की विदेश नीति गले लगना नहीं होता है और ना यह फोटो खिंचवाने का अवसर होता है बल्कि इसमें देश के नागरिकों के हितों को सर्वोपरि रखना महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिवेश में अफगानिस्तान, रूस, अमेरिका या अन्य किसी भी स्तर पर जो बड़े फैसले लिए जा रहे है उनमें हमारे हितों की बात नहीं होती है और इससे साबित होता है कि बड़े वैश्विक फैसलों में भारत की हिस्सेदारी घटी है।





### फिक्की की ओर से आयोजित 10वें कृषि रसायन सम्मेलन को सम्बोधित किया

## केसर उत्पादक किसानों की आय हुयी दोगुनी : तोमर

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि सरकार की नीतियों और तकनीक के बदौलत केसर उत्पादक किसानों की आय दोगुनी हो गयी है। तोमर ने फिक्की की ओर से आयोजित 10वें कृषि रसायन सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि जम्मू कश्मीर के केसर उत्पादक किसानों की पैदावार और उनके उत्पाद का दाम बढा है । अब केसर के दाम एक लाख रुपये प्रति किलो से बढकर दो लाख रुपये प्रति किलो मिलने लगे हैं । ऐसा वहां केसर पार्क की स्थापना करने , नयी तकनीकों के अपनाने ,ग्रेडिंग , ब्रांडिंग और पैकेजिंग करने के कारण हुआ है । उन्होंने कहा कि किसानों की आय दोगुनी होने के ऐसे कई उदाहरण हैं और आने वाले समय में आय दोगुनी करने के हर संभव प्रयास किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि खेती में रासायनिक उर्वरकों और रसायनों के प्रयोग से उत्पादन में बहुत अधिक वृद्धि हुयी है और इसको नकारा नहीं जा सकता है लेकिन अतिउपयोग को बर्जित किया जाना चाहिए । रासायनिक , जैविक और प्राकृतिक खेती में संतुलन होना चाहिए । प्रकृति के खिलाफ इन्सान जाता है तो उसका दुप्परिणाम भी भुगतना पड़ता है । खेती में रसायन से एकदम दूर हटना उचित नहीं है । किसान रसायन के साथ ही जैविक कृषि पर जोर दें । तोमर ने कहा कि कृषि क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, जिसने प्रतिकूल परिस्थितियों में भी अपनी प्रासंगिकताको सिद्ध किया है। कोविड के संकटकालीन समय में भी कृषि क्षेत्र का कामकाज बेहतर रहा है, कृषि आधारित उद्योगों की




स्थिति भी कमोबेश संतोषजनक बनी रही है । इस क्षेत्र को लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। सरकार चाहती है कि कृषि क्षेत्र मजबूती से आगे बढ़े और देश की जरूरतों की पूर्ति के साथ ही दुनिया के लिए भी आपूर्ति करने में भारत सक्षम बना रहे। हमारा चिंतन 'वसुधैव कुटुम्बकम' पर आधारित है। इसी भावना से देश आगे बढ़ता रहा है। उन्होंने कहा कि अधिकांश कृषि उपज के मामले में दुनिया में भारत पहले या दूसरे स्थान पर है और हमारी कोशिश है कि देश इस दिशा में निरंतर बढ़ता रहे। कृषि उपज के निर्यात में भी भारत, विश्व में पहले 10 स्थान में शामिल हो चुका है, इस स्थिति को भी और आगे बढ़ाने की इच्छा किसानों व देश की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री चाहते है कि खेती के प्रति रूचि बढ़े व किसानों की आमदनी दोगुनी हों। अनेक योजनाओं के माध्यम से इस दिशा में काम किया जा रहा है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम किसान) स्कीम में अभी तक 11.37 करोड़ किसानों को 1.58 लाख करोड़ रूपए सीधे उनके बैंक खातों में जमा कराए गए हैं। किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से किसानों को ऋण सहायता दी जा रही है, वहीं एक लाख करोड़ रूपए के ऐतिहासिक कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर फंड द्वारा क्षेत्र की बुनियादी ढांचे की कमी को पूरा किया जा रहा है।

# खाद्य विभाग की छापामार कार्रवाई हर सिलेंडर से दो किलो गैस की चोरी

## प्रबंधक से 1171 सिलेंडर जब्त किए गए, लगातार गैस कम होने की मिली थी शिकायत

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



अमर गैस एजेंसी बिरगांव के सहयोगी स्टाफ के द्वारा अपने ही गैस एजेंसी के जानकारी के बगैर घरेलू और व्यवसायिक सिलेंडर से गैस चोरी की जा रही थी। इस मामले में खाद्य विभाग के द्वारा बड़ी कार्यवाही की गई। विभाग के अधिकारियों ने 1171 नग गैस सिलेंडर द्रवित पेट्रोलियम (प्रदाय और वितरण विनियमन) आदेश 2000 और आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध करने की कार्यवाही की। खाद्य विभाग को लगातार इस बात की शिकायत मिल रही थी कि बिरगांव में घरेलू गैस सिलेंडर में वजन की कमी आ रही है। साथ ही सिलेंडर भी जल्दी खत्म हो रहा है। खाद्य विभाग की टीम ने उरकुरा स्थित एक खुले प्लाट में 360 घरेलू गैस सिलेंडर रखे वाहन की जांच की। उन्होंने पाया कि राजाराम और वकीलउद्दीन नाम के दो कर्मचारी घरेलू गैस सिलेंडर से पीतल के बांसुरी से सिलेंडर की सील और कैप को निकाल कर 191 घरेलू और व्यवसायिक सिलेंडर से 294 किलो गैस निकाल चुके थे। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने छापा मारा, तो बांसुरी छोड़ कर दोनों कर्मचारी भाग निकले। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने मौके पर गैस सिलेंडर परिवहन करने वाले ट्रक सहित जब्त कर लिया। अमर इंडेन गैस एजेंसी के नंदनवन स्थित गोदाम में जाकर हर सिलेंडर का वजन कराया गया, जिसमें 191 सिलेंडर में वजन कम पाया गया। खाद्य विभाग के सहायक खाद्य अधिकारी संजय दुबे के साथ खाद्य निरीक्षक मनीष यादव, सोनल चंद्राकर, रीना साहू, संदीप शर्मा, श्रद्धा चौहान की टीम ने जांच कर अमर इंडेन गैस एजेंसी के प्रबंधक के विरुद्ध द्रवित पेट्रोलियम गैस (प्रदाय और वितरण विनियमन) आदेश 2000 और आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कार्यवाही शुरू कर दी है।

### पुलिस ने चांदी और तांबे का जखीरा बरामद किया

कबीर नगर थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई करते हुए चांदी और तांबे का जखीरा बरामद किया है। सोंनडोंगरी नाला के पास ज्योतिका रिफायनरी पर देर रात पुलिस की दबिश देकर यह जब्ती की गई है। बताया जा रहा है कि मौके से जब्त सामान की कीमत करीब तीन करोड़ रुपये के आस-पास होगी। इसमें करीब चार क्विंटल चांदी और दो लाख रुपए कीमत का दो टन तांबा शामिल है। पुलिस ने आशंका जाहिर की है कि जब्त माल चोरी का हो सकता है।रिफायनरी संचालक अभिषेक जैन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, इस चांदी के तार महाराष्ट्र, उड़ीसा और झारखंड से जुड़े हो सकते हैं। पुलिस रिफायनरी संचालक से पूछताछ में जुटी हुई है। पुलिस ने बताया कि ज्योतिका रिफायनरी नामक बंद फैक्ट्री में चांदी व तांबा का भण्डारण कर उसे गलाने की तैयारी की जा रही थी। फैक्ट्री के मेन गेट में ताला लगाकर रखा गया था, ताकि किसी को शक न हो।

# सीएम भूपेश बघेल ने प्रदेश में रिवेम्पड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम लागू करने दी सैद्धांतिक सहमति

## बिजली सब्सिडी के भुगतान के लिए मांगा अतिरिक्त समय



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com


मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने निवास कार्यालय से विडियो कांफ्रेंसिग के माध्यम से भारत सरकार के विद्युत, नवीन और नवीकरणीय उर्जा मंत्री राजकुमार सिंह द्वारा ली गई बैठक में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री सिंह से रिवेम्पड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम को राज्य में लागू करने के संबध में विस्तार से चर्चा की। बैठक में बिहार, गुजरात, पष्चिम बंगाल, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, गोवा के उर्जा मंत्री और दमन-दीव के प्रशासक भी शामिल हुए।

मुख्यमंत्री बघेल ने चर्चा के दौरान योजना को सैद्धांतिक सहमति देते हुए अन्य राज्यों के द्वारा बिजली सब्सिडी के भुगतान के लिए अतिरिक्त समय सीमा दिए जाने की मांग का समर्थन किया। रिवेम्पड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के तहत प्रदेश में विद्युत अधोसंरचना को बढ़ाने के साथ ही इनके आधुनिकीकरण और सुदृढ़ीकरण की कार्रवाई की जाएगी। इस योजना में कृषि उपभोक्ताओं को छोड़कर सभी उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। केन्द्र सरकार द्वारा इस योजना के तहत डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट प्रस्तुत करने की समय सीमा 31 दिसंबर 2021 निर्धारित की गई है। इस योजना की अनुमानित लागत 9600 करोड़ रूपए है, जिसे मार्च 2025 तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य है। इस मौके पर मुख्यमंत्री निवास में उर्जा विभाग के विशेष सचिव अंकित आनंद भी उपस्थित थे।

# सीएम भूपेश बघेल अक्टूबर में दिल्ली दौरे पर जाएंगे

- राहुल गांधी के छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर तैयारियों की दे सकते हैं जानकारी

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने सीएम भूपेश बघेल के दिल्ली दौरे को लेकर बड़ी जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि सीएम भूपेश बघेल अक्टूबर में दिल्ली दौरे पर जाएंगे। वहां राहुल गांधी के छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर तैयारियों की उन्हें जानकारी दे सकते हैं। कृषि मंत्री रविंद्र चौबे ने कहा कि बस्तर, सरगुजा और मैदानी इलाकों में किसानों से राहुल गांधी की मुलाकात कराने की तैयारी है। उसके बाद राहुल गांधी के छत्तीसगढ़ दौरे की डेट तय हो सकती है। इसके साथ ही 26 सितंबर को दिल्ली में होने वाली गृहमंत्री अमित शाह की बैठक में भी शामिल हो सकते हैं। वहां दिल्ली में नक्सल मसले को लेकर बैठक होगी। इसके अलावा 2 अक्टूबर को गांधी जयंती पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल यूपी में रहेंगे। बनारस में कार्य म रखा गया है। इस कार्य म में प्रियंका गांधी भी मौजूद रहेंगी। रविन्द्र चौबे ने केंद्र सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार कोल ब्लॉक नीलामी के लिए दबाव बना रही है। रविन्द्र चौबे ने कहा कि केंद्र सरकार लगातार पत्र लिख रही है, लेकिन राज्य सरकार सोच समझकर ही फैसला लेगी। पिछली कैबिनेट में कुछ कोल ब्लॉक के सम्बंध में मुख्यमंत्री ने आपत्ति की है।

वहीं बस्तर में लौह अयस्क की खान को निजी कंपनियों को नीलाम करने पर चौबे ने कहा कि भिलाई स्टील प्लांट के लिए शेष रखने के बाद ही नीलामी की कोई बात हो सकती है। केंद्र सरकार लगातार चिट्ठी लिख रही है. पत्र व्यवहार कहें या दबाव बनाया हुआ है। ऑक्शन के बारे में राज्य सरकार सोच समझ के ही फैसला लेगी।

# गौठानों की महिलाएं अब स्वच्छता अभियान से भी जुड़ी

- हर महीने हो रही अतिरिक्त आय

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी सुराजी गांव योजना के गौठान में महिलाएं विविध रोजगार मूलक कार्यों से जुड़ रही हैं। इसी कड़ी में महिलाओं की मेहनत को देखकर बिलासपुर नगर-निगम ने उन्हें स्वच्छता अभियान से जोड़कर अतिरिक्त आय का जरिया प्रदान किया है। नगर निगम बिलासपुर क्षेत्र के अंतर्गत मोपका मे नरवा-गरुवा-घुरवा-बारी योजना के तहत शहरी गौठान संचालित किया जा रहा है। इस गौठान में गोधन न्याय योजना के तहत 3 महिला स्व-सहायता समूहों की 30 महिलायें वर्मी खाद बना रही हैं, साथ ही गोबर से अन्य सामग्री का निर्मित कर रही हैं। उन्हें वर्मी खाद की बिक्री से अब तक सवा लाख रुपये का लाभांश मिल चुका है। गौ-काष्ठ व गोबर के अन्य उत्पाद की बिक्री कर भी वे लाभ अर्जित करती हैं। उनके इस परिश्रम और लगन को देखते हुए नगर-निगम बिलासपुर ने अब इन्हें स्वच्छ भारत मिशन के स्वच्छता अभियान से जोड़ा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप गौठानों में काम करने वाली महिलाओं को अतिरिक्त आर्थिक गतिविधियों से जोड़ने के लिये यह पहल की गई है।

मोपका गौठान में कार्यरत स्व-सहायता समूह की नौ महिलाओं को नगर-निगम ने निःशुल्क ट्राइसाइकिल प्रदान की है। इन वाहनों से वे वार्ड क्रमांक 47 में घर-घर जाकर कचरा संग्रहण कर रही हैं। एक ट्राइसाइकिल से 150 घरों का कचरा संग्रहण किया जाता है। हर महिला 1 किलोमीटर के दायरे में भ्रमण करती हैं। स्व-सहायता समूह की माधुरी, शिवकुमारी, जनकनंदिनी, माया धुरी, कांति धुरी, शांति धुरी, नीमा दास, रामेश्वरी धुरी और सती धुरी अपने इस नये कार्य को उत्साह के साथ कर रही हैं। उन्होंने बताया कि वे गौठान में पहले से ही विभिन्न आर्थिक गतिविधियों से जुड़ी हुई हैं। अब इस अतिरिक्त कार्य से उनकी आमदनी बढ़ गई है। नगर-निगम द्वारा प्रत्येक महिला को इस कार्य के लिये 6 हजार रुपये पारिश्रमिक दिया जा रहा है। अब इनकी व्यस्त दिनचर्या है। वे रात को तीन बजे उठती हैं और सुबह 7 बजे तक घरेलू कार्य को निपटाती हैं, फिर गौठान पहुंचती हैं। वहां से सुबह 8 बजे ट्राइसाइकिल लेकर कचरा संग्रहण के लिये निकल पड़ती हैं। दोपहर 1 बजे तक कचरा संग्रहण कर फिर गौठान लौटती हैं और फिर गौठान में दोपहर 2.30 बजे तक वर्मी खाद बनाने का काम करती हैं। इन महिलाओं ने कहा कि वे पहले रोजी-मजदूरी के लिये भटकती थीं। अब खुशी है कि वे अपने घर में ही रहकर, सुविधाजनक समय पर कार्य कर पारिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत कर रही हैं।

# छत्तीसगढ़ के रोस्टर पर बिफरे पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में 14प्र आरक्षण ओबीसी को दिया जा रहा है, लेकिन रोस्टर में उन्हें 8 नंबर पर रखा गया है। यह पिछड़ा वर्ग के साथ अन्याय है, केंद्र सरकार ने ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया है, उसके बाद भी पिछड़ा वर्ग की स्थिति चौथे नंबर पर है। यह बात राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष भगवान लाल साहनी ने कही। भगवान लाल साहनी ने कहा कि पिछड़े वर्ग को आरक्षण का लाभ रोस्टर में भी देना चाहिए। केंद्र सरकार 27प्र आरक्षण दे रही है, उसमें पिछड़ा वर्ग का स्थान चौथा है, तो छत्तीसगढ़ में 14 प्रतिशत आरक्षण में उनकी स्थिति दूसरे नंबर पर आनी चाहिए। इस मामले में जब पदाधिकारियों और चीफ सेक्रेटरी से बात होगी तो इस बात को भी रखा जाएगा। रोस्टर को सही करने का आदेश दिया जाएगा। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष ने मीडिया से चर्चा में कहा कि ओबीसी वर्ग की समस्याओं का अध्ययन करने के लिए आए हैं. अध्ययन के आधार पर आयोग निर्णय लेगा। अभी राज्य सरकार के पदाधिकारियों से बात नहीं कर पाए हैं. मुख्य समस्या तो ये हैं कि जब राज्य सरकार के अधिकारियों से जवाब मांगा गया कि ओबीसी की स्थिति क्या है, एबीसी ग्रुप में आरक्षण की स्थिति पर जवाब दीजिए तो कोई जवाब नहीं आया सब मौन हैं।

# माना शूटिंग रेंज नए रूप में, जेएसपीएल ने किया अब और सुरक्षित

- गोलियों को रेंज से बाहर जाने से रोकता है बैफेल्स, पहले आरसीसी लेंटर एवं लकड़ी से तैयार किया जाता था, अब धागा और रबड़ से बनी कन्वेयर बेल्ट का किया गया इस्तेमाल

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



माना एयरपोर्ट स्थित छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल की चौथी बटालियन के शूटिंग रेंज को जिन्दल स्टील एंड पावर (जेएसपीएल) ने नया रूप दिया है, जिससे शूटिंग प्रतियोगिताएं अपेक्षाकृत अधिक आकर्षक और सुरक्षित हो जाएंगी। यहां बैफल्स को और मजबूत किया गया है, जो गोलियों को फायरिंग रेंज से बाहर जाने से रोकता है। पहले बैफल्स के निर्माण में आरसीसी लेंटर एवं लकड़ी का प्रयोग होता था लेकिन अब धागा और रबड़ से बनी कन्वेयर बेल्ट के इस्तेमाल से माना शूटिंग रेंज और सुरक्षित हो गया है। देश में यह अपनी तरह का अनूठा और पहला प्रयोग है, जिसके लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश रायफल एसोसिएशन ने जेएसपीएल को धन्यवाद किया है। जेएसपीएल के चेयरमैन नवीन जिन्दल शूटिंग के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रहे हैं और उनकी ही प्रेरणा से छत्तीसगढ़ प्रदेश रायफल एसोसिएशन राज्यस्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन प्रत्येक वर्ष करती है। यह खेल बेहद संवेदनशील है इसलिए इसमें सुरक्षा के प्रति पूरी सतर्कता बरती जाती है। इसके सुरक्षा नियम बड़े सख्त हैं और उसके अनुरूप ही फायरिंग रेंज को नया रूप दिया गया है। कन्वेयर बेल्ट का बैफल्स में इस्तेमाल करने से माना फायरिंग रेंज और सुरक्षित हो गया है। जेएसपीएल एक कंपनी के रूप में सुरक्षा को सर्वोपरि मानती है और उसे सुनिश्चित करने के लिए पहल भी करती है। छत्तीसगढ़ प्रदेश रायफल एसोशिएशन ने इस सहयोग के लिए चौथी बटालियन के साथ-साथ जेएसपीएल का भी आभार व्यक्त किया है।

# मुख्यमंत्री ने कवि रामधारी सिंह दिनकर की जयंती पर उन्हें किया नमन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मूर्धन्य कवि और लेखक रामधारी सिंह दिनकर की जयंती पर उन्हें नमन किया है। बघेल ने कहा कि कवि, लेखक और साहित्यकार अपनी लेखनी से समाज को प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं। भारत के ऐसे ही रचनाकार दिनकर ने मानवता की पीड़ा को अपनी लेखनी से उकेरा जिससे वे जन-जन के कवि बन गए। राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत उनकी रचनाओं ने समाज को जगाने का काम किया इसलिए उन्हें राष्ट्रकवि भी कहा जाता है। उन्हें साहित्य सेवा के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कार सहित कई राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिनकर की अमर रचनाएं पीढ़ियों तक देशप्रेम की रोशनी बिखेरती रहेंगी।

### पर्यवेक्षक परीक्षा 2021 आवेदन 30 सितम्बर तक

**रायपुर।** मुख्य विद्युत निरीक्षक कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ अनुज्ञापन मंडल (विद्युत) विनियम 1960 (अनुकूलन 2000) के प्रावधानानुसार पर्यवेक्षक सक्षमता प्रमाण पत्र (पर्यवेक्षक परीक्षा 2021) के लिए आवेदन पत्र 30 सितम्बर 2021 तक कार्यालय मुख्य विद्युत निरीक्षक छत्तीसगढ़ शासन बी.ब्लॉक द्वितीय तल इन्द्रावती भवन नवा रायपुर अटल नगर जिला रायपुर द्वारा निःशुल्क प्रदाय किया जा रहा है और पर्यवेक्षक परीक्षा हेतु पूर्ण भरा आवेदन पत्र दिनांक 30 सितम्बर 2021 तक कार्यालय को प्राप्त हो जाना चाहिए।

## कोकून और कोसा धागा निर्माण से जुड़ी दो हजार से अधिक महिलाएं

# कोसा से महिलाओं को मिली स्वावलंबन की राह

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



कोसे के महीन धागे जीवन को मजबूत आधार भी दे सकते हैं, यह साबित हो रहा है वनांचल क्षेत्र कोरबा में। यहां की 24 स्वावलंबन समूह की महिलाएं टसर योजना से और 9 स्वावलंबन समूह की महिलाएं मलवरी योजना से जु?कर कोसा उत्पादन कर रही हैं। इन समूहों की कुल दो हजार से अधिक ग्रामीण महिलाओं द्वारा कोसा कृमिपालन का काम किया जा रहा है। कोसा कृमि द्वारा बनाए गए ककून को बेचकर महिलाओं को सालाना 50 से 70 हजार तक की आमदनी हो रही है। साथ ही कोसा धागा निकालकर बेचने से कई महिलाओं को अतिरिक्त लाभ भी हो रहा है। इससे महिलाओं के स्वावलंबन की न सिर्फ राह मजबूत हुई है,बल्कि उनके परिवार के दैनिक जरूरतों के लिए सहारा मिला है। खान-पान, रहने से लेकर बच्चों की शिक्षा जैसी कई जरूरतें अब ये महिलाएं पूरी कर पा रही हैं। कोसा रेशम उघोग एक बहु आयामी रोजगार मूलक काम है, जिसमें गांव में ही रहकर कोसा उत्पादन से लेकर कपड़े तैयार करने तक कई कामों से आय प्राप्त की जा सकती है। कोरबा जिले ने टसर कोसाफल उत्पादन में अपनी अलग पहचान बनायी है। इसे देखते हुए राज्य सरकार ने स्थानीय महिलाओं को कोसा उत्पादन से जुड़ने के लिए न सिर्फ प्रोत्साहित किया बल्कि उन्हें प्रशिक्षण भी दिया है। सरकार ने महिलाओं को टसर धागाकरण योजना से धागाकरण मशीन निःशुल्क दी है। इसके साथ ही इन्हें पौधरोपण और नई कृमिपालन तकनीक हितग्राहियो को सिखाई जा रही है, जिससे कोसाफल उत्पादन बढ़ रहा है। वेट रीलिंग ईकाई कोरबा के 45 सदस्यो द्वारा कोसा धागा निकालकर चार हजार से पांच हजार रूपए प्रति सदस्य प्रति माह आय प्राप्त की जा रही है। टसर कृमिपालन योजना प्रारम्भ होने से महिलाओं और किसानों को गांव में ही आय का जरिया मिल गया है और उन्हें गावं से बाहर नहीं जाना पड़ता। वह गांव टसर फार्म मे कोसा कृमिपालन कर आय अर्जित कर रहे हैं। कोसाफल उत्पादन के लिए साल में तीन फसलें ली जाती हैं। कोसाफल का उत्पादन साजा और अर्जुन पौधों पर होता है। पहली फसल का उत्पादन जून में बरसात लगने पर प्रारंभ हो जाता हैं। यह फसल 40 दिन में पूरी हो जाती है। इसी प्रकार माह अगस्त एवं सितम्बर में दूसरी और अक्टूबर में तीसरी फसल प्रारंभ की जाती है। कोसाफल को ककून बैंक कटघोरा द्वारा कोसा सहकारी समिति के माध्यम से खरीदा जाता हैं। धागाकरण समूहो द्वारा कोसा धागा निकाल कर रीलर्स-बुनकरो को विक्रय किया जाता हैं। बुनकरो द्वारा रेशम से कपड़ा बनाया जाता है।

# गुण्डाधूर सम्मान के लिए खिलाड़ियों से आवेदन आमंत्रित जमा करने की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर

- चयनित खिलाड़ियों को एक लाख रूपए नगद के साथ अलंकरण फलक एवं प्रशस्ति पत्र से किया जाएगा सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश में खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राज्य स्थापना दिवस के दिन 1 नवम्बर को गुण्डाधूर पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार के रूप में उन्हें एक लाख रूपए नगद, अलंकरण फलक एवं प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा सर्वोच्च खिलाड़ियों से गुण्डाधूर सम्मान 2021-22 के लिए अनुशंसाए आमंत्रित की गई है। अनुशंसाए जमा करने की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर 2021 निर्धारित है। इच्छुक खिलाड़ी अपना आवेदन खेल एवं युवा कल्याण, सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम, जी.ई. रोड, रायपुर अथवा खेल एवं युवा कल्याण के जिला कार्यालयों में निर्धारित तिथि में कार्यालयीन दिवस एवं समय पर प्रस्तुत कर सकते हैं।

खेल एवं युवा कल्याण संचालनालय से मिली जानकारी के अनुसार गुण्डापुर सम्मान ऐसे पात्र खिलाड़ियों को दिए जाएंगे, जिन्होंने वर्ष 2019-20 में ऐसे खेल जिन्हें भारत सरकार युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय स्तर के खेल अलंकरण हेतु विचार क्षेत्र में लिया जाता है। ऐसे सीनियर वर्ग की राष्ट्रीय चैम्पियनशिप या राष्ट्रीय खेलों में छत्तीसगढ़ की ओर से भाग लेते हुए स्वर्ण, रजत या कांस्य पदक प्राप्त किया हो या अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व किया हो। इस सम्मान के लिये उन खिलाडियों की उपलब्धियों पर विचार किया जाएगा जो छत्तीसगढ़ का स्थानीय निवासी है या उपलब्धि एवं पुरस्कार वर्ष में छत्तीसगढ़ राज्य की किसी मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्था में नियमित अध्ययनरत है या उपलब्धि वर्ष एवं पुरस्कार वर्ष में छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय, अर्द्धशासकीय अथवा सार्वजनिक उपक्रम में निरंतर कार्यरत है। सम्मान हेतु वर्ष की गणना 01 अप्रैल से 31 मार्च तक होगी। यह सम्मान विभाग के अन्य खेल पुरस्कारों के अलावा होगा जो खिलाड़ी को उसकी उपलब्धि के लिये दिया गया है, लेकिन महाराजा प्रवीर चंद भंजदेव सम्मान से अलंकृत खिलाड़ी इस सम्मान को प्राप्त करने के लिए पात्र नहीं होंगे।

# अन्तागढ़ को जिला बनाने धरना स्थल में 36वें दिन पहुंचे अधिकारी, बातचीत विफल, धरना जारी

## अन्तागढ़ को जिला का दर्जा नहीं दिया जाएगा तो आगामी विधानसभा चुनाव का होगा बहिष्कार : आदिवासी समाज







■ बरसते पानी के बीच भीगते हुए अधिकारी को कर रहे थे इंतजार

पायनियर संवाददाता < अंतागढ़
www.dailypioneer.com

अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के 36वां दिन प्रशासन के अधिकारी एडिशनल कलेक्टर और एडिशनल एसपी आंदोलनकारियों से बातचीत करने पहुँचे थे। बता दें कि आंदोलन के 36 वा दिन ग्राम पंचायत कड़ाईखोदरा सहित दो गांव जैताल पेवारी के ग्रामीण अंतागढ़ जिला के समर्थन में अंतागढ़ पहुंचे थे जिनमें से अधिकांश ग्रामीण 8 से 9 किलोमीटर की दूरी पैदल तय कर आए थे अंतागढ़ उप मंडी से धरना स्थल तक रैली निकाल पहुंचे जिसके बाद सभा का आयोजन कर सैकड़ों की संख्या में आंदोलनकारियों ने रैली करते हुए,अन्तागढ़ जनपद परिषर में बातचीत का समय दिया गया था। जब आंदोलनकारी बरसते पानी मे भीगते हुए जनपद पहुँचे थे। वहाँ बातचीत के लिये अधिकारी नही पहुँचे तो आंदोलनकारियो जिला तो हम लेके रहेंगे,अन्तागढ़ को जिला बनाना होगा,शासन प्रशासन होश में आओ के नारों के साथ बरसते पानी मे अधिकारी नही पहुँचे तो जनपद से नाराज होकर वापस धरना स्थल में आ गए। कुछ देर बाद फिर अधिकारी धरना स्थल में पहुँचे तो बातचीत किया गया,लेकिन बातचीत विफल रहा। आंदोलनकारियों का एक ही बात कहना था कि अब हमें आश्वाशन नही चाहिए हमें अन्तागढ़ को जिला की घोषणा चाहिए।

क्षेत्रवासीयो का जिला की मांग आज या कल की नहीं है,ये हमारा पुराना मांग है, और अन्तागढ़ हर बार छ्लता आया है। आन्दोलनाकरियों ने अधिकारियों को दो डूक शब्दो मे जवाब दे दिए कि अन्तागढ़ को जिला बना दीजिये नही तो आंदोलन जारी रहेगा। और ये आंदोलन अब उग्र होगा। आज जिला की मांग को लेकर क्षेत्रवाशियो के हर एक एक नागरिक का आंदोलन बन चुका है। आदिवासी समाज ने अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों कह दिया कि अगर अन्तागढ़ को सरकार जिला बनाने तत्काल पहल नहीं करेगी तो आगामी चुनावों का बहिष्कार होगा। आदिवासी नेताओं ने कहा कि क्षेत्र का विकास के लिये आमाबेड़ा, कोयलीबेड़ा, कोलर सहित क्षेत्र का बेहतर विकास होगा और आसानी से जिला मुख्यालय से लोग जुड़ेंगे।

# कल्याणी सेवा समिति ने कन्या शाला में मोटिवेशनल यानी अभिप्रेरणा कार्यक्रम किया

पायनियर संवाददाता < बचेली
www.dailypioneer.com





लौह नगरी बचेली के कन्या हाई स्कूल के हाल में कल्याणी सेवा समिति और पार्षद फिरोज नवाब के साथ मिल कर समिति सदस्यों द्वारा किशोरावस्था में कदम रखती हुई छात्राओं जो कि 9वीं से 12वीं क्लास में अध्ययन कर रही उन सभी लोगों के लिए मोटीवेशनल यानी अभिप्रेरणा कार्यक्रम रखा गया यह कार्यक्रम बचेली क्षेत्र में कभी भी नहीं हुआ था इसलिए सबसे पहले इसकी रूपरेखा समिति के सदस्यों ने आपसी राय मशविरा के साथ यह निर्णय हुआ कि सबसे पहले यह कार्यक्रम कन्या शाला बचेली में किया जाए

फिर इसकी जानकारी प्राचार्य मीनू दयाल देकर उनसे सहमति लेकर ये अभिप्रेरित कार्यक्रम रखा गया. पायोनियर संवाददाता किरण भदौरिया समिति के सदस्यों ने बारी बारी से छात्राओं के साथ अपने बात को अपने अंदाज में अपने वक्तव्य को बताया और उसके बाद बच्चो ने भी खुल कर अपनी बातों को शेयर करना शुरू किया और एक बेहतरीन माहौल बन गया था संस्था की संस्थापक अपर्णा बिस्वास ने भी बच्चों का हौसला बढ़ाया और बच्चो के हरसम्भव मदद के लिए

सदैव ततपर की बात कही अपना और समिति के अन्य कुछ सदस्यों का नम्बर दिया उसके बाद एनएमडीसी में कार्यरत पी एल कलिहारी ने भी बेहतरीन अंदाज में प्रोत्साहित किया और स्पष्ट रुप से बच्चो का बताया कि ऐसा कोई भी समस्या नही है जिसका समाधान नही है इसलिए समस्या आने पे धैर्य के साथ सामना करना है इस तरह के बातों से छात्रओं का हौसला बढ़ाया गया और अंत मे समाजसेवी फिरोज नवाब भी अपने विचार व्यक्त किये और बच्चों के साथ एक मिलनसार वक्ता के रुप बात को रखा और हरसम्भव मदद का आश्वासन भी दिया अंत मे सभी छात्राओं को संस्था के द्वारा पेन वितरीत किया गया और इस कार्यक्रम में संस्था की अध्यक्ष रिमो नरेंद्र सोनी , अपर्णा बिस्वास, दुर्गा सरकार, गंगा राय,मिनी,और दुर्गा के साथ पी एल कलिहारी,फिरोज नवाब शामिल हुए।

### नशे में कुल्हाड़ी मारकर की पत्नी की हत्या, फिर लगा ली फांसी



**भानुप्रतापपुर/कांकेर।** शराब के नशे में पहले पति ने अपनी प ी को कुल्हाड़ी से मारकर मौत के घाट उतार दिया. फिर घर से दूर जाकर पेड़ में फंदा लगाकर झूल गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस कार्रवाई में जुटी है।मामला भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कच्चे पुलिस चौकी के ग्राम तमोड़ा का है, जहां धरम सिंह ने शराब के नशे में अपनी प ी चैता बाई की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी, फिर घर से दूर एक पेड़ पर जाकर आत्महत्या कर ली। सुबह पुत्र दुर्जन सिंह ने नींद खुलने के बाद परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद पिता के घर में नहीं मिलने पर उसकी तलाश की गई, जो गांव से बाहर एक पेड़ पर फांसी पर लटका हुआ मिला।

# किरन्दुल ब्लॉक कांग्रेस की बूथ सेक्टर व जोन कमेटी की बैठक



पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी तथा जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आज किरंदुल प्रभारी की उपस्थिति में बूथ, सेक्टर व जोन कमेटी की गठन से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया।जिसके बाद वार्ड क्रमांक 01 व 02 में पदाधिकारियों द्वारा दौरा कर बूथ व सेक्टर के लिए टीम का गठन किया गया।जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष मृणाल राय,प्रदेश संयुक्त सचिव राजेन्द्र राय,सांसद प्रतिनिधि राजू रेड्डी,महिला कांग्रेस अध्यक्ष सरिता रेड्डी, पार्षद गण,मनोनीत पार्षदगण,इंटक के पद अधिकारी गन /सभी मोर्चा/प्रकोष्ठ/विभाग के अध्यक्ष व सदस्य मौजूद थे।

### महिला एवं बाल विकास विभाग में पद पूर्ति 1 अक्टूबर तक दावा-आपत्ति आमंत्रित

**नारायणपुर।** महिला एवं बाल विकास परियोजना नारायणपुर के रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के पद पूर्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। प्राप्त आवेदन पर चयन प्रावधान अनुसार योग्यता क्रम के आधार पर मूल्यांकन समिति द्वारा परीक्षण उपरांत वरियता सूची जारी की गयी है। उक्त सूची का अवलोकन कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग, नगर पालिका, जनप पंचायत के सूचना पटल पर किया जा सकता है। वरियता सूची के संदर्भ में किसी अभ्यर्थी को किसी प्रकार की दावा-आपत्ति हो तो, वे 1 अक्टूबर तक सप्रामाण आवेदन कार्यालयीन समय में डाक पत्र या स्वयं उपस्थित होकर कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

# पिछड़ा वर्ग, महिला एवं युवाओं, बच्चों के मौलिक विकास ही कांग्रेस की प्रथम प्राथमिकता : हेमा देवांगन

■ बच्चों के विकास के लिए प्रतिबद्ध भूपेश बघेल सरकार

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



वर्तमान समय में भूपेश बघेल की सरकार ने पिछड़ा वर्ग के उत्थान के क्रम में दसियो कदम उठाए है जिससे प्रदेश में महिलाओं,युवाओं और बच्चो को उनका मौलिक हक मिल रहा है । एक ओर जहा सरकार ने पिछड़ा वर्ग के लिए 27प्र आरक्षण लागू किया जिसके परिणाम स्वरूप प्रदेश की पिछड़ी महिलाओं और बच्चों के भविष्य को नई दिशा मिली। दूसरी तरफ बच्चों के स्वास्थ को ले कर बेहतर कदम उठाए है पिछड़े समाज के मूलभूत उत्थान के लिए भी कांग्रेस सरकार ने कार्य किया है स्वामी आत्मानंद इग्लिश मीडियम स्कूल के माध्यम से गरीब पिछड़े समाज के बच्चों से लेकर सभी वर्ग के बच्चो की अच्छी शिक्षा के लिए बेहतर कदम उठाए। साथ ही स्कूलों में हॉस्टल सुविधा भी दिया जा रहा है प्रदेश की आम जनता को पिछडें पन से बाहर निकालने रोजगार के नए नए आयाम दिए।विशेष कर गोबर खरीदी योजना में 51लाख टन गोबर खरीदी कर एक नया अवसर रोजगार के नाम पे दिया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार के प्रयासों की नीतियों को स्पष्ट तौर पर समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और पिछड़ी महिलाओं और बच्चों को उनके आर्थिक और सामाजिक विकास की ओर जागरूक व सशक्त बनाना है, कांग्रेस पिछड़ा वर्ग की जिम्मेदारी मेरे लिए निष्ठा से कांग्रेस परिवार की और जनता की सेवा का एक अवसर है।

# सड़क दुर्घटना में मृत महिला के परिजन को विधायक अनूप नाग ने सौंपा एक लाख का चेक

■ ग्राम पंचायत टेमरूपानी के सरिता यादव का 23 जून को सड़क दुर्घटना में हो गई थी मौत

पायनियर संवाददाता < अंतागढ़
www.dailypioneer.com

सरिता यादव के मृत्यु के पश्चात विधायक अनूप नाग को यह दुखद सूचना प्राप्त हुई थी, उस दौरान विधायक ने स्व सरिता यादव के परिजन को शासन द्वारा उचित मदद देने का भरोसा दिया था । जिसके पश्चात आज विधायक अनूप नाग स्वयं टेमरूपानी पहुंचकर स्व सरिता यादव के निकटतम वारिस उनके पति कृष्ण यादव को उनके घर में 1 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि का चेक प्रदान किया । विधायक अनूप नाग ने इस दौरान स्व सरिता के परिजनों से कहा की कोई भी मदद या किसी भी प्रकार की सहायता मेरी बहन की कमी को पूरी नहीं कर सकते । परंतु यह छोटी सी मदद हमारी ओर से आपको समर्पित है और यदि भविष्य में किसी भी प्रकार की सहयोग की आवश्यकता हो तो मैं सदैव आपकी सेवा में समर्पित रहूंगा । इस चेक वितरण के दौरान विधायक अनूप नाग कर साथ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश चंदेल, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष दुर्गेश ठाकुर, जनपद पंचायत सदस्य कुबेर चुरपाल समेत परिवार के सदस्य एवं ग्रामीण जन मौजूद रहे ।

# नहीं रहे लोक साहित्य के विद्वान हरिहर वैष्णव

■ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गहरा शोक व्यक्त किया

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



बस्तर के साहित्यकार हरिहर वैष्णव के निधन पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गहरा शोक व्यक्त किया है । उन्होंने कहा कि यह साहित्य जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है । बता दें कि साहित्यकार हरिहर वैष्णव बस्तर के लोक साहित्य की समृद्ध विरासत को सहेजने का काम करते थे । वैष्णव बस्तर के लोक साहित्यकार थे, उन्होंने जनजातियों में प्रचलित कहानियों, गीतों को लिपिबद्ध किया । हिंदी के साथ ही बस्तर की स्थानीय बोलियों, हल्बी, भतरी में भी उन्होंने साहित्य का सृजन किया । सीएम बघेल ने कहा कि उन्होंने कहा कि यह साहित्य जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है । उन्होंने बस्तर के लोक साहित्य की समृद्ध विरासत को सहेजने में अपना जीवन समर्पित कर दिया । मुख्यमंत्री ने ईश्वर से उनकी आत्मा की शान्ति और परिजनों को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है । लोक साहित्य जगत के विद्वान हरिहर वैष्णव का 22 सितंबर की रात 2.45 बजे लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया है। स्वर्गीय हरिहर 11वैष्णव लोक साहित्य के विद्वान माने जाते थे। हरिहर वैष्णव ने लोक साहित्य पर खूब अध्ययन किया और पीढ़ियों को जानकारी देने के लिए दर्जनों किताबे भी लिखी। हरिहर वैष्णव की विद्वता की धाक ऐसी थी, कि देश विदेश से बस्तर की संस्कृति को देखने और समझने आने वाले पर्यटकों का बस्तर दर्शन भी वैष्णव जी से मुलाकात किये बगैर अधूरा ही रहता था। हरिहर वैष्णव बस्तर के विख्यात साहित्यकार स्वर्गीय लाला जगदलपुरी को अपना गुरु मानते थे। हरिहर वैष्णव के निधन के से कोंडागांव सहित समूचे बस्तर में शोक की लहर है। आज गुरुवार को हरिहर वैष्णव के गृहनगर कोंडागांव में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# जिले में लागू धारा 144 में आंशिक संशोधन

■ सार्वजनिक कार्यक्रमों में अब 150 व्यक्ति हो सकेंगें शामिल


पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 अंतर्गत धारा 144, आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 30, 34 सहपठित एपिडेमिक एक्ट, 1897 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला नारायणपुर में लागू प्रतिबंधों-सीमाओं में छूट प्रदाय करते हुए विवाह, अंत्योष्टि, दशगात्र, मृत्यु इत्यादि संबंधी कार्यक्रम में शामिल होने वाले व्यक्तियों की अधिकतम संख्या 50 निर्धारित की गई थी। आंशिक संशोधन उपरांत अब विवाह कार्यक्रम वर अथवा वधू के निवास गृह में ही आयोजित करने एवं शामिल होने वाले व्यक्तियों तथा अंत्योष्टि, दशगात्र मृत्यु इत्यादि संबंधी कार्यक्रम में शामिल होने वाले व्यक्तियों की अधिकतम संख्या 150 निर्धारित की गई है।

## एनएमडीसी ने की सीयूटीएम के साथ कौशल विकास प्रशिक्षण अनुबंध

# कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत युवाओं को बना रहा आत्मनिर्भर

पायनियर संवाददाता < बचेली
www.dailypioneer.com




एनएमडीसी ने स्वास्थ्य क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करने के उद्देश्य से बस्तर क्षेत्र के आदिवासी युवाओं को प्रशिक्षित करने के लिए सेंचुरियन यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट (सीयूटीएम), ओडिशा के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते का उद्देश्य बस्तर संभाग के सामाजिक और आर्थिक रूप से वंचित बीपीएल ट्राइबल श्रेणि के 30 युवाओं को छः महीने की अवधि के लिए और 30 युवाओं को एक वर्ष की अवधि के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करना है। इस समझौते के तहत दंतेवाड़ा जिले के युवाओं को विशेष रूप से प्राथमिकता दी जाएगी । इस सर्टिफिकेशन कोर्स के लिए दंतेवाड़ा के विभिन्न गांवों के अभ्यर्थियों की योग्यता के अनुसार कुल 60 अभ्यर्थियों को सीयूटीएम, भुवनेश्वर भेजा जाएगा। सीयूटीएम पाठ्यक्रमों के पूरा होने के बाद, सीयूटीएम मेडिकल लैब तकनीशियन, रेडियोग्राफी तकनीशियन, आपातकालीन तकनीशियन, आपातकालीन चिकित्सक स्वास्थ देखभाल आदि क्षेत्रों में न्यूनतम 70प्र प्रशिक्षुओं का प्लेसमेंट सुनिश्चित करेगा। प्रशिक्षण के उपरांत प्रशिक्षित युवक, युवतियाँ अगर चाहें तो अपने स्तर से भी नौकरी प्राप्त कर सकते हैं। इस योजना के तहत सीयूटीएम 6 महीने और 12 महीने की अवधि के कौशल विकास के प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए प्रशिक्षुओं को चिन्हित कर कौशल विकास कार्यक्रम शुरू करेगा। एनएमडीसी परियोजनाओं के आस-पास के गावों के आदिवासी उम्मीदवारों को वरीयता देते हुए एक मापदंड निर्धारित करके मिट्टी के पुत्र अवधारणा के सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए बीपीएल श्रेणी के उम्मीदवारों को प्रथम वरीयता देगी। इस व्यावसायिक शिक्षा में मूल रूप से व्यावहारिक पाठ्यक्रम शामिल हैं, जिसके माध्यम से प्रशिक्षा भविष्य में अपने कैरियर से सीधे जुड़े हुए कौशल और अनुभव प्राप्त कर सकेंगे । यह योजना छात्रों को अपने क्षेत्र में अधिक कुशल बनने में मदद करेगी और बदले में बेहतर रोजगार के अवसर प्रदान करेगी । यह प्रशिक्षण युवाओं को रो?गार के अवसर प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा जो की निश्चित रूप से स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में रोजगार के विभिन्न रास्ते खोलकर इस क्षेत्र में रोजगार परिदृश्य को बदलने में मदद करेगा।

SHRI BALAJI INTITUTE OF NURSING, MOWA, RAIPUR (C.G.)

APPOINTMENT

Approved by Regulatory council under temporary Affiliation College to
Pt. Deendayal Upadhyay Memorial Health Sciences & Ayush University of Chhattisgarh, Raipur

| S.No. | Name of the post | No. of Post | Qualification and Experience as per INC Norms |
|---|---|---|---|
| 01. | Vice Principal Cum Professor | 01 | 12 Year Experience with M.Sc (N) out of which 10 Year should be teaching experience with minimum of 5 year in collegiate programme Ph.D (N) is desirable. |
| 02. | Professor | 02 | 10 Year Experience with M.Sc (N) out of which 07 Year should be teaching experience |
| 03. | Associate Professor/Reader | 05 | M.Sc. (N) With 8 Year experience including 5 years teaching experience Ph.D (N) desirable. |
| 04. | Assistant Prof./ Lecturer | 10 | M.Sc.(N) with 3 Years teaching experience Ph.D (N) desirable |

**Other terms & conditions :-** 1. Teaching Experience : As per Council Norms. 2. Pay Scale : As per UGC Pay Scale/ State Govt/ Pay Scale. 3. Reservation : As per State Government Norms

**Selection Criteria :-**
Selection will decide on Merit . Merit list will be prepared on the basis of academic marks, Educational qualification ,interview, experience and Academic Contribution of candidate in various field like-
* Number of paper publication in Various national/ international journals * Paper presentation in conference. * Total No. of Conference Attended.

**Last date of receipt of application :-** within 15 Days from the date of publication of advertisement.

# अस्पतालों को और अधिक समुदाय उन्मुखी बनाने पर जोर, जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



जिला मुख्य एवं चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में अस्पतालों को और अधिक समुदाय उन्मुखी बनाने पर जोर दिया गया। जिला मुख्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ खेमराज सोनवानी ने सभी उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देतें हुए कहा की जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को त्वरित एवं और अधिक समुदाय उन्मुखी बनाने हेतु अस्पतालों में स्टाफ का आम जनता के साथ व्यवहार सकारात्मक एवं सद्भावना पूर्ण रहना चाहिए। कर्तव्य निर्वहन के दौरान अस्पतालों में सभी स्टाफ अपने यूनिफॉर्म अवश्य पहने किसी भी प्रकार से अस्पताल में आने वाले मरीज एवं उस के परिजन को इलाज हेतु परेशान ना होना पड़े यह सुनिश्चित करना हम सभी स्वास्थ्य विभाग की कर्मचारियों की है। इस बैठक में राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा के साथ ही अतिरिक्त कैसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं जिला अस्पताल में प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सुविधा को और अधिक संवेदनशील सरल तथा सुलभ बनाया जाए इस पर काफी विस्तृत चर्चा की गयी सीएमएचओ ने निर्देश दिए कि, ओपीडी के समय सभी स्टाफ समय का विशेष ध्यान रखते हुए उपस्थित रहें। विशेषकर डॉक्टर यह सुनिश्चित करें की ओपीडी के समय वह नियत स्थान पर रहें साथ ही वह देखे हुए मरीजों का रिकॉर्ड भली-भांति संधारित करें। अन्य चिकित्सा स्टाफ इस बात का विशेष ध्यान रखें कि, मरीज को चिकित्सा संस्था में किसी कार्य के लिए भटकना न पड़े। इस हेतु हेल्प डेस्क को और अधिक समुदाय उन्मुखी बनाया जाए आवश्यकता हो तो हेल्प डेस्क में कार्य कर रहे व्यक्ति को पुनः प्रशिक्षित किया जावे।संस्था में मरीज एवं उसके परिजनो की मदद हेतु विभिन्न प्रकार के पोस्टर, स्टीकर , बोर्ड सूचना पटल इत्यादि लगाए जाएं। उन्हें सुलभ एवं आसानी से सभी जानकारियां मुहैया कराएं जाए।आकस्मिक उपचार के लिए आए हुए मरीज को भली-भांति चिकित्सा स्टाफ अटेंड करें एवं जब आवश्यक हो तभी उच्च संस्था में रेफर करें,रेफर करने हेतु निर्धारित प्रारूप में दिए रेफरल पत्र का ही उपयोग करें साथ ही मरीज के परिजन को वस्तुस्थिति से अवगत भी करवा देवे। उन्होंने आगें कहा विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक समय-समय पर स्टोर तथा अस्पताल के वार्ड का विजिट करें एवं उसमें किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर ठीक करें, दवाइयों का स्टॉक पर्याप्त होना चाहिए। आवश्यक सामग्री की खरीद हेतु प्रत्येक विकासखंड में एक क्रय समिति अवश्य होनी चाहिए जिसमें खंड चिकित्सा अधिकारी , विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक, चिकित्सा अधिकारी,लेखा प्रबंधक अनिवार्य रूप से सम्मिलित होने चाहिए। प्रत्येक ब्लॉक में प्रतिदिन अस्पतालों में बेड की उपलब्धता कार्यकाल नियमित रूप से अपडेट रखा जाए साथ ही समय समय पर खंड चिकित्सा अधिकारी विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए उसकी प्रोग्रेस रिपोर्ट की स्थिति का जायजा लेते रहें। कोविड टीकाकरण में लक्ष्य की पूर्ति हेतु आवश्यक साइट एवं प्रचार-प्रसार किया जाए। इस बैठक में सिविल सर्जन डॉ राजेश कुमार अवस्थी जिला कार्यक्रम प्रबंधक सृष्टि मिश्रा के अतिरिक्त सभी बीएमओ पलारी डॉ एफ आर निराला ,भाटापारा डॉ राजेंद्र माहेश्वरी ,सिमगा डॉ पारस पटेल , बलौदाबाजार डॉ राकेश कुमार प्रेमी , बीएमओ डॉ अंजन सिंह चौहान, बिलाईगढ़ डॉ राजेश प्रधान सहित समस्त विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक एवं राष्ट्रीय कार्यक्रम के जिला सलाहकार और जिला समन्वयक उपस्थित रहे।

# शाकंभरी बोर्ड के अध्यक्ष ने की उद्यान विभाग के कार्यों की समीक्षा



पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

शाकंभरी बोर्ड के अध्यक्ष रामकुमार पटेल ने की उद्यान विभाग के कार्यो की समीक्षा किए। इस दौरान शाकंभरी बोर्ड के चार अन्य सदस्य पवन पटेल, अनुराग पटेल,दुखुवा पटेल और हरीलाल पटेल भी उपस्थित रहें। बैठक में विभाग के सहायक संचालक,सभी उद्यान अधीक्षक एवं ग्रा.उ.वि. अधिकारी मौजूद थे। पटेल ने कहा कि सभी योजानाओं का पूर्ण क्रियान्वयन करने एवं राशि को नियमानुसार व्यय कर किसानों को अधिक से अधिक लाभांवित करने की निर्देश दिये गये। साथ ही वर्तमान में संचालित योजनाओं को प्रचार प्रसार करते हुए किसानों की सूची बनाकर अतिरिक्त लक्ष्य प्राप्ति हेतु विभागीय अधिकारियों को मांग पत्र भेजने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना में अब उद्यानिकी फसलों को भी शामिल कर दिया गया है। इसका भी विस्तृत प्रचार कर किसानों को लाभांवित करनें के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए है। साथ ही धान लगाने वाले कृषकों कों समझाईश देकर सब्जी और फलदार पौधों कों लगानें हेतु प्रोत्साहित करने कहा ताकि इस योजना का अधिक से अधिक लाभ लेकर अपनें आय को बढ़ा सकें। उन्होंने कहा कि काम के सिलसिले में अन्य राज्य की तरफ जानें वाले किसानों को पहचान कर उनकों सब्जी की खेती हेतु योजनानुसार लाभ देने एवं ग्रामों में खाली पड़ी शासकीय भूमि कों सरपंच एवं ग्रामसभा के माध्यम से ग्राम के महिला अथवा पुरूष समूह के सब्जी की खेती हेतु प्रदान करनें के निर्देश दिए है। साथ ही डी.एम.एफ की मदद से कृषकों को उन्नत औजार प्रदान करनें,खनन प्रभावित क्षेत्रों में ड्रिप प्रतिस्थापन कराने हेतु प्रस्ताव स्वीकृति कलेक्टर को देनें निर्देशित किया गया है। ताकि खनन प्रभावी क्षेत्रों के कृषक ड्रिप के माध्यम से कम पानी में अधिक रकबे में सिंचाई कर सके एवं उनकी मजदूरी की राशि की भी बचत हो सके और अधिक लाभ ले सकें। जिले में कोल्डस्टोरेज की संभावना को तलाशने एवं सब्जी के रखने हेतु एक कोल्डस्टोरेज के लिए हितग्राही चयन करने का भी निर्देश दिया गया है। इस बैठक के दौरान सहायक संचालक आर एस वर्मा समेत सभी विभागीय अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# सीमेंट ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन संयुक्त परिवहन संघ के हड़ताल को समर्थन देने पहुंचे राकेश वर्मा

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

श्री सीमेंट सयंत्र से नाराज होकर सी सी टी ए के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सयंत्र के मुख्य द्वार के समक्ष धरना प्रदर्शन करते प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। इसी बीच परिवहनकर्ताओं की जायज माँगों का समर्थन करने के लिए जिलापंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा ने अपने कार्यकर्ताओ के साथ धरनास्थल पर पहुंचे तथा उनके द्वारा सम्बोधन में कहा गया कि वह हमेशा स्थानीय छत्तीसगढ़िया लोगों के साथ है और जब तक माँग पूरी नही हो जाती तब तक उनके साथ कंधे से कंधा मिला कर चलेंगे और भविष्य मे भी यदि कोई आवश्यकता होती है तो सदैव तत्पर है। वर्मा के उदबोधन ने आंदोलनरत परिवहन संघ के पदाधिकारियों में उर्जा का संचार किया। आंदोलन के आक्रमक स्थिती को भांपते हुए जिला एवं पुलिस प्रशासन ने ततपरता दिखाते हुए सयंत्र प्रबंधन एवं ट्रांसपोर्ट यूनियन के बीच मध्यस्थता कर मामले को शांत कराया तथा सयंत्र प्रबंधन की ओर यह आश्वस्त किया गया कि जब तक दोनों पक्षों के बीच कोई समझौता नहीं हो जाता तब तक किसी भी सयंत्र से किसी भी प्रकार का परिवहन पूरी तरह से बंद रहेगा। सयंत्र प्रबंधन की ओर से मौजूद अधिकारी ने भी इस बात की पुष्टि करते हुए हड़ताल जारी रहने तक परिवहन नहीं करने की बात कही।

कोर कमेटी के चेयरमेन अचलजीत भाटिया ने उपस्थित परिवहनकर्ताओं को संबोधित कर कहा गया कि सयंत्र प्रबंधन की ओर से जिला प्रशासन की मौजूदगी में यह आश्वासन मिला है कि परिवहनकार्य पूरी तरह से बंद है जो कि बिना किसी निर्णय के चालू नही करेंगे। इसलिए सभी लोग शान्ति प्रिय ढंग से आंदोलन जारी रखेंगे किसी भी मार्ग पर आवागमन को बाधित नही करेंगे। बस्तर कोरा पुट संघ के अध्यक्ष एवंकोर कमेटी के सदस्य सुखदेवसिंहसिद्धू' ने भी परिववहनकर्ताओ को संबोधित किया और कहा कि हम छत्तीसग? के लोगों का अब और कोई इंतहा न ले क्योंकि हम अपनी पेट रोजीरोटी के लिये अपनी जायज माँग को लेकर यह लड़ाई लड़ रहे हैं और यदि हमारे बीच कोई भी हमें अनदेखी कर परिवहनकार्य चालु करने अथवा करवाने का प्रयास करने की भूल न करें अन्यथा वह दबा कुचला जायेगा।

# नगर पालिका मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नही करा पा रहा है नागरिकों को

पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com



शहर में लगातार नगर पालिका द्वारा की जा रही अनियमितता के चलते जगह जगह परेशानियों का माहौल बना हुआ है। कांग्रेस शासित प्रदेश की सबसे बड़ी नगर पालिका भाटापारा में शहर के आम नागरिकों को मूलभूत सविधा उपलब्ध नहीं करा पा रहा है, आम लोगो को भटकना पड़ रहा है नगर पालिका में कोई जवाबदार व्यक्ति नही है सफाई पूरी तरह चौपट है सफ़ाई कर्मचारियों को लगभग 03 माह होने को है वेतन नही दिया गया है जिससे वे सभी पिछ्ले कुछ दिनों से काम बंद कर धरने पर है। पूरे शहर में गंदगी फैली है शहर की नालिया बजबजा रही है, चौक चौराहो में गंदगी पसरी पड़ी है, शहर की स्ट्रीट लाइट बन्द पड़ी है। भाजपा के शासन काल मे श्रधांजलि योजना अंतर्गत मृतक के परिवार को तत्काल 2000 की राशि तुरंत उपलब्ध कराया जाता था आज 03 माह से राशि के लिए परिजन भटक रहे है इन सभी समस्याओं को लेकर कुम्भकर्णी नींद में सोई कांग्रेस शाशित नगर पालिका के जनप्रतिनिधियों को जगाने पूर्व जिलाध्यक्ष भाजयुमो अश्वनी शर्मा, जिलाध्यक्ष भाजयुमो सुनील यदु के नेतृत्व में भाजपा पार्षद दल और भाजमुयो भाटापारा द्वारा नगर पालिका का घेराव किया गया।

**जनता त्रस्त, अधिकारी एवं कांग्रेस जनप्रतिनिधि मस्त :** भाजपा का कहना है कि लगातार भाटापारा नगर पालिका के पास शिकायत की है. बावजूद इसके किसी तरह की कोई सुनवाई नहीं हो रही. शहर की जनता पूरी तरह नगर पालिका प्रशासन के रवैया से त्रस्त हो चुका है, वहीं भ्रष्टाचार के मामले भी लगातार बढ़ रहे हैं. लेकिन किसी तरह की कार्रवाई ना होने से जनता हताश है. उक्त कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष मंनिदर सिंह गुम्बर, महामंत्री योगेश अंनत, गोपाल देवांगन, नेता प्रतिपक्ष व्यास यदु, पार्षद पुरुषोत्तम यदु, वि.प्रतिनिधि आशिष जायसवाल, महाबल बघेल, सुरेश मिश्रा, आशिष पुरोहित, दिलीप यादव, मुकेश सोनी, अनिल चेलक, खगेंद्र यादव, गोवर्धन डहरिया, राजेश छाबड़यिा, देवेन्द्र साहू, लुकु साव, लखन साहू, नंदकिशोर अग्रवाल, सुखदेव यदु, सलीम खान, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष आशिष टोडर, नंदकिशोर वैष्णव, अजित निषाद,सतीस सोनी,पवन वर्मा, अविनाश शर्मा, नीरा साहू, गीता साहू, आयशा खाना, सुरेन्द डागोर, पीयूष साहू, सागर, सूरज शर्मा, शिव साहू, राकेश मंधान, प्रकास दुलानी, उमा मंधान, उमाशंकर वर्मा, विजय यादव, अशोक साहू, चंद्रकला साय, राजा कामनानी, रवि पांडेय, बंशी यादव, बंटी टंडन, बृज जांगडे, श्याम लाल ध्रुव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता भाजयुमो कार्यकर्ता सहित नगर के अलग अलग वार्डो से लोग शामिल हुए।

# शिक्षक विनय रंजन का राष्ट्रीय बैडमिंटन में हुआ चयन दिल्ली हुए रवाना

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित बैडमिंटन स्पर्धा के लिए बलौदाबाजार भाटापारा जिले से ग्राम रसेडा मे पदस्थ शिक्षक विनय रंजन का चयन किया गया है । विनय रंजन बलौदाबाजार बैडमिंटन संध के सचिव भी है एवं बलौदाबाजार के स्टेडियम मे बच्चो को बैडमिटन खेलने का प्रशिक्षण भी देते है । विनय आज दिल्ली मे आयोजित राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए दिल्ली के रवाना हुए । दिल्ली मे यह प्रतिस्पर्धा दिनांक 24 से 30 तक आयोजित है जो कि त्यागराज स्टेडियम मे खेला जायेगा जहां विनय अपना बेहतर खेल का प्रदर्शन करेगे । विनय रंजन का चयन राज्य स्तरीय प्रतिस्पर्धा के बाद राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ है जो कि रायपुर मे 15 व 16 सितंबर को खेला गया था। वर्तमान मे विनय बलौदाबाजार विकासखंड के ग्राम रसेडा के स्कुल मे सहायक शिक्षक के रूप में पदस्थ है । उनके इस चयन पर बलौदाबाजार जिला शिक्षा अधिकारी सी आर धुव, स्कुल स्टाफ के साथ सुधीर अग्रवाल, डा के के साहू, डा महेश केशरवानी सहित उनके शिष्यों के साथ मित्रों ने बधाई दी है ।

# युद्धवीर सिंह के अंतिम संस्कार में पहुंचे विधायक शिवरतन शर्मा

पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ ब्रेवरेज कार्पोरेशन के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व संसदीय सचिव युद्धवीर सिंह जूदेव के निधन पश्चात उनका अंतिम संस्कार 22 सितंबर को किया गया। स्व.युद्धवीर सिंह जूदेव उर्फ छोटू बाबा के अंतिम यात्रा में छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों सहित देश के अन्य राज्यों से भी लोग शामिल हुए। ज्ञात हो की जशपुर राज परिवार में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व.कुमार दिलीप सिंह जूदेव के छोटे पुत्र युद्धवीर सिंह जूदेव का निधन रविवार व सोमवार की दरमियानी रात्रि 4 बजे बैंगलुरु में लीवर संक्रमण के उपचार के दौरान हुआ है। निधन पश्चात स्व.छोटू बाबा का पार्थिव शरीर मंगलवार को सुबह 11 बजे जशपुर पहुंचा। जिसके पश्चात बुधवार को सुबह 11 बजे पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए विजय विहार पैलेस से मुक्तिधाम ले जाया गया। युद्धवीर सिंह की अंतिम यात्रा में उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा भी भाटापारा से जशपुर पहुचे। शर्मा ने जुदेव के अंतिम दर्शन कर श्रधांजलि देते हुए कहा कि प्रखर हिंदूवादी नेता, युवाओ के दिलो पर राज करने वाले, भारतीय संस्कृति के ध्वजवाहक, जूदेव राज परिवार के चिराग छोटू बाबा युद्धवीर सिंह जूदेव जी के अंतिम यात्रा में शामिल होना मेरे लिये अत्यंत पीड़ादायक पल रहा। स्व.श्री युद्धवीर सिंह जूदेव जी का अल्पायु में जाना छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी के साथ जशपुर क्षेत्र के लिए अपूर्णीय क्षति है। दबंग व्यक्तित्व और गरीबों की सेवा के लिए हमेशा युद्धवीर सिंह याद आयेंगे।

# खेल कूद मे छात्रों ने किया विद्यालय का नाम रोशन



पायनियर संवाददाता खरोरा
www.dailypioneer.com

भरत देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा के छात्र छात्राओं ने प्राचार्य रजनी मिंज व पी टी आई योगेंद्र त्रिपाठी के नेतृत्व में खेलकूद प्रतियोगिता में संभाग व राज्यस्तर पर विद्यालय का नाम रोशन किया द्य संभाग स्तर पर पावर लिफ्टिंग में लिशु वर्मा वेट लिफ्टिंग में अलीन मसीह,पलक चंद्राकर, आस्था शर्मा लागोरी गेम में स्टेट स्तर पर प्रिया निर्मलकर, नीरज तिवारी लागोरी में संभाग स्तर पर हेमराज सेन , यामिनी देवांगन, ग्रसिका नवरंगे साइकिलिंग में स्टेट स्तर पर देव देवांगन, जॉनी डहरिया, ठाकुर राम,अनीश आर्म रेसलिंग में स्टेट स्तर पर धनंजय गायत्री यादव,दामिनी धीवर, खुश्बू धिवत का राज्य स्तर पर तथा रुचि साहू,भूमिका साहू,इंद्रजीत ,डिगेश का संभाग स्तर पर चयन हुआ है।राज्य स्तर पर चेतन देवांगन का रस्साकशी तथा कबड्डी में,तैराकी में गणेश देवांगन ,हरीश ध्रुव ,प्रवीण वर्मा का संभाग स्तर पर चयन हुआ है। विद्यालय परिवार द्वारा इस उपलब्धि पर सभी सफल छात्र छात्राओं के राष्ट्रीय स्तर पर पहुँचने की कामना करते हुए बधाई दी गई।

# राशन वितरण में गड़बड़ी पर महिला समूह निलंबित

**बलौदाबाजार।** राशन वितरण में गड़बड़ी पाये जाने पर कसडोल विकासखण्ड के ग्राम रंगोरा में राशन दुकान संचालित करने वाली दुर्गा महिला स्व सहायता समूह को निलंबित कर दिया गया है। उनसे राशन वितरण का अधिकार वापस ले लिया गया है। ग्रामीणों और उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए समीप के ग्राम छतवन की आरती महिला स्व सहायता समूह को राशन दुकान चलाने का जिम्मा सौंपा गया है। राशन दुकान रंगोरा में पूर्व निर्धारित दुकान से ही संचालित होगा। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कसडोल ने खाद्य निरीक्षक की रिपोर्ट के आधार पर निलंबन की कार्रवाई की है। गौरतलब है कि जांच रिपोर्ट के अनुसार 13 लाख 19 हजार 733 रूपये मूल्य के खाद्यान्न की गड़बड़ी पायी गई है।

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, बलौदाबाजार (छ.ग.)

### // ई- प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना //

ऑनलाईन निविदाएं **प्रपत्र-ए** में प्रतिशत दर पर अनुबंध हेतु नीचे उल्लेखित कार्य के लिये छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में एकीकृत पंजयीन व्यवस्था प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा आमंत्रित की जाती है:-

**कार्य का विवरण :-** जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा के विकासखण्ड - **कसडोल, भाटापारा एवं सिमगा** के ग्रामों में **जल जीवन मिशन के** अंतर्गत **रेट्रोफिटिंग योजना** का कार्य।

| निविदा सूचना क्र. / दिनांक | सिस्टम क्र. | विकासखंड | ग्राम का नाम | अनुमानित लागत (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 56/18.09.21 | 83495 | कसडोल | थरगांव | 124.73 |
| 57/18.09.21 | 83496 | कसडोल | सुरखी | 94.33 |
| 58/18.09.21 | 83497 | भाटापारा | गुड़ाघाट | 113.24 |
| 59/18.09.21 | 83498 | सिमगा | कुथरौद | 131.79 |
| 60/18.09.21 | 83500 | सिमगा | मोहरा | 122.30 |

1. निविदा में भाग लेने हेतु प्रारंभ तिथि - 27.09.2021
2. निविदा में भाग लेने की अंतिम तिथि - 11.10.2021
3. भौतिक दस्तावेज कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि - 12.10.2021

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में देखे जा सकते हैं।

G- 63886/7

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड,**
**बलौदाबाजाार-भाटापारा (छ.ग.)**

**भाव अच्छे हैं ..!**

# मोटा और बारीक धान में मांग और आवक भरपूर

पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com



चावल और पोहा मिलों की भरपूर लिवाली से धान की सभी किस्मों को अच्छी कीमत मिल रही है द्य भाव में बढ़त के बाद बुधवार की आवक लगभग 22,000 हजार कट्टा की रही । गुरुवार को भी आवक ऐसी ही बताई गई। खरीफ फसलों में बालियां निकलने लगीं हैं। समय पर बारिश नहीं होने के बावजूद किसानों ने प्रबंधन में भरपूर मेहनत की। इस बीच गणेश पर्व में हुई बारिश से फसलों को नया जीवन मिला । अब शीघ्र पकने वाली प्रजाति के पौधों में बालियों का आना चालू हो चुका है तो, दीर्घ अवधि में तैयार होने वाली प्रजाति में लक्षण, अच्छे भविष्य का संकेत दे रहे हैं । लिहाजा किसानों ने तैयारी करना चालू कर दिया है द्य इससे कृषि उपज मंडी में बीते खरीफ और रबी की फसल आने लगी है।

**भरपूर मांग और भरपूर आवक :** दीपावली पर्व पर निकलने वाली मांग को ध्यान में रखते हुए चावल और पोहा मिलों ने धान की खरीदी, जिस मात्रा में करना चालू किया हुआ है, उसके बाद कृषि उपज मंडी में धान की सभी किस्मों की आवक किसानों ने बढ़ा दी है द्य बुधवार की आवक लगभग 22 हजार कट्टा की रही तो गुरुवार को यह आंकड़ा लगभग 23000 से 25000 कट्टा अनुमानित है ।

**भरपूर आवक से जाम :** जोरदार आवक के बाद मुख्य मार्ग और प्रागंण में पिछले दो दिन से जाम की स्थिति बनी हुई है । कृषि उपज लेकर आ रही गाड़ियों को देर शाम तक प्रवेश मिल रहा है । यह स्थिति इसलिए बन रही है क्योंकि प्रांगण के पिछले हिस्से में क्रांक्रिटीकरण का काम चालू हो चुका है । इस काम के पूरा होने में कम से कम ,एक सप्ताह का और समय लगना बताया जा रहा है ।

**विष्णु भोग अब भी मजबूत :** भरपूर मांग और आवक के बीच विष्णुभोग अब भी 3800 से 3900 रुपए क्विंटल पर मजबूती से जमा हुआ है । सियाराम में 2400 से 2500 सौ रुपए और एचएमटी में सौदे 2200 से 2300 सौ रुपए क्विंटल पर हो रहे हैं द्य पोहा मिलों की भरपूर मांग के बाद महामाया 14 सौ से 16 सौ रुपए क्विंटल पर पहुँच चुका हैं। सरना में हल्की तेजी देखी जा सकती हैं। इसमें बिकवाली 1450 से 1475 रुपया क्विंटल पर रही।

# अनुकंपा नियुक्ति पर रोक और नियुक्ति प्रकरण की जांच की मांग को लेकर कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

**बहु पर लगाये गंभीर आरोप**

पायनियर संवाददाता ᐸ बालोद
www.dailypioneer.com

अनुकंपा नियुक्ति पर रोक और नियुक्ति प्रकरण की जांच कराने को लेकर बालोद ब्लॉक के ग्राम पीपरछेड़ी निवासी मेघराज गंगराले पिता स्वर्गीय नरोत्तम सिंह गंगराले ने कलेक्टर के नाम पत्र प्रस्तुत किया है। दिवंगत भावेश कुमार गंगराले के माता-पिता और भाई-बहन न्याय की उम्मीद लेकर सोमवार को कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे थे। जहां कलेक्टर जनमेजय महोबे के दौरे पर होने के चलते उनकी मुलाकात नही हो पाई। कलेक्टर से मुलाकात के इंतजार में गंगराले परिवार घंटो कार्यालय में बैठे रहे पर मुलाकात नही हो पाई। शासकीय प्राथमिक शाला गोंडरी में सहायक शिक्षक के पद पर पदस्थ रहे दिवंगत भावेश कुमार गंगराले के परिवारजनों ने मामले में गंभीर आरोप लगाए है।

शासकीय प्राथमिक शाला गोंडरी में सहायक शिक्षक के पद पर पदस्थ भावेश कुमार गंगराले का अप्रैल माह में निधन हो गया था। जिसके बाद उनकी पत्नी भुनेश्वरी गंगराले द्वारा अनुकंपा नियुक्ति के लिए जून माह में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बालोद कार्यालय में आवेदन दिया गया। आवेदन पत्र के साथ आवश्यक दस्तावेज के रूप में दिवंगत की मां सुशीला बाई एवं पिता मेघराज गंगराले का सहमति पत्र प्रस्तुत किया गया।



### नियुक्ति को लुकाने छुपाने का खेल

मामले में प्रभारी डीईओ बसंत बाघ से बात की गई तो उन्होंने नियुक्ति नही होना बताया। जबकि आवेदक की भृत्य पद पर नियुक्ति होना बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक भुनेश्वरी गंगराले को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीपरछेड़ी में पदस्थ किया जा चुका है। जिसके बाद सवाल उठने लगे है कि जानकारी छुपाने के पीछे प्रभारी डीईओ का मकसद क्या रहा होगा।

### आवेदन के बाद झगड़ा लड़ाई करती थी बहु

परिवार के लोगो ने बताया कि भुनेश्वरी गंगराले द्वारा अनुकंपा नियुक्ति आवेदन पत्र जमा हो जाने के बाद घर में अक्सर झगड़ा-लड़ाई करती थी। अपने सास-ससुर को मारपीट करने पर भी आमादा हो जाती थी। भुनेश्वरी के द्वारा नियुक्ति के बाद अपने सास-ससुर को देख लेने की धमकी देने और नौकर-नौकरानी के जैसे से रखने की बात की जाती थी। जिसका आडियो रिकार्डिंग प्रमाण के तौर पर मौजूद है। उक्त घटना की पुलिस थाना बालोद में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

### डीईओ ने बताया दे रहे नियुक्ति

दिवंगत के माता पिता द्वारा जून माह में अपनी बहु भुनेश्वरी गंगराले की अनुकंपा नियुक्ति के लिए दिए गए सहमति एवं आवेदन को निरस्त करने की मांग बीईओ बालोद को शपथपत्र प्रस्तुत कर की गई। परिवार के लोगो ने आरोप लगाया है कि आपत्ति आवेदन के बाद भी बीईओ बालोद द्वारा भुनेश्वरी गंगराले को अनुकंपा नियुक्ति दी जा रही है। जिसकी जानकारी डीईओ बालोद के माध्यम से होना बताया जा रहा है। माता-पिता के द्वारा दी गई सहमति और आवेदन निरस्ती शपथपत्र मय आवेदन के बाद भी भुनेश्वरी गंगराले को नियुक्ति दिया जाना न्यायसंगत नहीं है।

### अधिकारी कर रहे गुमराह

दिवंगत भावेश कुमार गंगराले के परिवार के लोगो का कहना है कि पूरे मामले में शिक्षा विभाग के अफसरों ने हमेशा हमे गुमराह किया। अनुकंपा नियुक्ति के आवेदन से पहले माता-पिता की सहमति आवश्यक बताकर सहमति ली गई। अब जब सहमति वापस ली गई तो कहा जा रहा कि सहमति की कोई जरूरत नही। माता-पिता दिवंगत भावेश के आश्रित थे। ऐसे में उनके भरण पोषण की चिंता है।

### मृत्यु-दावा राशि के मामले में घेरे में विभाग का अमला

भुनेश्वरी गंगराले की अनुकंपा नियुक्ति के पहले बीईओ बालोद के बाबू कृष्णकांत उइके एवं भुनेश्वरी गंगराले द्वारा मृत्यु-दावा राशि मिलने के संबंध में अनुचित रूप से वार्तालाप की गई है। जिसकी आडियो रिकार्डिंग मौजूद है। आवेदन निरस्ती के आवेदन की कार्यवाही को लेकर बीईओ कर्मचारी द्वारा फोन के माध्यम से बुलाया तो जाता था, किंतु कार्यालय में कोई नहीं मिलता। इस तरह से दिवंगत के पिता मेघराज गंगराले को काफी परेशान किया गया है।

# ग्रामीण आबादी भूमि की सीमांकन करने स्वामित्व योजना शुरू

- पॉयलेट प्रोजेक्ट के तहत प्रदेश के कबीधाम जिले का चयन
- केन्द्र से दस सदस्यीय टीम पहुंची, राजस्व विभाग को जिला नोडल बनाए गए

पायनियर संवाददाता ᐸ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिले को भारत सरकार की स्वामित्व योजना के तहत पायलेट प्राजेक्ट के रूप में चयन किया गया है। इस योजना के तहत जिले के ग्रामीण आबादी क्षेत्र का सीमांकन शुरू हो गया है। इसके लिए केन्द्र से दस सदस्यीय टीम पहुंच गई है। सर्वे का कार्य अत्याधुनिक ड्रोन कैमरे से की जा रही है। कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा के निर्देश ग्रामीण आबादी के सर्वे के लिए राजस्व और पंचायत एवं ग्रामीण विकास की बनाई गई, जो केन्द्रीय टीम की मदद करेगी। स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन के लिए तहसीलदार, नयाब तहसीलदार, आरआई और पटवारियों और पंचायत की टीम की विशेष ड्यूटी भी लगाई गई है।

कलेक्ट रमेश कुमार शर्मा ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत ग्रामीण आबादी सर्वे के लिए प्रारंभिक स्तर पर जिले के कवर्धा और बोडला तहसील का प्रारंभिक चरण में चयन किया गया है। इसके लिए केन्द्र से टीम जिले में पहुंच गई हैं। अत्याधुनिक ड्रोन से ग्रामीण आबादी भूमि का सर्वे किया जा रहा है। टीम की मदद के लिए राजस्व विभाग के स्थानीय टीम की ड्युटी लगाई गई है। कवर्धा तहसील के 184 ग्राम और बोडला- रेगाखार तहसील के 257 ग्राम का ड्रोन सर्वे के माध्यम से नक्शा चिन्हांकन का कार्य किया जा रहा है। ड्रोन सर्वे के लिए सबसे पहले आबादी क्षेत्रों को चुना से चिन्हांकित किया जाता है, इसके बाद ड्रोन से सर्वे की जा रही है। कवर्धा तहसील के चार ग्राम भागूटोला, चिमागोंदी, मुडघुसरी एवं झलका का ड्रोन सर्वे किया गया है। ड्रोन सर्वे के बाद ग्रामीण आबादी भूमि का डिजिटल प्रारूप में नक्शा तैयार किया जाएगा। प्रारूप नक्शे के भू-खण्ड डाटा के साथ समग्र डाटा का उपयोग कर ई-अधिकार अभिलेख तैयार किया जाएगा।



भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी भूमि पर निवासरत व्यक्तियों को भूमि स्वामी हक प्रदान करने के लिए स्वामित्व योजना प्रारंभ की गई है। स्वामित्व योजना के तहत ड्रोन सर्वे के माध्यम से आबादी भूमि का संपत्ति कार्ड बनाने की योजना हे, जिसके माध्यम से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से ग्रामीणों और ग्राम पंचायत को अनेक फायदें होगे।

### ग्रावासियों को होने वाले लाभ

ग्रामीण संपत्तियों का अधिकार अभिलेख निर्माण होगा। प्रत्येक संपत्ति धारक को उसके संपत्ति का स्वामित्व प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। संपत्तियों पर बैंक से ऋण लेना आसान होगा। पारिवारिक संपत्तियों के विवाद में कमी आएगी।

### पंचायत हो होने वाले लाभ

संपत्ति शुल्क के रूप में पंचायत को स्थानीय आय का साधन मिलेगा। पंचायत स्तर पर ग्राम विकास की योजना बनाने में सुविधाए होगी। शासकीय एवं सार्वजनिक संपत्तियों की सुरक्षा एवं रखरखाव आसान होंगे। संपत्ति के नामांकरण एवं बंटवारा का प्रत्यक्ष अधिकार भी मिलेगा।

# एसडीओपी ने किया थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा का द्वितीय अर्धवार्षिक निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ᐸ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक बेमेतरा अरविन्द कुजुर एवं अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के निर्देशन पर एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा ने थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा का द्वतीय अर्धवार्षिक एवं किट निरीक्षण किया गया। एसडीओपी शर्मा द्वारा किट निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारी/ कर्मचारियों का मनोबल बढाये जाने के साथ ही कोरोना काल में बचाव के साथ कानून व सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखते हुए बेहतर पुलिसिंग के बारे में मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही निरीक्षण के दौरान पुलिस जवानो को हमेशा खुश रहने का टिप्स दिये व उनकी समस्याओं को सुनते हुए यथोचित निराकरण का आश्वासन दिया गया। तथा थाना की साफसफाई हेतु विशेष ध्यान रखने तथा लंबित अपराधो, मर्ग, गुम, शिकायत और लंबित वारंटो की निकाल करने, थाना में रिपोर्ट करने आये महिला आगंतुक / रिपोर्टकर्ता से संयमित व्यवहार करने एवं उनकी रिपोर्ट को गंभीरता पुर्वक लेते हुये तत्काल उचित कार्यवाही करने निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान थाना सिटी कोतवाली से उप. निरीक्षक ढाल सिंह साहू, उप. निरीक्षक सुरेश कश्यप, सउनि कंवल नेताम, सउनि राजेश ठाकुर, भगवान दास गंधर्व, दिनेश चंद शर्मा, संतोष ध्रुर्वे प्रधान आरक्षक देवनारायण तिवारी, सुरेश लारेन्द्र, खेमुराम वर्मा, महेन्द्र शर्मा, आरक्षक संदीप साहू, जितेन्द्र नेताम, जितेन्द्र वर्मा, धर्मेन्द्र साहू, भोलाराम मेरावी, राजेश भास्कर, रामाधीन ध्रुव, पुरूषोत्तम कुम्भकार, विजय दिवाकर, प्रदीप ठाकुर, महेन्द्र सोनवानी, खोमलाल निषाद, मोहित देवांगन, मुकेश सिंह, एश्वर्य सिन्हा, महिला आरक्षक रीना गायकवाड, सुशीला ध्रुव, प्रियंका शर्मा, प्रीति यादव एवं अन्य अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# बोड़ला ब्लॉक के 18 लोगों ने मोहम्मद अकबर के समक्ष किया कांग्रेस प्रवेश

- मंत्री मो. अकबर ने तिरंगा गमछा पहना किया स्वागत

पायनियर संवाददाता ᐸ कवर्धा
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के छत्तीसगढ़ में नेतृत्व और केबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर के कार्यों से प्रभावित होकर कवर्धा विधानसभा, विकासखंड बोड़ला, महाराजपुर क्षेत्र के 18 लोगों ने कांग्रेस प्रवेश किया।

बुधवार को मंत्री अकबर के शंकर नगर, रायपुर स्थित कार्यालय/निवास में ग्राम महराजपुर कवर्धा से आए लोगों ने कांग्रेस प्रवेश किया। इस अवसर पर मंत्री श्री अकबर ने कांग्रेस का तिरंगा गमछा पहनाकर पार्टी में प्रवेश कराया। सभी नव प्रवेशित लोगों को कांग्रेस पार्टी के साथ जुड़ने पर शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता के हित में कार्य करने के लिए सदैव तत्पर रहें। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ सरकार की जनहितैषी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा योजनाओं का लाभ दिलवाने के लिए काम करते रहें। जिला कांग्रेस महामंत्री मजीद खान (गब्बर), उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बोड़ला सनत जायसवाल के नेतृत्व में कांग्रेस प्रवेश करने वालों में भारत पटेल, नेतराम पटेल, पलटन पटेल, जितराम पटेल, नरेश पटेल, टेकराम पटेल, डुमर पटेल, जयसिंग पटेल, थनेश्वर पटेल, भुवन पटेल, झम्मन पटेल, मानसिंग पटेल, ईश्वरी पटेल, शिवकुमार, बेनुराम पटेल, बिहारी जायसवाल, संतोषी पटेल एवं देवनाथ पटेल शामिल थे। कांग्रेस प्रवेश करवाने में सक्रिय भागीदारी करने वालों में शरद बांगली जनपद उपाध्यक्ष सहसपुर लोहारा, उत्तम गुप्ता, राजेन्द्र पटेल, अनिल रजत, तथा शंकर मेढ़े शामिल रहे।

# नरहरपुर में आयोजित की गई उद्यमिता जागरूकता शिविर

पायनियर संवाददाता ᐸ कांकेर
www.dailypioneer.com



जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कांकेर द्वारा जनपद पंचायत नरहरपुर के सदभावना भवन में आज उद्यमिता जागरूकता शिविर आयोजित की गई। जिसमें उद्योग विभाग के अधिकारीयों द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री खाद्य प्रसंस्करण योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण योजना, छत्तीसगढ़ शासन की नई औद्योगिक नीति 2019-24 के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया गया, साथ ही जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सम्भावित उद्यमियों को मर्गदर्शन दिया जाकर उनकी समस्यायों के संबंध में भी मर्गदर्शन दिया जाकर ऋण हेतु इच्छुक आवेदकों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। जिला पंचायत के सदस्य हेमलाल मरकाम, जनपद अध्यक्ष नरहरपुर संजूलता नेताम एवं समस्त जनपद सदस्य की उपस्थिति में उद्यमिता जागरूकता शिविर सम्पन्न किया गया। इस अवसर पर व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक आर.सी.एस. ठाकुर, प्रबंधक हिमालय सेठिया, सहायक प्रबंधक रेणु ध्रुव सहित अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# शिक्षक सहयोग निधि समिति के द्वारा दिवंगत शिक्षक सेवक सिंह ध्रुव के परिजनों को दिया गया सहयोग राशि

पायनियर संवाददाता ᐸ लवन
www.dailypioneer.com



शिक्षक सहयोग निधि पलारी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के द्वारा शासकीय नवीन प्राथमिक शाला सलौनी में पदस्थ दिवंगत सहायक शिक्षक ए.बी. सेवक सिंह ध्रुव की पत्नि रूखमणी ध्रुव, पुत्र दमन सिंह ध्रुव एवं पुत्री पूजा ध्रुव को सहयोग राशि 50,000=00रू उनके गृह ग्राम खैरा अमेठी पहुंचकर प्रदान किया गया। ज्ञात हो कि पलारी विकासखण्ड के शिक्षकों के द्वारा विकासखण्ड अंतर्गत शिक्षक सहयोग निधि समिति से जुड़े सदस्यों को आकस्मिक घटना में मृत होने पर उनके परिजनों को सहयोग स्वरूप 50,000रू. प्रदान किया जाता है। 19 सितम्बर 2021 को शासकीय प्राथमिक शाला नवीन सलौनी में पदस्थ एवं मूलतः खैरा अमेठी के निवासी सहायक शिक्षक श्री सेवक सिंह ध्रुव जी का आकस्मिक निधन से पुरा विकासखण्ड स्तब्ध रह गया था। वे शिक्षक सहयोग निधि समिति के सदस्य थे नियमानुसार समिति द्वारा दिया जाने वाला सहयोग राषि आज उनके परिजनों को जाकर दिया गया। साथ ही उपस्थित शिक्षकों द्वारा मृतात्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया गया। इस अवसर पर शिक्षक सहयोग निधि समिति पलारी के अध्यक्ष अंगद दयाल खुंटे, कोषाध्यक्ष घनश्याम वर्मा, शिक्षक एल.बी. संघ के अध्यक्ष अभिषेक मोहबे, सेवा राम वर्मा, नरेश कुमार दीवान, मुकेश कुमार साहू, छन्नू लाल वर्मा, दिलीप साहू, सोनाराम पैकरा, बी. दीवान, गनपत लहरे, नरेश कुमार रात्रे, जे.एल.कुर्रे, अरूण साहू, सत्येन्द्र पटेल, टेकराम कुर्रे, लोमस साहू, युधिष्ठिर साहू, पारस कुमार कुर्रे, गजेन्द्र साहू, दयाराम ध्रुव, शिव कुरूवंशी, देवेन्द्र साहू, आदि उपस्थित थे।

**गिरदावरी करने खेतों में उतरे कलेक्टर , वास्तविक रकबे का फसल प्रविष्टि करने के निर्देश**

# राजिम, फिंगेश्वर, छुरा व गरियाबंद तहसील में किया गिरदावरी सत्यापन

पायनियर संवाददाता ᐸ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर निलेश क्षीरसागर गिरदावरी सत्यापन करने आज स्वयं खेतों में उतरे। उन्होंने संबंधित अनुविभागीय अधिकारी एवं राजस्व अमले के साथ राजिम, फिंगेश्वर, छुरा और गरियाबंद तहसील के खेतों में उतरकर चल रहे गिरदावरी कार्य का सत्यापन किया। इस दौरान उन्होंने समस्त वास्तविक रकबे का फसल प्रविष्टि (गिरदावरी) का सत्यापन कर ऑनलाईन प्रविष्टि करने के निर्देश दिये। राजिम तहसील अंतर्गत कृषक कृष्णा एवं रमेश सोनकर के खेतों का निरीक्षण कर फसल प्रविष्टि का सत्यापन किया। यहां रमेश सोनकर के खेत में भिंडी एवं गोभी बोना पाया गया। वहीं कृष्णा सोनकर के 75 डिसमिल रकबे में धान फसल बोना पाया गया। पटवारी रिकार्ड के अनुसार भी प्रविष्टि सही पाया गया। यहां कलेक्टर ने पटवारी नक्शे का अवलोकन करते हुए बंटाकन की प्रविष्टी करने के भी निर्देश दिये है। कलेक्टर ने कृषक रमेश सोनकर से सब्जी उत्पादन के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बताया कि धान के मुकाबले सब्जी उत्पादन में अधिक लाभ होता है। तत्पश्चात कलेक्टर द्वारा ग्राम कुम्ही में कृषक अर्जुन और जीवराखन साहू के खेत का अवलोकन किया गया। यहां भी धान और बैगन का उत्पादन मौके पर पाया गया। पटवारी नरेन्द्र साहू ने बताया कि हल्का नम्बर 24 में शत प्रतिशत गिरदावरी किया जा चुका है। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित गार्डन का भी अवलोकन किया गया

छुरा तहसील अंतर्गत ग्राम अकलवारा में श्री दुकालु कवंर एवं माखन कंवर के खेत अवलोकन किया गया। यहां धान फसल बीज छिड़ककर बोया गया है, लेकिन फसल सूखने के कगार पर है। कलेक्टर ने ऐसे खेतों में मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना अंतर्गत वृक्षारोपण करने के सुझाव कृषक को दिये। वहीं ग्राम परसदाखुर्द में भी पड़त भूमि और धान रोपा लगे खेत का सत्यापन किया गया। कलेक्टर द्वारा गरियाबंद तहसील अंतर्गत ग्राम नहरगांव में रिखीराम तथा फुगुलाल के खेत का अवलोकन किया गया। इस दौरान ग्राम पचांयत के प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से भी चर्चा की गई। कलेक्टर ने पटवारी को सही गिरदावरी करने और धान के वास्तविक रकबे का एन्ट्री करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही शेष क्षेत्रों का 30 सितम्बर तक भू-स्वामी तथा अन्य किसानों के समक्ष गिरदावरी करने के निर्देश राजस्व अमले को दिये है। इस दौरान राजिम एसडीएम जीडी वाहिले, डिप्टी कलेक्टर भूपेन्द्र साहू, छुरा एसडीएम अंकिता सोम, गरियाबंद एसडीएम विश्वदीप, तहसीलदार आशीष टोप्पो, बीएल कुर्रे, नायब तहसीलदार कुसुम प्रधान, ग्राम सरपंच, राजस्व निरीक्षक, पटवारी , ग्राम सचिव एवं कृषि विस्तार अधिकारी मौजूद थे।

डिप्टी कलेक्टर व प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख भूपेन्द्र साहू ने बताया कि सत्र 2021-22 में खरीफफसल प्रविष्टि 64.68 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। राजिम तहसील में 71.55 प्रतिशत, मैनपुर में 66.27, देवभोग में 63.49, गरियाबंद में 60.11 एवं छुरा तहसील में 55.93 प्रतिशत फसल प्रविष्टि दर्ज किया जा चुका है। कलेक्टर ने शेष फसल प्रविष्टि 30 सितम्बर तक करने के निर्देश दिये है।

# पुलिस की मुश्तैदी के कारण छुटपुट घटनाओं के साथ भगवान गणेश विसर्जन शांतिपूर्ण सम्पन्न



पायनियर संवाददाता ᐸ खरोरा
www.dailypioneer.com

इस बार कोरोना के मामले मे कुछ कमी और खास कर खरोरा क्षेत्र कोरोना के मामले लगभग नही होने के कारण खरोरा नगर पंचायत मे गणेश विसर्जन झांकी का आयोजन कुछ वर्ष के अंतराल के बाद फिर से हुआ जिसमें नगर के सभी गणेश पंडाल और नगर लोगों के सहभागिता के साथ शांतिपूर्ण रुप से सम्पन्न हुआ। सभी गणेश पंडाल समिति ने अपने अपने झांकी मे शानदार लाइट और डीजे की व्यवस्था किये थे जिसमे नगर के युवाओं झुंड नाचते गाते अपने अपने अपने अपने गणेश प्रतिमा को विसजर्न के लिए ले गये नगर मे कोरोना काल के बाद इस तरह के बडा धार्मिक आयोजन होने के कारण नगर के साथ ही आसपास के गांव से काफी सख्या मे लोग आये हुए थे जिसमे महिलाओं की संख्या काफी अधिक थी। झांकी प्रारंभ होने के पहले ही एक गणेश समिति मे आये हूए डीजे गाडी मे कुछ लोगों के द्वार तोड़फोड की घटना हुई जिसके बाद नगर पुलिस प्रशासन ने पुरी मुस्तैदी के साथ झांकी गणेश विसर्जन को शांतिपूर्ण रुप से सम्पन्न कराया।

## संपादकीय

# ब्रिटेन का गलत फैसला

## टीकाकृत भारतीयों को क्वारंटीन किया जाना

**ब्रिटेन** ने टीकाकृत भारतीयों को भी क्वारंटीन करने का निर्णय किया है जिससे अनेक विवादों और संदेहों का जन्म हुआ है। कोवीशील्ड से पूर्णतः टीकाकृत भारतीय यात्रियों को ब्रिटेन की यात्रा करने पर 10 दिन के लिए क्वारंटीन किया जाएगा। यह नियम उन दिशानिर्देशों का अंग है जिनके माध्यम से 4 अक्टूबर के बाद यात्रा प्रतिबंधों में रियायत दी जा रही है। भारत के विपक्षी नेताओं ने इसे आश्चर्यजनक व नस्लवादी कहा है। भारत सरकार ने ब्रिटेन से मुद्दे का यथाशीघ्र समाधान करने को कहा है। हालांकि, निर्णय से पैदा भ्रम के तत्काल बाद कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। इस पर सबसे पहले सवाल उठाने वालों में भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद या कोविड-19 के खिलाफ टीकाकरण प्रशासन का राष्ट्रीय विशेषज्ञ समूह है। देश को सबसे पहले यह जानने की आवश्यकता है कि क्या ब्रिटेन के दिशानिर्देश का अर्थ कोवीशील्ड की प्रभावशीलता पर कोई संदेह होगा। इसका कारण यह है कि भारत में अधिकतम टीके कोवीशील्ड के दिए गए हैं। अब तक 230 मिलियन से अधिक खूराकें दी गई हैं। ऐसा कोई स्पष्टीकरण सामने नहीं आया है। प्रमुख सूक्ष्म जीवविज्ञानी व वायरसविज्ञानी सुश्री गगनदीप कांग ने इस समाचारपत्र को बताया कि कोवीशील्ड में कुछ भी गलत नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा, 'यह बिल्कुल ठीक है'। लेकिन वैज्ञानिकों का आश्वासन उन सैकड़ों भारतीय छात्रों की चिन्ता नहीं दूर कर सकता है जो ब्रिटेन में अपनी पढ़ाई शुरू करने की योजना बना रहे हैं या अपने अध्ययन की जगहों पर वापस जाने के लिए यात्रा नियंत्रण समाप्त होने की प्रतीक्षा कर रहे थे। ब्रिटेन कोवीशील्ड को अपवाद क्यों बना रहा है? क्या यह तथ्य नहीं है कि कोवीशील्ड जीववैज्ञानिक रूप से वैक्सजेवेरिया के समान है जो एस्ट्राजेनेका वैक्सीन का यूरोपीय ब्रांड है? दोनों के बीच अंतर केवल इतना है कि कोवीशील्ड का उत्पादन भारत में सीरम इंस्टीट्यूट ने किया है।

दावा किया गया है कि पूरा विवाद कोविन प्रमाणीकरण प्रक्रिया में किसी तकनीकी मुद्दे के कारण है। पहले ब्रिटेन में जो व्यवस्था थी वह प्रवेश की अनुमति के आधार पर देशों को तीन सूचियों में बांटती थी। 4 अक्टूबर से केवल एक सूची होगी तथा इससे बाहर वाले देशों के यात्रियों को 10 दिन क्वारंटीन रहना होगा, भले ही वे पूर्णतः टीकाकृत हों तथा यदि वह वैक्सीन देश की स्वीकृत सूची तें शामिल न हो। यदि ऐसा है तो सवाल उठता है कि सीरम इंस्टीट्यूट आफ इंडिया ने उस सूची में कोवीशील्ड को शामिल कराना क्यों सुनिश्चित नहीं किया? यदि ब्रिटेन यूरोपीय संघ में औषधियों की निगरानी व सुरक्षा निगरानी करने वाली यूरोपीय चिकित्सा एजेंसी-ईएमए की प्रक्रियाओं को अनुमति देता है तो भी भारतीय निर्माता को संस्तुति के लिए प्रार्थना करनी चाहिए। ईएमए ने अ तक केवल चार कोविड-19 वैक्सीनों-कोमिरनेटी, माडर्ना, वेक्सीजेवेरिया व जेन्सन को मान्यता दी है। अदार पूनावाला की सीरम इंस्टीट्यूट आफइंडिया ने जुलाई में कहा था कि उन्होंने कोवीशील्ड को संस्तुत वैक्सीनों की सूची से बाहर रखने का मुद्दा सर्वोच्च स्तर पर उठाया है। उसी महीने ब्रिटिश सरकार ने भी कहा था कि ब्रिटिश स्वास्थ्य नियामक ने सीरम इंस्टीट्यूट आफइंडिया की वैक्सीन को अनुमति दे दी है, लेकिन ईएमए ने अभी इसे स्वीकार नहीं किया है। ईएमए वेबसाइट के अनुसार वह वर्तमान समय में कुछ वैक्सीनों की समीक्षा कर रहा है जिनमें एनवीएक्स-कोव2373, स्पुतनिक वी, वीरो सेल व विडप्रेवटिन शामिल हैं।

# ब्रिटिश भारत में वनों की कटाई

## अंग्रेजों ने भारत के आकर्षक व्यापार का एक उचित हिस्सा हासिल करने का लक्ष्य रखा और जंगलों के छोटे-छोटे हिस्सों को बंजर भूमि के रूप में माना क्योंकि ये राजस्व का स्रोत नहीं थे।



बीकेपी सिन्हा
(लेखक सेवानिवृत्त आईएएफएस अधिकारी हैं)



**यद्यपि** भारत में वनों की कटाई के इतिहास पर लेखन की एक बहुतायत है, एक निष्पक्ष लिखित इतिहास की अनुपस्थिति को दर्द से महसूस किया जाता है जो भारतीय वानिकी और इसके क्षरण और वनों की कटाई के कारणों का एक निष्पक्ष परिप्रेक्ष्य हासिल करने का इरादा रखता है। वर्तमान लेखकों के दृष्टिकोण एक समान नहीं हैं, और उनमें पूर्वाग्रह और झुकाव हैं। उदाहरण के लिए, अधिकांश भारतीय इतिहासकार अंग्रेजों को लकड़ी के समुद्री डाकू, भूमि चोर और मिट्टी के मलबे के रूप में देखते हैं। उनकी राय में, समुदाय और जंगल के बीच एक सामंजस्यपूर्ण संबंध हुआ करता था और ब्रिटिश शासन से पहले कोई महत्वपूर्ण वनों की कटाई नहीं हुई थी। उपमहाद्वीप को एकजुट करने, समुदायों को अधिकार और रियायतें देने और एक कुशल वनपाल के साथ आरक्षित वन सीमाओं का सीमांकन करने के लिए अंग्रेजों की सराहना की गई, जिसकी पूरे विकासशील दुनिया में प्रशंसा की गई।

दोनों विचार व्यक्तिपरक आकलन हैं। वास्तव में, अंग्रेजों की प्रेरणा कभी परोपकारी नहीं थी, हालांकि उन्होंने अच्छी तरह से प्रशिक्षित और संगठित वानिकी पेशेवरों के एक कैडर को पीछे छोड़ दिया। इसका कारण शायद उन कलहंसों को जीवित रखना रहा होगा जो उनके लिए सुनहरे अंडे दे रहे थे। भारत के यूरोपीय आक्रमण और विजय मूल रूप से रेशम, वस्त्र, मसाले, जवाहरात जैसे अत्यधिक बेशकीमती वस्तुओं के व्यापार से प्रेरित थे, जो इन सामानों के व्यापार के माध्यम से यूरोप में अपना रास्ता खोजते थे, ज्यादातर समुद्र के माध्यम से छोटे राज्यों से लेकर विशाल साम्राज्यों तक। ईस्ट इंडिया कंपनी का प्राथमिक उद्देश्य इस आकर्षक व्यापार का एक बड़ा हिस्सा हासिल करना और फिर हर तरह से राजस्व जुटाना था। ईस्ट इंडिया कंपनी को भी ब्रिटिश राजतंत्र का समर्थन प्राप्त था। इस प्रकार, किसानों और काश्तकारों से धन का बढ़ता संग्रह, वनों की कटाई के साथ-साथ अधिक भूमि को झुकाने के लिए। वास्तव में, यह न तो अंग्रेजों के साथ शुरू हुआ और न ही समाप्त हुआ। यह याद किया जा सकता है कि उत्तर भारत में वनों की कटाई प्राचीन भारत में सिंधु घाटी सभ्यता से गंगा के मैदान में बदलाव का प्राथमिक कारण था।

अशोक (268 से 232 ईसा पूर्व) के शासनकाल के दौरान, उपमहाद्वीप एक ही शासक के अधीन एकजुट था। भारतीय इतिहास के तथाकथित स्वर्णिम काल अशोक और चंद्रगुप्त मौर्य के समय, वन राज्य की संपत्ति थे। इसलिए, यह दावा करने वाले कि जंगलों का प्रबंधन स्थानीय समुदायों द्वारा किया जाता था, ऐतिहासिक तथ्य से बहुत दूर हैं। अशोक के बाद, उत्तर से आक्रमण के तहत साम्राज्य ध्वस्त हो गया और खानाबदोश आक्रमणकारियों ने चारागाह के लिए जंगलों को जला दिया। इस शासन के बाद इस्लामी पुनरुत्थान हुआ जब भारत फिर से एक हो गया। 16वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में ही अकबर ने मुगल प्रभुत्व को मजबूत किया जो पिछले एक में शुरू हुआ था। मुगल रेगिस्तान से आए थे और उन्हें अपने खेल के अलावा जंगलों में कोई खास दिलचस्पी नहीं थी। इस समय के दौरान, अंग्रेजों ने अपने दक्षिण अमेरिकी उपनिवेशों का इस्तेमाल चांदी हासिल करने के लिए किया ताकि वे मसालों में अपने समुद्री लाभ-व्यापार को मजबूत कर सकें। ब्रिटेन ने धीरे-धीरे उपमहाद्वीप को चरणों में निगल लिया, सैन्य समर्थन द्वारा समर्थित संधियों और अनुबंधों की एक श्रृंखला के माध्यम से। स्थानीय शासकों के राजस्व की तुलना में, रेशम और मसालों का व्यापार ब्रिटिश व्यापारियों को छोटा लगता था। उन्होंने इनमें से कुछ राजस्व को हथियाकर और उनका विस्तार करके उपकरणों की खोज शुरू कर दी। उस समय तक भारत में ग्रामीण समुदायों में रहने वाले निर्वाह काश्तकारों का एक गैर-समान जनसमूह था। नकद या वस्तु के रूप में राजस्व एकत्र करने की जिम्मेदारी बड़े जमींदारों (ज़मींदारों) या सरकार के नामित कर्मचारियों के पास होती है। यह किसान उत्पादकों की जिम्मेदारी थी कि वे अपनी जमीन जोतें और अपनी उपज को राजा के साथ नकद या वस्तु के रूप में साझा करें। अकबर के शासन काल में वस्तु के रूप में राजस्व की स्थापना की गई थी।

दक्कन महाराष्ट्र में, छोटे किसान नकद बिक्री के लिए कपास, गेहूं, नील, अफीम, तिलहन और तंबाकू उगाते थे। गांवों में जंगल के छोटे-छोटे टुकड़े बिखरे हुए थे, जिससे उनकी उत्पादकता को बनाए रखने में मदद मिली। ब्रिटिश अधिकारियों ने इन सभी पैचों को बंजर भूमि के रूप में माना क्योंकि वे राजस्व नहीं देते थे, भले ही वे ईंधन की लकड़ी, चारा और औषधीय पौधों का स्रोत थे, जो कि खेती करने वाले और ग्रामीणों को अपने निर्वाह के लिए निर्भर करते थे। क्योंकि वे समशीतोष्ण क्षेत्रों से आए थे, वे उष्ण कटिबंध की भूमि पारिस्थितिकी से अपरिचित थे, न ही उन्हें भूमि की उत्पादकता को बनाए रखने और बनाए रखने में वनों की भूमिका की कोई समझ थी।

भारतीय वन विभाग की नींव रखने के लिए 1864 में डायट्रिच ब्रैंडिस को सरकार द्वारा वन महानिरीक्षक नियुक्त किया गया था। उच्च स्तर के अधिकांश कर्मचारी ब्रिटिश थे जिन्होंने कूपर हिल्स के रॉयल इंजीनियरिंग कॉलेज में अपना प्रशिक्षण प्राप्त किया था। जंगलों का प्रबंधन करने के लिए, ब्रैंडिस ने लोगों को संरक्षण के विज्ञान में प्रशिक्षण देने के साथ-साथ एक कानूनी प्रणाली शुरू करने के बारे में सोचा। इसके बाद ब्रैंडिस ने 1864 में इंपीरियल फॉरेस्ट सर्विस की स्थापना की। लॉर्ड डलहौजी के ज्ञापन के अनुसार भारतीय वन अधिनियम लाया गया। 1855 में, लॉर्ड डलहौजी ने वन संरक्षण पर एक ज्ञापन प्रसारित किया जिसमें प्रस्ताव था कि सागौन को राज्य की संपत्ति के रूप में माना जाए, और इसके उपयोग को सख्ती से नियंत्रित किया जाए। वन अधिनियम 1865 को 1878 और 1927 में दो बार संशोधित किया गया। वन अधिनियम 1878 ने वनों को आरक्षित, संरक्षित और ग्रामीण वनों के रूप में वर्गीकृत किया। सबसे अच्छे वनों को आरक्षित वन कहा जाता था और ग्रामीण इन वनों से अधिनियम के तहत अनुमति के अलावा कुछ भी नहीं ले सकते थे। ग्रामीण अपने उपयोग के लिए गांव या संरक्षित क्षेत्रों के जंगलों से लकड़ी ले सकते थे। 1927 के भारतीय वन अधिनियम ने वन-आश्रित समुदायों के जीवन को प्रभावित किया। इस अधिनियम में दंड और प्रक्रियाओं का उद्देश्य वनों पर राज्य के नियंत्रण का विस्तार करना और लोगों के वनों के उपयोग के अधिकारों को कम करना था। नियम सख्त थे और विभाग को पुलिस दी गई थी। शक्तियाँ।

ब्रैंडिस ने जर्मन और यूरोपीय जंगलों के साथ अपने अनुभवों के आधार पर अपना वन प्रबंधन मॉडल विकसित किया। हालांकि, समशीतोष्ण वन के विपरीत, भारतीय महाद्वीप में वन उनकी प्रजातियों की संरचना में बहुत विविध थे। उष्णकटिबंधीय वन का प्रत्येक एकड़ दर्जनों वृक्ष प्रजातियों और हजारों सूक्ष्म जीवों का घर है जो एक जटिल खाद्य जाल बनाते हैं जो एक स्थायी पारिस्थितिकी के लिए खाद्य श्रृंखला को बनाए रखता है। यह ग्रामीण गरीबों की आजीविका के लिए एक शर्त थी।


अधिनियम ने छोटे किसानों (आरसी गुहा) के बीच अन्याय और आक्रोश की गहरी भावना पैदा की। किसानों के बीच आक्रोश 1857 के सिपाही विद्रोह में परिणत हुआ, जिसे मजबूत सैन्य बल द्वारा दबा दिया गया था लेकिन ब्रिटिश राज के खिलाफ आंदोलन के बीज बोए गए थे।

विश्व इतिहास स्थायी प्रबंधन के लिए किसानों के विद्रोहों से अटा पड़ा है, चाहे वह फ्रांस, ब्रिटेन या मैक्सिको में हो। गरीब आदमी का ओवरकोट एक यूरोपीय अभिव्यक्ति है जो अपने अस्तित्व को सुनिश्चित करने के लिए ग्रामीण आबादी और कारीगरों की निर्भरता को दर्शाता है। यह भी एक कड़वी सच्चाई है कि अगर इसे अपने ऊपर छोड़ दिया जाए तो ये सार्वजनिक सामान बर्बाद हो जाएगा।

# तालिबान पर भारत का अनिश्चित दृष्टिकोण

"तालिबान के साथ पहला ज्ञात संपर्क मास्को में हुआ जब दो सेवानिवृत्त भारतीय अधिकारियों ने तालिबान से संपर्क के लिए त्रोइका प्लस संपर्क में भाग लिया जिसमें 2020 में अमेरिका, रूस, चीन और पाकिस्तान शामिल थे। तालिबान से भारतीय संपर्क की अफवाहें 2017-18 में भी सामने आई थीं।"

अशोक के मेहता
(लेखक सेवानिवृत्त मेजर जनरल हैं)



**भारत** ने हमेशा तालिबान को मान्यता देने तथा उसके साथ समझौते व पुनः जुड़ाव के मामले में अनिश्चितता प्रदर्शित की है। यह स्थिति एक दशक से अधिक पुरानी है जब भारत ने 'अच्छे' और 'बुरे' तालिबान का वर्गीकरण कर 'अच्छे' तालिबान के साथ समझौते और जुड़ाव पर सहमति प्रकट की थी। जनवरी, 2010 में अफगानिस्तान का राजनीतिक समाधान तलाशने के लिए आयोजित लंदन सम्मेलन में 69 देशों के विदेश मंत्रियों ने भाग लिया था जिनमें भारत के एस.एम. कृष्णा भी शामिल थे। भारत का 'अच्छे' और 'बुरे' तालिबान वाले दृष्टिकोण के स्थान पर बाद में खोजी तरीके से 'गैर-कट्टर विद्रोहियों' वाला दृष्टिकोण आ गया। जब अमेरिकनों ने दोहा शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए तो इस समझौते का शीर्षक 'अमेरिका व तालिबान के बीच समझौता जो स्वयं को अमीरात आफ अफगानिस्तान कहते हैं' था। भारतीय विदेश मंत्रालय-एमईए ने तालिबान के बारे में न अपना दृष्टिकोण बदला और न इसे स्पष्ट रूप से खारिज किया। इसी प्रकार तालिबान के साथ संबंधों की कहानी भी अनेक मोड़ों से भरी है। 2018 के रायसीना संवाद में सेना प्रमुख जनरल बिपिन रावत ने यह पूछे जाने पर कि क्या भारत को तालिबान से बात करनी चाहिए, फौरन सकारात्मक जवाब दिया था। उनका कहना था, 'हमने पहले भी विद्रोही समूहों के साथ बात की है।' लेकिन इसके अगले ही दिन भारत सरकार ने स्पष्टीकरण जारी किया कि जनरल रावत ने यह बात अपनी व्यक्तिगत क्षमता में कही थी और उनके विचार सरकार का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। यह पूरी तरह स्पष्ट नहीं है कि इस वर्ष के प्रारम्भ में तालिबान के साथ कैसी परोक्ष या सीधी वार्ता शुरू हुई, लेकिन कतर के विदेश मंत्री ने पुष्टि की कि तालिबान के साथ दोहा में समझौता हो गया। तालिबान के साथ पहला ज्ञात संपर्क मास्को में हुआ जब दो सेवानिवृत्त भारतीय अधिकारियों ने तालिबान से संपर्क के लिए त्रोइका प्लस संपर्क में भाग लिया जिसमें 2020 में अमेरिका, रूस, चीन और पाकिस्तान शामिल थे। तालिबान से भारतीय संपर्क की अफवाहें 2017-18 में भी सामने आई थीं। मेरी तथा अनेक स्तंभकारों की राय थी कि इस वर्ष भारत को आधिकारिक रूप से तालिबान से संपर्क करना चाहिए, पर ऐसा नहीं हुआ।



भारत इस बात से प्रसन्न है कि अफगानिस्तान में कराए अनेक जनमत सर्वेक्षणों में उसे सर्वाधिक पसंदीदा देश का स्थान मिला है। लगभग 70 प्रतिशत अफगानों ने भारत का समर्थन किया जो अन्य देशों की तुलना में बहुत अधिक है। अफगानिस्तान के विकास और क्षमता निर्माण में भारत का योगदान वास्तव में असाधारण है। भारत ने अफगानिस्तान के 34 प्रांतों में 500 परियोजनाओं पर काम किया या उनको पूरा किया जिन पर 2 बिलियन डालर खर्च हुए तथा परियोजनायें पूरी करने के लिए 3 बिलियन डालर और आबंटित किए गए। सैकड़ों अफगानी छात्र भारत के सिविल व सैनिक संस्थानों में अध्ययन कर रहे हैं और उनको अध्ययन पूरा होने तक भारत में रहने की अनुमति दी गई है। भारत अनेक अफगान नेताओं का दूसरा घर है और तालिबानों ने इसका विरोध किया है। तालिबान ने भारत से अपनी अधूरी परियोजनाओं में काम पर वापस करने को कहा हे। केईसी इंटरनेशनल व कल्पतरु पावर ट्रांसमिशन हरी झंडी मिलने पर अपनी ढांचागत परियोजनायें पूरी करेंगे। सलमा बांध पूरी करने वाली वैपकोस अपनी वापसी के बारे में निश्चित नहीं है। टाटा मोटर्स व हैदराबाद की बीएससीपीएल ने अपनी ढांचागत परियोजनायें 2015 में छोड़ दी थीं। तालिबान द्वारा दिए मिश्रित संदेशों से संकेत मिलते हैं कि भारतीय बिजनेस व दूतावास को काबुल में वापसी की जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए जिसकी पैरवी कुछ राजनयिकों और राजनेताओं ने की है। भारतीयों तथा भारतीय मूल के अफगानियों को वहां से निकालना इस समय प्राथमिकता है। अप्रैल, 2020 में भारत ने हेरात व जलालाबाद में अपने वाणिज्य दूतावास बंद कर दिए थे तथा उसी साल काबुल में दूतावास का दर्जा घटाया था, पुरानी चांसरी बंद की गई थी तथा नया दूतावास ग्रीन जोन में स्थानान्तरित हुआ था। 11 जुलाई को भारत ने कंधार वाणिज्य दूतावास तथा इसके एक महीने बाद मजारे शरीफ वाणिज्य दूतावास बंद किया था। इन दुःखद घटनाओं का कारण भारत द्वारा लगातार 'प्रतीक्षा करो और देखो' की रणनीति पर जोर देना था, हालांकि अफगानिस्तान के साथ 2011 में ही रणनीतिक समझौते पर हस्ताक्षर हो गए थे। लेकिन इसके बावजूद सद्भावना को राजनीतिक व रणनीतिक प्रभाव तक ले जाने के ज्यादा प्रयास नहीं किए गए, जबकि ताजिकिस्तान में भारत की सैनिक अवस्थापना मौजूद थी। काफी बाद में भारत ने पूरी तरह अमेरिका का पक्ष लेना शुरू किया तथा ईरान और रूस के साथ संबंध सुधार की प्रक्रिया तेज की गई। अमेरिकनों ने इस पर कहा, 'हम अफगानिस्तान को भारतीय चश्मे से क्यों देखें।' इससे रणनीतिक धैर्य का दृष्टिकोण विफल हो गया और भारत की स्थिति खराब हुई।

पिछले सप्ताह शंघाई सहयोग संगठन-एससीओ के दूसरे शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत तालिबान को मान्यता देने की जल्दबाजी में नहीं है। यह सरकार का पहला आधिकारिक बयान था। मोदी ने तालिबान से चरमपंथ तथा नशीली वस्तुओं का व्यापार छोड़ने का आह्वान किया ताकि अफगानिस्तान सीमापार से आतंकवाद फैलाने का स्वर्ग न बने। उन्होंने यह भी कहा कि अफगानिस्तान की वर्तमान सरकार समावेशी नहीं थी और वह विचार-विमर्श का नतीजा नहीं थी। लेकिन भारत मानवीय सहायता देने के लिए तैयार है और वह अफगानिस्तान की जनता की सहायता के लिए किसी क्षेत्रीय-वैश्विक पहल में शामिल हो सकता है। पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार-एनएसए एम.के. नारायणन ने भारत सरकार को सलाह दी है कि वह भू-राजनीतिक दृष्टिकोण से अपने स्थिति में परिवर्तन करे तथा एक ऐसे प्रस्ताव का समर्थन करे जिससे सुनिश्चित हो कि अफगानिस्तान एक तटस्थ देश तथा दक्षिण एशिया में चीन के और हस्तक्षेप का प्रतिरोधक बने। तटस्थता की इस परियोजना को अन्य देशों के साथ ही संयुक्त राष्ट्रसंघ ने भी लागू करने का प्रयास किया था।

## फरमाया



**क्या** असम हेमंत बिस्वा सरमा पर राज्य के हितों की रक्षा हेतु भरोसा कर सकतार है जो मिजो सीमा विवाद मामले में बुरी तरह विफल रहे।

**- भूपेन कुमार बोराह**
असम कांग्रेस अध्यक्ष



आस्ट्रेलिया-यूके-अमेरिका सौदा संविदा तोड़ने के लिए नहीं हुआ है बल्कि यह सहयोगियों के बीच भरोसा तोड़ने का मामला है।

**- जेन यूस ली ड्रायन**
फ्रांस के विदेश मंत्री



**दिल्ली** में जो हो रहा है गोवा में प्रमोद सावंत उसका अनुकरण कर रहे हैं। जब असली उपलब्ध है तो उसकी नकल की क्या जरूरत है।

**- अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## सुरक्षा परिषद की भूमिका

**अफगानिस्तान** की हालत को ज्यादा बिगाड़ने में आज अमेरिका को अधिक जवाबदार माना जा रहा है कारण अमेरिका जब तक वहां था तालिबान अफगान में अंदर तक नहीं घुस पाया था और उसके जाते ही जो अफरा तफरी हुई उसमें भी काफी लोग मारे गए थे एवं तालिबान ने काबुल पर कब्जा कर लिया था। अतः क्या कारण था कि ऐसी विकट परिस्थिति में अमेरिका को वहां से जाना पड़ा। इसे परिस्थिति अनुसार तीन चार माह के लिए टाला भी तो जा सकता था तब अब संयुक्त राष्ट्र को इस विषय में अमेरिका से अवश्य ही जवाब तलब करना चाहिए अफगानिस्तान में जब आप पिछले 20 साल से मौजूद थे तब क्या कारण है कि अचानक दामन झटक कर जाना पड़ा हम ना केवल अमेरिका बल्कि खुद संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका पर भी प्रश्नचिन्ह लगाते हैं विश्वभर में कहीं भी कोई देश या और किसी भी तरह की कोई आफत या परेशानी कोई हमला बाण भूकंप जैसी स्थिति निर्मित होती है तब वहां संयुक्त राष्ट्र की भूमिका मुख्य हो जाती है एवं उसका यह दायित्व बनता है कि वहां उस देश के लिए हर तरह की मदद उपलब्ध कराएं इसके कई उदाहरण है कि जब संयुक्त राष्ट्र संघ ने इसे देशों को मदद पहुंचाई है सबसे बड़ा उदाहरण कुवैत का है।

**- मनमोहन राजावत,** शाजापुर

## क्वाड सम्मेलन में भारत

प्रधानमंत्री मोदी क्वाड सम्मिट में शिरकत करने के लिए अमेरिका की तीन दिवसीय यात्रा पर रवाना हुए। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा 'मै प्रेसिडेंट बाइडन के निमंत्रण पर तीन दिवसीय यात्रा के लिए अमेरिका रवाना हो रहा हूं।' क्वाड समूह में भारत, जापान, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका शामिल है। यह प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और प्रेसिडेंट बाइडन की पहली इन पर्सन मुलाकात होगी। अमेरिका में प्रेसिडेंट बाइडन और प्रधानमंत्री मोदी कई मुद्दों पर अपना पक्ष रखेंगे। बताया जा रहा है कि ऑस्ट्रेलिया के स्कॉट बारिश जापान के प्रधानमंत्री सूगा भारत के प्रधानमंत्री और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन तालिबान समेत महामारी और अर्थव्यवस्था जैसे मुद्दों पर अपनी बात रखेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ना सिर्फ क्वाड के सभी नेताओं से बल्कि व्यक्तिगत रूप से भी चर्चा करेंगे। ऐसे में यह संभावना है कि भारत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हो रहे बदलाव में महत्पूर्ण भूमिका निभाएगा। विकसित देशों की सूची में शामिल तीन देश और भारत ही एकमात्र विकासशील देश है। उम्मीद है चीन के भारतीय प्रशांत महासागर रीजन में बढ़ते दबदबे को कम करने और अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने की दिशा में काम करने पर भी विशेष जोर दिया जाएगा।

**- अमन जायसवाल,** दिल्ली विश्वविद्यालय

## नवाचार की जरूरत

बदलती दुनिया में बने रहने के लिए नवाचार समाज की जरूरत है और एक इंसान होने के नाते नवाचार हमारी जरूरत है। समग्र रूप से हर आयाम में किया गया नवाचार समाज में समृद्धि, अच्छाई और अवसरो की उत्पत्ति करता है। हर वो देश जो आज हमे समृद्ध और विकसित नजर आता है वे नवाचार की बदोलत ही इस मुकाम को हासिल कर पाया है। हाल ही में विश्व बौद्धिक संपदा संगठन द्वारा 2021 ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स रिपोर्ट जारी की गई है जिसके मुताबिक स्विट्जरलैंड लीग तालिका में सबसे ऊपर है, उसके बाद स्वीडन, अमेरिका और ब्रिटेन का स्थान आता है, बात करे अपने देश की तो भारत छियालीसवां स्थान हासिल कर नवीनतम ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में अपनी रैंकिंग में सुधार करता दिख रहा है। भारत विकासशील से विकसित देश बनने की ओर अग्रसार है और कई अयामो पर विजय हासिल कर भारत ने विश्व मंच पर ये तथ्य साबित भी किया है। पिछले कई सालो मे भारत ने वो करके दिखाया है जिसकी कल्पना भी नही की जा सकती थी। अतः ऐसा परिणाम हमे खुशी देता है।

**- निखिल रस्तोगी,** कुरुक्षेत्र विवि

## क्विक न्यूज

### दुष्कर्म करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार



**बेमेतरा।** बलात्कार के तीन आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल हासिल किया है इस संबंध में पुलिस विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रकरण में विवेचना के दौरान थाना नवागढ क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाला 03 आरोपियो 1. शनी पटेल ऊर्फ शन्नी पाटिल 2. ऋषि ऊर्फ राहूल पटेल 3. मिथलेश पाल को पकडा गया। आरोपियो के द्वारा एक राय होकर पीडिता के साथ सामुहिक दुष्कर्म करना व जान से मारने की धमकी देते हुए दुष्कर्म की विडियो वायरल (प्रसारित) करना। उक्त आरोपियो को हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर उक्त अपराध घटित करना स्वीकार किये। आरोपियो शनी पटेल ऊर्फ शन्नी पाटिल पिता कोमल प्रसाद पाटिल उम्र 19 साल ऋषि ऊर्फ राहूल पटेल पिता प्रमोद पटेल उम्र 19 साल मिथलेश पाल पिता रम्मन पाल उम्र 24 साल को विधिवत गिरफ्तार कर आज दिनांक 22.09.2021 को माननीय न्यायालय पेश किया गया।

# रनबोड़ प्राइमरी स्कूल भवन के छत गिरने से 6 बच्चे घायल

- **डीईओ ने किया प्रधान पाठक को निलंबित**
- **बीईओ एवं एबीईओ को कारण बताओ नोटिस जारी**

**पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा**
www.dailypioneer.com



बेमेतरा जिले के नवागढ़ विकासखण्ड के ग्राम रनबोड़ स्थित शासकीय प्राथमिक स्कूल के छत का प्लास्टर गिरने से कल बुधवार 22 सितम्बर को 06 छात्राओं को मामूली चोट लगी थी। घटना की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन द्वारा सभी बच्चों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नवागढ़ मे भर्ती कराया गया। जिसमें 04 बच्चियों का ईलाज नवागढ़ मे और 02 बच्चियों का ईलाज जिला चिकित्सालय मे कराया गया। 24 घण्टे डॉक्टरों के निगरानी के पश्चात् उन्हे अस्पताल से छुट्टी दी जा रही है और सभी छात्राएं स्वस्थ्य हैं। कलेक्टर बेमेतरा ने बताया कि इस घटना की रिपोर्ट राज्य शासन को भेज दी गई है। कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान ने बीती रात जिला अस्पताल पहुंचकर स्कूल के छत का प्लास्टर गिरने से उपचाररत बच्चियों के स्वास्थ्य का हालचाल जाना। कलेक्टर ने बताया कि बच्चों को गंभीर चोट नही आयी है उनका सामान्य उपचार जारी है। शासकीय कार्य मे उदासिनता एवं लापरवही बरतने के कारण जिले के नवागढ़ विकासखण्ड के ग्राम रनाबोड़ स्थित शासकीय प्राथमिक स्कूल के प्रधान पाठक नरेन्द्र कुमार वैष्णव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। वही जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा ने इस मामले में नवागढ़ के खण्ड शिक्षा अधिकारी नवगढ़ एवं सहायक खण्ड अधिकारी (एबीईओ) नवागढ़ को शो-कॉज नोटिस जारी किया गया है। जबकि कलेक्टर द्वारा इस घटना की जांच के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नवगढ़, जिला शिक्षा अधिकारी, जनपद पंचायत सीईओ की संयुक्त टीम गठित कर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

**संयुक्त टीम गठित एक सप्ताह में देंगे रिपोर्ट-** कलेक्टर ने बताया कि जिले के सभी चार विकासखण्डों मे जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं बीआरसी की संयुक्त टीम गठित कर जर्जर एवं मरम्मत योग्य स्कूल भवनों का चिन्हांकन कर रिपोर्ट एक सप्ताह के भीतर कलेक्टर कार्यालय को प्रस्तुत करने के निर्देश जारी किए हैं। इसके अलावा पिछले तीन साल के दौरान किन-किन विद्यालयों को स्कूल के मरम्मत एवं रंग रोगन के लिए कितनी राशि गई है, इस राशि का क्या उपयोग हुआ है। इसकी जानकारी जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से ली जा रही है। वर्ष 2021-22 मे मरम्मत योग्य स्कूल शाला भवनो का प्रस्ताव जिला शिक्षा अधिकारी से मंगाया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले के सभी चार बीईओ को एक पत्र जारी कर शासकीय प्राथमिक एवं मीडिल स्कूल के जर्जर भवन कमरों कक्षा संचालित नही करने के निर्देश दिए हैं बता दें कि बुधवार दोपहर रनबोड़ के प्राथमिक शाला में छत का प्लास्टर भरभराकर पहली कक्षा में अध्ययनरत बच्चों के ऊपर ही आ गिरा।जिससे 6 मासूम बच्चियां घायल हो गई , हालांकि राहत भरी बात यह रही कि इस घटना में बच्चों को गंभीर चोटें नही आई है। इसके बावजूद भी 2 बच्चों को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल बेमेतरा रेफर किया गया है। नवागढ़ के विधायक तथा संसदीय सचिव गुरुदयाल बंजारे ने घायलों को अस्पताल में जा कर देखा और एसडीएम, तहसीलदार और स्वास्थ्य विभाग सीएम को बेहतर इलाज के लिए निर्देशित किया।

# वन विभाग उड़ा रहा सूचना के अधिकार की धज्जियां



**पायनियर संवाददाता ➤ बालोद**
www.dailypioneer.com

सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 में जानकारी देने की बजाय नए नए हवाला देकर आवेदक को घुमाये जाने का एक मामला सामने आया है। यह मामला जिला कार्यालय वनमंडलाधिकारी बालोद वन मण्डल का है। जहां भारतीय जनता पार्टी के आरटीआई प्रकोष्ठ के जिला संयोजक विनोद जैन द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के उपधारा (1) के तहत जानकारी प्रदान करने 25 अगस्त 2021 को एक आवेदन विभाग में लगाया गया था। जहां से आवेदन के एवज में आवेदन शुल्क दस रुपये नगद राशि लेकर विभागीय कर्मचारी ने बकायदा रशीद भी दी और आवेदन स्वीकार किया। तत्पश्चात विभाग द्वारा 14 सितम्बर 2021 को ज्ञापन क्रमांक/सूचना/ 2021/5088 के माध्यम से सूचना पत्र भेजा गया। जिसमें आवेदन के साथ राशि प्राप्त नही होने के कारण जानकारी देना संभव नही होना बताया गया है। इस विषय पर भाजपा आरटीआई प्रकोष्ठ के जिला संयोजक विनोद जैन ने इसे विभागीय लापरवाही मानते हुए एक ज्ञापन बालोद कलेक्टर को दिया हैं। जिसमें उन्होंने बताया कि उनके द्वारा नगद राशि आवेदन शुल्क के रूप में देकर रशीद क्रमांक- 16596/81 ली गई थी। जिसके बाद भी विभाग द्वारा यह कहना कि राशि नही दी गई है। कहीं ना कहीं आवेदक को गुमराह करने का अंदेशा प्रतीत होता है। ज्ञापन के संदर्भ में उन्होंने बताया कि मिली गई रशीद के फर्जी होने की जांच की मांग कर लापरवाह अधिकारी कर्मचारी पर कार्यवाही की मांग की है।

# गांधी जयंती के अवसर पर मनाया जायेगा कुष्ठ जागरूकता दिवस

- **सभी विकासखण्डों एवं ग्रामीण स्तर पर होगा सभा का आयोजन**

**पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा**
www.dailypioneer.com

जिला बेमेतरा में शनिवार 02 अक्टूबर 2021 को गांधी जयंती पर कुष्ठ जागरूकता दिवस जिले के समस्त विकासखण्डों एवं ग्रामीण स्तर तक मनाया जायेगा। जिसके लिए ग्राम सभा के आयोजन के दौरान कलेक्टर द्वारा दिए गए संदेश का वाचन किया जायेगा, ग्राम सरपंच के द्वारा कुष्ठ रोग के संबंध में जन सामान्य को अपील किया जायेगा, ग्राम स्तर पर कुष्ठ रोग के भेदभाव दूर करने जनसामान्य को शपथ दिलाई जायेगी कुष्ठ से संबंधित प्रश्नोत्तर व समाधान कर उपस्थित जनसामान्य में जागरूकता फैलाई जायेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि 02 अक्टूबर गांधी जयंती के उपलक्ष्य में कुष्ठ जागरूकता दिवस का आयोजन किया जा रहा है, कुष्ठ प्रभावित व्यक्तियों को आवश्यकतानुसार स्वास्थ्य विभाग के द्वारा एम.सी.आर. चप्पले, सेल्फ केयर किट, चश्मा, बैसाखी इत्यादि का वितरण किया जायेगा। जनसामान्य में कुष्ठ जागरूकता के लिए विभाग के द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता की गतिविधि का आयोजन दिनांक 30 सितम्बर 2021 को किया जा रहा है। जिसमें ऑनलाईन लिंक के माध्यम से जिले के सभी इच्छुक नागरिकगण प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का हिस्सा बन सकते है, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सबसे कम समय पर, सबसे अधिक सही जवाब देने वाले प्रतिभागी को 02 अक्टूबर 2021 कुष्ठ जागरूकता दिवस पर जिला स्तर में प्रमाण पत्र देकर सम्मनित किया जायेगा। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागी 30 सितम्बर 2021 को प्रातः 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक दिये गए लिंक का उपयोग करके भाग लिया जा सकता है। निर्धारित समय अवधि (11:00 बजे से 5:00 बजे) के भीतर जवाब देने वाले प्रतिभागी को ही प्रतियोगिता में शामिल कर मापदण्ड अनुसार चयनित कर सम्मानित किया जावेगा। कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान ने समस्त जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा है कि जिले को ''कुष्ठमुक्त'' बनाने के लिए हम कोई कसर नही छोड़ेगे। कुष्ठ प्रभावित व्यक्तियों को जल्द पहचान कर उनके हर सम्भव उपचार कर जिले को कुष्ठ मुक्त बनाने में अपना योगदान अवश्य दें अपने समीप कोई भी कुष्ठ प्रभावित व्यक्ति से भेदभाव ना करने उन्हे समाज की मुख्यधार में जोडते हुए उन्हे प्रेरित करें।

# जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग अभाविप की

**पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा**
www.dailypioneer.com



जब जब छात्रों के ऊपर अन्याय व अत्याचार की बात आती है चाहे वह छात्र हित, सामाजिक हित या राष्ट हित की बात हो तब तक लगातार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सक्रिय रूप संगठनात्मक रचनात्मक व समय-समय पर आंदोलन आत्मक रूप से अपनी बात रखते आई है इसी बीच विगत दिन 21 सितंबर को बेमेतरा जिला के नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला रनबोड़ में अचानक छत की प्लास्टर गिर जाने का मामला आया जिसमें 6 विद्यार्थी घायल हुए, परंतु आश्चर्य की बात यह है कि स्कूल के जर्जर होने के बावजूद भी वहां के नोडल अधिकारी, प्राचार्य के द्वारा उस स्कूल में विद्यार्थियो का शैक्षणिक गतिविधि चालू रखा गया।

उक्त विषय में शासन प्रशासन की गैर जिम्मेदाराना एवं लापरवाही सामने आ रही है उक्त विषय को लेकर के अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बेमेतरा के कार्यकर्ताओं ने तात्कालिक विरोध प्रदर्शन करते हुए मांग किया जिसमे दुर्ग विभाग के विभाग संयोजक मनोज वैष्णव ने कहा कि घटना की उच्च स्तरीय जांच कमेटी गठित कर जांच कराई जाए एवं प्राप्त निष्कर्षों के आधार पर स्कूल भवन को पूर्णता नष्ट कर दूसरी भवन बनाई जाए बेमेतरा जिला के जिला संयोजक दुर्गेश ने बताया कि संबंधित विद्यालय के नोडल अधिकारी के साथ-साथ समस्त जवाबदार अधिकारियों पर कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए व पूरे जिले के स्कूल की जांच करने हेतु विकासखंड स्तर पर एक जांच कमेटी बनाई जाए जिसके अध्यक्षता स्वयं जिला शिक्षा अधिकारी करें नगर मंत्री रौनक चावला ने कहा कि घायल विद्यार्थियों को उचित मुआवजा प्रदान किया जाए ताकि यह सुनिश्चित किया जाए कि जब तक नहीं स्कूल भवन का निर्माण नहीं होता जाता तब तक स्कूल कहां संचालित होगी।

# तहसील कार्यालय का चैनल गेट तोड़कर चोरी

**पायनियर संवाददाता ➤ थानखम्हरिया**
www.dailypioneer.com

स्थानीय तहसील कार्यालय का चैनल गेट तोड़कर लोक सेवा केन्द्र कार्यालय से पॉच हजार रू की चोरी का मामला सामने आया है। चोरी करने वाला युवक पुलिस गिरफ्त में आ चुका है वह तहसील कार्यालय में ही काम करता है। प्रार्थी अश्वनी चंद्राकर आपरेटर लोक सेवा केन्द्र थानखम्हरिया ने पुलिस को दिये बयान में बताया कि 15 सितंबर को शाम 5.30 बजे वह अपना काम निबटाकर घर गया था।

दूसरे दिन सुबह कार्यालय आने पर उसने देखा कि कार्यालय का ताला टूटा हुआ है। लोक सेवा केन्द्र में जाने पर देखा कि टेबल के लॉकर से अज्ञात चोर द्वारा पॉच हजार रू की चोरी कर ली गयी है। पुलिस द्वारा संदेह होने पर कड़ाई से पूछताछ करने पर लोकेश ध्रुव पिता दाऊराम ध्रुव निवासी वार्ड क्र 1 थानखम्हरिया ने चोरी करना स्वीकार किया। लोकेश से चोरी की रकम 3100 रू भी बरामद की गयी शेष राशि को गाड़ी बनवाने में खर्च होना बताया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। कुछ महिने पूर्व भी तहसील कार्यालय में पंखे आदि की चोरी हुयी थी। थाना के सामने ही स्थित तहसील कार्यालय में हुयी चोरी पर नागरिकों ने चिंता व्यक्त की है तथा शासकीय कार्यालयों में सुरक्षा व्यवस्था मुस्तैद करने की मांग की है।

# सरकार बेरोजगारों को भत्ता देने के अपने वादे को पूरा नहीं कर रही : जितेंद्र साहू

**पायनियर संवाददाता ➤ थानखम्हरिया**
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश की सत्ताधारी कांग्रेस सरकार ने 2018 विधानसभा चुनाव में प्रदेश के हजारों बेरोजगार युवाओं को प्रतिमाह 2500 रु बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था ढाई साल से अधिक समय बीत चुका है लेकिन अभी तक बेरोजगार युवकों को बेरोजगारी भत्ता नहीं मिला है जो छत्तीसगढ़ के हजारों युवाओं के साथ वादाखिलाफी है। कांग्रेस सरकार की इस वादाखिलाफी के खिलाफ भाजपा युवा मोर्चा मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा ग्राम बेलगॉव, बेलतरा, भेन्डरवानी, चिल्फी, संबलपुर के विभिन्न स्थानों में जाकर युवाओं से मैं हूं बेरोजगार रोजगार दो छत्तीसगढ़ सरकार का आवेदन भरवाया गया है। भाजपा युवा मोर्चा साजा मंडल महामंत्री जितेंद्र साहू ने कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा गंगाजल की झूठी कसम खाकर अपने घोषणा पत्र में युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया गया था जिसमें अभी तक कोई भी निर्णय नहीं लिया गया गया है और इस वादे को 31माह होने जा रहा है इस हिसाब से भूपेश सरकार प्रदेश के प्रत्येक बेरोजगार युवक की 77500 रू की कर्जदार है। भाजयुमो ने जल्द से जल्द प्रदेश के सभी बेरोजगार युवाओं का बेरोजगारी भत्ता दिये जाने की मांग की है। मांग करने वालों में प्रमुख रुप से भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल महामंत्री जितेंद्र साहू, भाजयुमो उपाध्यक्ष छत्रपाल वर्मा, राघवेंद्र राजपूत, सोशल मीडिया प्रभारी टेकराम साहू, कोषाध्यक्ष दुधे साहू, राधे राम, मंत्री टीकम साहू, प्रचार प्रसार प्रमुख टुकेश साहू, सोशल मीडिया प्रभारी धीरज वर्मा, अनिल डहरे, भाजयुमो कार्यकर्ता वाकेश, हेमंत साहू, सोनू, मंगतू राम, रामकुमार लहरे आदि शामिल हैं।

# चौथे चरण : अनियमित कर्मचारियों ने कांग्रेस अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपकर वादा याद दिलाया

**पायनियर संवाददाता ➤ बालोद**
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के घोषणा पत्र अनुसार कांग्रेस के जनप्रतिधि अनियमित कर्मचारियों के संघर्ष के दिनों में अनियमित कर्मचारियों के मंच में जाकर कांग्रेस की सरकार बनते ही 10 दिवस में अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने का वादा किया था। वादे के अनुरूप कांग्रेस के जन-घोषणा पत्र (वचन पत्र) ''दूर दृष्टि का पक्का इरादा, कांग्रेस करेगी पूरा वादा'' के बिंदु क्रमांक 11 एवं 30 में अनियमित कर्मचारियों के नियमितिकरण करने, छटनी न करने तथा आउटसोंसिग बंद करने का उल्लेख है। मुख्यमंत्री द्वारा स्वयं कर्मचारियों के नियमितिकरण की बात कही गई थी। किन्तु 3 वर्ष बीत जाने के उपरांत भी अनियमित कर्मचारी का नियमितिकरण लंबित है। जिस हेतु 'छत्तीसगढ़ संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ' के द्वारा 7 चरणों में आंदोलन किया जा रहा है। जिसमें तृतीय चरण ''वादा के सूरता म'' में मुख्यमंत्री हाउस का घेराव कार्यक्रम में 36 घंटे आमरण अनशन में बैठकर और हजारों की संख्या में अनियमित कर्मचारी हड़ताल के साथ मुख्यमंत्री निवास घेराव को पूर्ण किया गया। तदोपरांत चौथे चरण प्रदेश के समस्त जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपकर नियमितिकरण घोषण पत्र एवं वायदे की याद दिलाई जा रही है जिसके अंतर्गत आज बालोद जिला कांग्रेस अध्यक्ष चन्द्रप्रभा सुधाकर को ज्ञापन सौंपकर चुनाव के दिनों में किये गये वायदे की याद दिलाई गई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा आश्वस्त किया गया कि वह स्वयं मुख्यमंत्री इस संबंध में चर्चा करेंगी तथा कर्मचारियों के नियमितिकरण अनिवार्यतः किये जाने की बात कही। उक्त मौके पर छग संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ के कार्यकारी जिला अध्यक्ष बालोद एवं प्रदेश सह सचिव भूपेन्द्र साहू, जिला अध्यक्ष रीता शर्मा, जिला उपाध्यक्ष दीपमाला यदु, तुकेश्वर साहू, देव साहू, तारकेश्वर, पवन एवं अन्य अनियमित कर्मचारी उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला मिडिया प्रभारी शुभम साहू द्वारा दी गई।

# राज्य अजजा आयोग के अध्यक्ष ने वन अधिकार पट्टा एवं जाति प्रमाण पत्र के संबंध में की चर्चा

**पायनियर संवाददाता ➤ बालोद**
www.dailypioneer.com



राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह (केबिनेट मंत्री दर्जा) ने बुधवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में वन अधिकार पट्टा एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के जाति प्रमाण पत्र के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जनजाति वर्ग के जाति प्रमाण पत्र नियमानुसार समय पर बनाया जाए। उन्होंने जिले में व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र, सामुदायिक वन अधिकार पत्र एवं सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र वितरण की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओ का जिले के अनुसूचित जनजाति क्षेत्रों में बेहतर क्रियान्वयन करें, जिससे उसका लाभ अनुसूचित जनजाति वर्ग के हितग्राहियों को मिले।

**811 आवेदनों के अस्थाई जाति प्रमाण पत्र तैयार किए गए-** कलेक्टर जनमेजय महोबे ने बताया कि जिले में अनुसूचित जनजाति वर्ग के विकास के लिए बेहतर कार्य किए जा रहे है। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के 60 हजार 592 आवेदन जाति प्रमाण पत्र बनाए जाने हेतु प्राप्त हुए, जिसमे से 46 हजार 509 आवेदनों का अनुमोदन किया गया। 811 आवेदनों के अस्थाई जाति प्रमाण पत्र तैयार किए गए है। उन्होंने बताया कि जिले में 1 हजार 780 व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र, 792 सामुदायिक वन अधिकार पत्र एवं 11 सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र वितरण किया गया है। कलेक्टर ने बताया कि वन अधिकार पट्टा भूमि पर कृषि कार्य हेतु आवश्यकतानुसार भूमि समतलीकरण, में बधान, खाद बीज वितरण, विद्युत व्यवस्था के लिए कार्य किए गए है। उन्होंने बताया कि जिले के आदिवासी विकासखण्ड डौण्डी के ग्राम सिंघोला के पारा सुकड़ीगुहान के कमार जनजाति के लोगों को आजीविका संवर्धन की गतिविधियों से जोड़ने, उन्हें बॉस शिल्प का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे वे बेहतर आमदनी अर्जित कर सकेंगे। इस अवसर पर आयोग की उपाध्यक्ष सुश्री राजकुमारी दीवान (राज्य मंत्री दर्जा), आयोग के सदस्य नितिन पोटाई और गणेश सिंह ध्रुव, सचिव केएस ध्रुव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डीआर पोर्ते, एसडीएम बालोद आरएस ठाकुर, एसडीएम गुरूर अमित श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

### शासकीय अधिकारी-कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों से की चर्चा

आयोग के अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने जिले के अनुसूचित जनजाति शासकीय अधिकारी, कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों से विभिन्न विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा अनुसूचित जनजाति वर्ग के हितों की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। जिससे अनुसूचित जनजाति वर्ग का बेहतर विकास हो सके। संघ के पदाधिकारियों ने भी विभिन्न विषयों पर चर्चा कर अपने सुझाव भी साझा किए। इस दौरान श्री सिंह ने जिले से आयोग को प्राप्त प्रकरणों की सुनवाई की। सुनवाई में कुल छह प्रकरण रखे गए थे।

# श्रम संगठनों ने सीजीएम को ज्ञापन सौंपा

**पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा**
www.dailypioneer.com

राजहरा खदान समूह के श्रम संगठन एटक के सचिव कमलजीत सिंह मान, इंटक के संगठन सचिव अभय सिंग और खदान मजदूर संघ भिलाई के महामंत्री एम पी सिंग ने संयुक्त रूप से एक ज्ञापन डायरेक्टर इंचार्ज भिलाई इस्पात संयंत्र के नाम मुख्य महाप्रबंधक राजहरा खदान समूह के कार्यालय भवन में सौंपकर ठेका कार्यों में पारदर्शिता लाने एवं दस वर्षों अथवा उससे अधिक समय तक लगातार कार्य करने वाले सभी ठेका श्रमिकों को पूर्व की तरह डीपीआर करने की मांग की और तीनों श्रमिक संगठन के नेताओं ने बताया कि वर्तमान में ऐसे कई ठेके हैं जिनमें पहले नियमित कर्मी कार्य करते थे। नियमित कर्मियों की संख्या कम होने से विगत एक दशक से अधिक समय से ऐसे कार्यों को प्रबंधन ठेका पद्धति से करा रहा है जैसे - प्लांट मेंटेनेंस, टिपर मेंटेनेंस, अस्पताल में एम्बुलेंस ड्राइवर, खदान में टिप्पर, जीप आदि के ड्राइवर्स, नाम बदलकर प्लांट में मक क्लीनिंग इत्यादि। इसके अलावा नित्य नए कार्य ठेके हेतु निविदा बुलाई जाती है। इन कार्यों में कार्य करने हेतु श्रमिकों को लेकर श्रम संगठनों एवं प्रबंधन के बीच विवाद होना देखा जा रहा है। उक्त विवाद के लिए हम सभी श्रम संगठन प्रमुख रूप से प्रबंधन को जिम्मेदार मानते हैं।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)**

(Office E-mail-ID-eekon-phe-cg@nic.in)

**संशोधन क्रमांक-01**

**जी क्रमांक :- 63505**

इस कार्यालय का निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 29/व.ले.लि./का.अ./लो.स्वा.यां. खण्ड/2021 कोण्डागांव, दिनांक 24.08.2021 में अपरिहार्य कारणों से निम्नानुसार आंशिक संशोधन किया जाता है:-

निविदा प्रपत्र क्रय करने के लिये खण्ड कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की पूर्व निर्धारित तिथि 22.09.2021 के स्थान पर दिनांक 01.10.2021 निर्धारित की जाती है। निविदा की शेष शर्ते यथावत रहेगी।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड,**
**कोण्डागांव(छ.ग.)**

G- 63902/3

## क्विक न्यूज

### कोदवा बानी में माँ चंद्रहासिनी महिला समूह की गठन की गई



**मुंगेली।** समीपस्थ ग्राम पंचायत कोदवाबानी में महिला समूह के द्वारा हिन्दू देवी देवताओं की प्रतिमा में दीप व नारियल फेड़कर बैठक आहूत की गई। जिसमें आई सी आर पी टीम के मार्गदर्शन में बिहान योजना के तहत, महिलाओं की महत्वपूर्ण बैठक में माँ चंद्रहासिनी महिला स्व सहायता समूह की गठन की गई। महिला समूह में अध्यक्ष गुलाबा साहू, लेखापाल कविता राजपूत, सचिव सरस्वती साहू सदस्यगण अन्नपूर्णा राजपूत, खेमबाई साहू, राजमती साहू, गुलाबा जायसवाल, रानी साहू, द्रोपती साहू, सरिता राजपूत, मंगलीन साहू, अमरीका राजपूत को शामिल की गई। माँ चंद्रहासिनी महिला स्व सहायता समूह की गठन करने में आई सी आर पी टीम में सुरेखा खाण्डे, शबनम अंसारी, कौशिल्या सागर, संतरा गांगुली सहित ग्रामीणजनों के विशेष सहयोग मिली।

### जिला उपभोक्ता संरक्षण परिषद के गठन के लिए आवेदन 30 तक

**मुंगेली।** जिला उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार जिले में जिला उपभोक्ता संरक्षण परिषद का गठन किया जाएगा। जिला खाद्य अधिकारी ने आज यहां बताया कि जिला उपभोक्ता संरक्षण परिषद में एक सलाहकार परिषद होगी। इस हेतु अशासकीय सदस्यों का चयन किया जाएगा। उपभोक्ता संरक्षण क्षेत्र में सक्रिय इच्छुक व्यक्ति अथवा संस्था पूर्ण बायोडेटा एवं उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में किये गये कार्यो के विवरण के साथ आवेदन पत्र कलेक्टोरेट स्थित खाद्य शाखा मुंगेली में 30 सितंबर 2021 तक प्रस्तुत कर सकते। अधिक जानकारी के लिए जिला खाद्य अधिकारी के कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

# एक और फर्जी मैट्रिमोनियल ऑफिस का भंडा फोड़ किया कोतवाली पुलिस ने

■ आरोपी को बिलासपुर से गिरफ्तार कर भेजा गया रिमांड पर

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com



गुरूग्राम हरियाणा के एक व्यक्ति के साथ मैरिज ब्यूरो के संचालक द्वारा धोखाधड़ी कर हजारों रूपये अपने खाते में ट्रांसफर कराने की शिकायत पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर से माह अगस्त 2021 को एसपी आफिस रायगढ़ को प्राप्त हुआ जिसे जांच के लिये थाना प्रभारी कोतवाली की ओर भेजा गया। घटना वर्ष 2019 की है, उस समय मैरिज ब्यूरो का संचालन कोतरारोड़ सावित्रीनगर से संचालित हो रहा था। घटना के संबंध में 29 अगस्त को थाना कोतवाली में मैरिज ब्यूरो के संचालक के विरूद्ध धारा 419, 420 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी मूलतरू ओडिशा का रहने वाला है जो रायगढ़ के बाद बिलासपुर में जाकर मैरिज ब्यूरो का आफिस खोलकर वहां भी फर्जीवाड़ा प्रारंभ किया था, जिसे अपराध दरम्यान कोतवाली पुलिस गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

पीड़ित शिकायतकर्ता के शिकायत पत्र के अनुसार उसने समाचार पत्र के मेट्रोमोनियल के विज्ञापन पर दिये गए मोबाईल नम्बरों से सम्पर्क किया। उसे भावना नाम से कोई महिला बात की, जो इसे आपकी पसंद का जीवन साथी उपलब्ध करा देंगें बताई और करूणा दूबे नामक किसी पढी लिखी नौकरी वाली महिला का हवाला शादी करने के लिए दी। भावना रजिस्ट्रेशन फीस 2000 रू खाते में जमा करने को कहने पर पीड़ित जमा किया। करूणा दुबे नामक महिला बेवा तथा बगैर बाल बच्चे वाली बताई और प्रतिदिन कॉल कर जल्द शादी कर लेंगे कहकर पीड़ित को फंसाये रखी। करूणा दुबे किसी न किसी बहाने से इससे रूपये अपने खाते में डालने को कहती थी। पीड़ित उसके झांसे में आकर उसके खाते में 5 हजार, 10 हजार, 25 हजार रूपये ट्रांसफर कर चुका था। एक बार महिला उसकी बहन और भांजी का एक्सीडेंट हो जाने पर ईलाज के लिये पीड़ित तीन लाख रूपये मांगी, तब रूपये नहीं व्यवस्था हो पाना बताया जिसके बाद करूणा दूबे अपना मोबाईल नम्बर बंद कर दी है। जांच पर पाया गया कि आरोपी जीतू महानंदा नामक व्यक्ति पहले रायगढ़ में पायवेट काम कर स्वयं कोतरारोड़ में मैरिज ब्यूरो का संचालन करता था, जिसके बाद जीतू महानंदा बिलासपुर चला गया, वहां भी एक मैरिज ब्यूरो खोल रखा था, लॉकडाउन के बाद से आफिस लंबे समय से बंद है।

जीतू महानंदा बताया कि कोतरारोड़, रायगढ़ में मैरिज ब्यूरो आफिस से गुरूग्राम हरियाणा के व्यक्ति की शादी कराने के नाम से अपने एकाउन्ट में पैसा मंगाया व अज्ञात महिला का फोटो दिखाकर अलग-अलग महिला कभी भावना, कभी करूणा दूबे कभी सिमरन सिंह तथा कभी गोपी शर्मा बनकर महिलाओं के अवाज में आवाज बदल बदल कर लोगों से बात करता था। कोतवाली पुलिस आरोपी जीतू महानंद के बैंक अकाउंट के डिटेल निकालकर आरोपी तक जा पहुंची, जिसे बिलासपुर से हिरासत में लेकर रायगढ़ लाया गया। आरोपी जीतू महानंदा उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम ठेमरा थाना सिनिकला जिला बलांगीर (उडिसा) हाल मुकाम मेडिकल काम्पलेक्स तेलीपारा बिलासपुर को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

## भाजपा जांजगीर-चांपा का सड़कों को लेकर जन आंदोलन आज



पायनियर संवाददाता ◀ जांजगीर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी जांजगीर-चांपा जिला द्वारा आगामी 24 सितंबर को दोपहर 2.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक जिला मुख्यालय जांजगीर के कचहरी चौक में जांजगीर-चांपा जिले की खस्ताहाल- जर्जर सड़कों के विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा के महामंत्री एवं जांजगीर-चांपा विधायक नारायण चंदेल के नेतृत्व में आंदोलन की शुरुआत की जाएगी, तथा इस आंदोलन कार्यक्रम में जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र के सांसद गुहाराम अजगळे, अकलतरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक सौरभ सिंह एवं भाजपा जांजगीर-चांपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा सहित जिले के सभी भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, निर्वाचित शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के भाजपा समर्थित जनप्रतिनिधि गण, पार्टी के पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चा/प्रकोष्ठओं के कार्यकर्ता गण उपस्थित रहेंगे,ज्ञात हो कि जांजगीर-चांपा जिले में वर्तमान में प्रमुख मार्गों एवं रास्तों की जर्जर स्थिति एवं खस्ताहाल स्थिति को देखते हुए यह आंदोलन किया जा रहा है,एवं जांजगीर-चांपा विधायक नारायण चंदेल द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित खस्ताहाल सड़कों के संबंधित विभागों को भी अनेकों बार पत्र लिखकर एवं स्वयं मिलकर अवगत कराया जा चुका है, किंतु इसके बावजूद सड़कों की स्थिति नहीं सुधर रही है, एवं जांजगीर-चांपा जिले के बनारी से लेकर जांजगीर शहर होते हुए चांपा गेमन पुल एवं पीआईएल होते हुए घाटोली चौक, मालखरौदा से डभरा एवं डभरा से चंद्रपुर, डभरा से भद्री चौक, शक्ति नगर पालिका क्षेत्र में ही अग्रसेन चौक से राजापारा होते हुए कसेर पारा, नंदेली भाटा चौक एवं रगजा मसनिया सहित जिले के अनेकों स्थानों में ऐसे प्रमुख मार्ग हैं जिनकी स्थिति काफी जर्जर हो चुकी है।

## कलेक्टर ने दी वैवाहिक कार्यक्रम, होटल तथा मैरिज हॉल में आयोजित कार्यक्रम में अधिकतम 150 व्यक्तियों के शामिल होने की अनुमति

पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अजीत वसंत ने दंड प्रक्रिया सहिता 1973 की धारा 144 आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 30, 34 सहपठित एक्ट, 1897 यथासंशोधित 2020 द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अधीन पूर्व में जारी आदेष में आंषिक संषोधन करते हुए वैवाहिक कार्यक्रम निवास गृह, होटल तथा मैरिज हॉल में आयोजित कार्यक्रम में अधिकतम 150 व्यक्तियों के शामिल होने की अनुमति दी है। उन्होने वैवाहिक कार्यक्रम, होटल तथा मैरिज हॉल में कोविड-19 के प्रोटोकाल का कड़ाई से पालन किये जाने की शर्त पर कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति दी है। इसी प्रकार अंत्येष्टि, दशगात्र इत्यादि मृत्यु संबंधी कार्यक्रम में शामिल होने वाले व्यक्तियों की कुल अधिकतम संख्या 50 रहेगी। होटल, मैरिज हॉल में आयोजन के दौरान सभी पक्षों को मिलाकर मैरिज हॉल की क्षमता के 50 प्रतिशत सीमा के अधीन अधिकतम 150 व्यक्ति ही शामिल हो सकेंगे, जिसकी सूची मैरिज हॉल के संचालक द्वारा संधारित की जाएगी। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति/ प्रतिष्ठानों पर आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 51-60 तथा अन्य सुसंगत विधि अनुसार कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# बंद मकान का ताला तोड़ धान बोरी की चोरी करने वाले दो चोर गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com



बुधवार की दोपहर थाना घरघोड़ा में ग्राम नवाडीह कुडुमकेला में रहने वाला राज सिंह मांझी पिता राम लाल मांझी उम्र 27 वर्ष उसके घर बीते रात गांव के तीन युवक उसके मकान का ताला तोड़कर दो कट्टा धान व करीब 200 मीटर प्लास्टिक पानी पाइप को चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया। रिपोर्टकर्ता बताया कि नवाडीह बस्ती स्कूल के पास इंदिरा आवास भवन बनाकर परिवार सहित रहता है। 21 सितंबर की शाम 6 बजे आवास को ताला बंद कर बस्ती के घर आ गये थे। सुबह 06 बजे इंदिरा आवास भवन गया तो देखा कि दरवाजा का ताला टूटा था, कमरे अंदर रखे दो कट्टा (40-40 ज्ञह) एवं 200 मीटर प्लास्टिक पानी पाइप नहीं था। आसपास देखा तो धान गिरते हुए लोचन मांझी, चनेश मांझी, वेदराम मांझी के घर तरफ गिरा मिला। तब चनेश राम मांझी को पुछताछ करने पर वेदराम, लोचन मांझी के साथ रात्रि में कमरे का ताला तोडकर धान एवं प्लास्टिक पाईप को चोरी कर लाना बताया। रिपोर्टकर्ता के रिपोर्ट पर लोचन मांझी, चनेश मांझी, वेदराम मांझी के विरूद्ध धारा 457,380,34 पंजीबद्ध कर घरघोड़ा पुलिस आरोपियों की पतासाजी में जुट गई। आरोपी लोचन प्रसाद मांझी उम्र 27 साल एवं चनेश मांझी उम्र 29 साल दोनों निवासी नवाडीह कुडुमकेला, थाना घरघोड़ा को गिरफ्तार कर उनसे चोरी की मशरूका दो कट्टा धान व पाइप जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी वेदराम मांझी फरार है, जिसकी पतासाजी की जा रही है।

## 28 लीटर कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**मुंगेली।** विभिन्न राज्यों में जहरीली शराब से हुई जनहानि को ध्यान में रखते हुए सचिव सह आबकारी आयुक्त छ.ग. एवं प्रबंध संचालक मार्केटिंग कार्पोरेशन द्वारा मदिरा के अवैध आसवन पर नियंत्रण एवं कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। इसी तारतम्य में कलेक्टर मुंगेली अजीत वसंत के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी रामकृष्ण मिश्रा के मार्गदर्शन में 22 सितंबर को आबकारी वृत्त पथरिया अन्तर्गत आरोपी शंकर केवट पिता भगऊ राम निवासी ग्राम परसिया, पुलिस चौकी साकेत, थाना-पथरिया, जिला-मुंगेली के कब्जे से 28 लीटर हाथभट्टी कच्ची शराब जप्त कर 34(2),59 (क) आबकारी एक्ट के तहत् अपराध दर्ज करके आरोपी को जेल दाखिल किया गया। उक्त कार्यवाही में आबकारी वृत्त पथरिया प्रभारी उत्तम बुद्ध भारद्वाज , मुख्य आबकारी आरक्षक सुनील कुमार उरांव, आबकारी आरक्षक वीरभद्र जायसवाल, आबकारी आरक्षक जयेन्द नन्दागौरी, नगर सैनिक शम्भु बर्मन, महिला नगर सैनिक बिन्दीया राजपूत का विशेष योगदान रहा।



## भाजपा मंडल ने दी युद्धवीर एवं भाटिया को श्रद्धांजलि



पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल शक्ति द्वारा चंद्रपुर के पूर्व विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन बेवरेज कॉरपोरेशन के पूर्व चेयरमैन युद्धवीर सिंह जूदेव एवं खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक राजिंदरपाल सिंह भाटिया के विगत दिनों हुए आकस्मिक निधन पर 22 सितंबर शक्ति शहर के संस्कार भवन नारायण सागर रोड शक्ति में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, इस दौरान जहां दिवंगत भाजपा नेताओं को पुष्पांजलि देकर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उन्हें स्मरण करते हुए उनके योगदान को देखते हुए भाजपा के लिए इसे एक क्षति बताया तो वहीं भाजपा नगर मंडल शक्ति द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामअवतार अग्रवाल, छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह गबेल एवं भाजपा शक्ति नगर मंडल अध्यक्ष अनूप अग्रवाल ने कहा कि युद्धवीर सिंह जूदेव एवं राजिंदर पाल सिंह भाटिया का निधन पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है, तथा जूदेव परिवार का सदैव शक्ति क्षेत्र से लगाव रहा एवं चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र से जुदेव् परिवार ने दो बार जीत दर्ज की, उनके निधन से हम सभी दुखी हैं,श्रद्धांजलि सभा को जिला भाजपा मंत्री संजय रामचंद्र, जिला भाजपा कार्यसमिति सदस्य मांगेराम अग्रवाल, पूर्व महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्रीमती अनीता सिंह ने भी संबोधित करते हुए भाजपा नेताओं के निधन को पार्टी परिवार के लिए गहरा सदमा एवं पार्टी की ओर से दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की।

## समाजसेवी घनश्याम अग्रवाल की पुण्यतिथि पर कराया लोगों को भोजन

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com



शहर में सदैव सेवा कार्यों एवं जनहित के कार्यों में अग्रणी योगदान देने वाले शहर के बालाजी ट्रेडर्स के संचालक एवं छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पूर्व संरक्षक जुगमंदर अग्रवाल के सुपुत्र स्व. घनश्याम अग्रवाल पप्पू भैय्याकी 23 सितंबर को प्रथम पुण्यतिथि के मौके पर बालाजी परिवार द्वारा स्टेशन रोड में लोगों को भोजन कराया गया, साथ ही इस अवसर पर दीन-दुखियों, जरूरतमंदों की सेवा एवं विभिन्न सेवा के काम किए गए तथा स्व. घनश्याम अग्रवाल पप्पू की प्रथम पुण्यतिथि पर उनके परिवार जनों एवं इष्ट मित्रों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है, तथा उनके सुपुत्र एवं छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच शक्ति इकाई के अध्यक्ष मयंक अग्रवाल शानू ने भी इस अवसर पर कहा कि उनके पूज्य पिता ने सदैव उन्हें अच्छे संस्कार देकर सेवा कार्यों को करने की प्रेरणा दी है, तथा उनका परिवार सदैव सेवा के काम एवं धार्मिक कार्यों में भी अपना योगदान देता है, उल्लेखित हो कि बालाजी ट्रेडर्स परिवार द्वारा शक्ति शहर से लगे हरेठी में पंचमुखी दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर की स्थापना की गई है, तथा प्रत्येक वर्ष हनुमान जयंती के मौके पर भी वृहद रूप से जयंती महोत्सव का कार्यक्रम एवं सार्वजनिक भंडारा प्रसाद का कार्यक्रम संपन्न कराया जाता है, जिसमें पूरे परिवार सहित लोग शामिल होते हैं, वही घनश्याम अग्रवाल पप्पू का निधन विगत वर्ष अस्वस्थता के चलते हो गया था, तथा स्व. घनश्याम अग्रवाल पप्पू को लोग उनके कार्यों के लिए आज भी स्मरण करते हैं, एवं सदैव लोगों के संकट में सामने आकर उनका सहयोग करना एवं साथ देना उनकी खूबियों में शामिल था, तथा धार्मिक क्षेत्र में भी जहां कहीं लोगों को किसी भी प्रकार की आवश्यकता होती थी वह अपना बढ़-चढ़कर योगदान देते थे।

## कोरोना महामारी कम हुई है, खत्म नहीं, टीका लगवाएं और जागरूक रहें : गीता नेवारे

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com



कोरोना महामारी से बचाव के लिए देश में लगातार टीकाकरण किया जा रहा है। वहीं लोग बढ़ चढ़कर टीका लगवाने सेंटरों तक पहुंच रहे है। साथ ही कानूनी दायरे में अगर कोई सेंटर नहीं पहुंच पा रहा है तो छत्तीसगढ़ सरकार उनलोगों तक पहुंच रही है।उक्त विचार उप जेल सकती में आयोजित साप्ताहिक जेल अधीक्षक एव बन्दियों को द्वितीय वैक्सीन टीकाकरण के अवसर पर कही,ज्ञात हो कि कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए लोग एहतियात तो बरत ही रहें हैं साथ ही बचाव के लिए टीके भी लगवा रहें हैं। इसी कड़ी में जून माह में न्यायाधीश गीता नेवारे के मुख्यातिथ्य में व न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेश्वरी सूर्यवंशी की अध्यक्षता में उपजेल सक्ती में कोविशिल्ड टीके का पहला डोज लगाया गया था। टीकाकरण शिविर में स्वयं न्यायाधीश ने प्रथम डोज लगवाया था, अब 84 दिन पूर्ण होने के बाद 22 सितंबर को उपजेल में दूसरे दोझक शिविर लगाया गया, वहीं नए बंदियों को प्रथम डोज भी लगाया गया। न्यायधीश गीता नेवारे ने भी टीकाकरण शिविर के माध्यम से कोविशिल्ड का दूसरा डोज लगवाया। वहीं टीका लगने के बाद न्यायाधीश ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोरोना महामारी का प्रकोप हमारी सजगता से कम हुआ है लेकिन अभी भी कोरोना खत्म नहीं हुआ है और इससे पूरी तरह से निजात पाने के लिए हमें शत प्रतिशत वैकसिनेटेड होना है, और साथ ही स्वास्थ्य विभाग की गाइड लाइन का पालन भी करते रहना है। शिविर की अगली कड़ी में न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेश्वरी सूर्यवंशी ने कहा कि अभी भी तीसरी लहर को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन सहित स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा भी सतर्कता बरतने को कहा जा रहा है जिसका हमें कड़ाई और स्वेच्छा से पालन करना चाहिए। उपजेल सक्ती के अधीक्षक सतीश भार्गव ने बताया कि शिविर अंतर्गत कोविशिल्ड का दूसरा डोज 117 बंदियों सहित 8 जेल के कर्मचारियों ने भी लगवाया वहीं न्यायाधीश मैडम द्वारा स्वयं दूसरा डोज लगवाकर शिविर प्रारंभ किया गया।

# आबकारी उड़नदस्ता टीम प्रभारी रंजीत गुप्ता की ताबड़तोड़ कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com



कलेक्टर भीम सिंह के मार्गदर्शन में एवं सहायक आयुक्त आबकारी प्रकाश पाल के निर्देशन में आबकारी उड़नदस्ता टीम अवैध महुआ शराब के विरुद्ध लगातार कार्यवाही जारी रखे हुए है। इसी क्रम में बुधवार को मुखबिर की सूचना पर लामीदरहा थाना चक्रधरनगर निवासी छोटेलाल एक्का के कब्जे से 32 लीटर महुआ शराब जप्त की गई। वही गोवर्धनपुर थाना चक्रधर नगर निवासी डमरूधर लकड़ा के कब्जे से 34 लीटर महुआ शराब जप्त की गई तथा गोवर्धनपुर थाना चक्रधर नगर निवासी सुनील खलखो के कब्जे से 12 लीटर महुआ शराब जप्त की गई। तीनों आरोपियों को छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)क 34(2) एवं 59 (क) के तहत दंडनीय एवं गैर जमानती अपराध करने पर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में रिमांड हेतु प्रस्तुत किया गया। जहां से तीनों को न्यायालय ने जेल दाखिल का आदेश प्रदान किया। उक्त कार्यवाही उड़नदस्ता प्रभारी रंजीत गुप्ता के नेतृत्व में की गई हमराह स्टाफ में नगर सैनिक कन्हैया साहू, निर्मल साव, अजय कसेर एवं महिला सैनिक उर्सेला एक्का एवं सरोज कंवर उपस्थित रहे।

## मुंगेली जिले से अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग में संजय यादव को प्रदेश महामंत्री को अहम दायित्व दिया

**मुंगेली।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, गृह मंत्री एवम अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष ताम्रध्वज साहू, केबिनेट मंत्री मो. अकबर, प्रदेष अध्यक्ष मोहन मरकाम, पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय समन्वयक अहमद खुर्शीद, सह समन्वयक दिनेश कुमार, एवम छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के ओबीसी विभाग के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव के अनुशंसा पर अहम जिम्मेदारी दिया गया है,इसी तारतम्य में मुंगेली जिले से भी अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग में संजय यादव को प्रदेश महामंत्री को अहम दायित्व दिया गया है,संजय यादव कई सालों से सक्रिय राजनीति करते आ रहे हैं, श्री यादव अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग में ही पूर्व में जिलाध्यक्ष रह चुके हैं, जिसके तहत उनके कार्यो को देखते हुए उन्हें इस बार प्रदेश में जिस तरह से महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दिया गया इसको लेकर संजय यादव के समर्थकों एवँ यादव समाज सहित अन्य पिछड़ा वर्ग ने हर्ष जताया है और उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना किये हैं।

## रायगढ़ सीएसपी का सीतापुर तबादला

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के कई जिलों में नगर पुलिस अधीक्षकों की अदला- बदली कर दी गई है। बलौदाबाजार, राजनांदगांव, बिलासपुर, रायपुर तथा राजनांदगांव में टेऊनी आईपीएस को अलग- अलग जिलों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। रायगढ़ सीएसपी चंद्रकांत गवर्ना को सीतापुर एसडीओपी बनाया गया है उनके स्थान पर योगेश कुमार पटेल को रायगढ़ का सीएसपी बनाया गया है।

# कलेक्टर ने किया जिले के ग्राम फास्टरपुर स्थित शासकीय महाविद्यालय का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा जिले में निर्माण एवं विकास कार्यो के साथ-साथ शैक्षणिक संस्थाओं का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।

इसी कड़ी में उन्होने जिले के विकास खण्ड मुंगेली के ग्राम फास्टरपुर (नागोपहरी) स्थित शासकीय महाविद्यालय का निरीक्षण किया और उन्होने संबंधितों से महाविद्यालय के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। तत्पष्चात् कलेक्टर श्री वसंत ने महाविद्यालय का भ्रमण कर निर्माण कार्यो का भी अवलोकन किया। इस दौरान उन्होने ब्लेक बोर्ड का सुधार करने अथवा ग्रीन बोर्ड लगाने और खिडकियों के ऊपर पतले तार से निर्मित जाली लगाने और महाविद्यालय की साफ-सफाई तथा परिसर के सौदर्यीकरण के संबंध में आवष्यक निर्देष दिये। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित व्यास एवं लोक निर्माण विभाग के प्रभारी कार्य पालन अभियंता भी मौजूद थे।

## क्विक न्यूज

### धनंजय के नेतृत्व में धर्मांतरण जागरूकता एवं सशिक्तकरण कार्यक्रम आयोजित



**बलौदा बाजार।** जिला साहू समाज बलौदाबाजार द्वारा जिला अध्यक्ष धनंजय साहू के नेतृत्व में ग्राम तुरमा में गत दिवस धर्मांतरण जागरूकता एवं समाज सशिक्तकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष धनंजय साहू ने कहा कि समाज को सशक्त करना आवश्यक है. सशक्त समाज ही विकास कर सकता है। उन्होंने आगे कहा कि किसी भी प्रकार कि विकट परिस्थिति उत्पन्न हो जाये लोगों को अपने धर्म को नहीं छोड़ना चाहिए. धर्म हमारी संस्कृति व परंपरा की पहचान है। जिसे आगे बढ़ाने में हम सबकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। किसी भी व्यक्ति के बहकावे में आकर धर्मान्तरण न करें। इस अवसर पर, साहू समाज जिला महामंत्री बुधराम साहू, पंचराम साहू, मोहन साहू, तहसील अध्यक्ष सुशील साहू, बाबूराम साहू, पुनीतराम साहू, गुरूचरण, क्रांति कुमार, अलखराम, रतनलाल, सरजू प्रसाद, रामप्रसाद, धनेश्वर प्रसाद, सुखराम, पुनमचंद साहू सहित सामाजिक जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### विवाह अंत्येष्टि एवं दशगात्र कार्यक्रमों के लिए अधिकतम संख्या निर्धारित

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने आदेश जारी करते हुए विवाह,अंत्येष्टि एवं दशगात्र कार्यक्रमों के लिए पुनः अधिकतम सँख्या निर्धारित की है।जिले में कोविड-19 संक्रमण दर में कमी आने के फलस्वरूप अपनें पूर्व आदेश में संशोधन करते हुए कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करने की शर्त पर अंत्येष्टि, दशगात्र इत्यादि मृत्यु संबंधी कार्यक्रम के लिए 50 एवं विवाह कार्यक्रम के लिए अधिकतम संख्या 150 निर्धारित की गयी है।

# नगर पालिका ने नगर सेना विंग को दिए थे एक फायर ब्रिगेड अब इनके पास फोम कम्पार्टमेंट की दो और गाड़ियां आ गई

- नगर सैनिकों की व्यवस्था और शस्त्रों की जांच के लिए पहुंचे डीसी आरके पांडे

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com





शहर की सुरक्षा गतिविधियों और समय-समय पर पुलिस ड्युटी के दौरान उन्हें सहयोग करने के लिए काम कर रही नगर सेना के संसाधनों में धीरे-धीरे ही सही पर सुधार की दिशा पर कार्य हो रहे हैं। नगर सेना विंग के संसाधनों पर हो रहे बेहतर बदलाव को डिवीजन कमांडेंट ने राजेश पांडे ने सराहा है। गुरूवार को स्टोर वेरीफिकेशन बोर्ड के साथ रानी बगीचा स्थित जशपुर जिले के नगर सैनिक कार्यालय पहुंचे डिवीजन कमांडेंट राजेश पाण्डे ने पायनियर से विशेष चर्चा करते हुए डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट योग्यता साहू के कार्यों की सराहना की। उन्होंने बताया कि जब वे पहली बार 2018 में जशपुर नगर सैनिक कार्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे थे तो यहां की बदहाल स्थिति देखकर आश्चर्य चकित हो गए थे। कार्यालय में न तो बाउंड्रीवाल थे और न ही कर्मचारियों के लिए कोई बेहतर संसासधन। कार्यालय के बाहर जानवर घूमते रहते थे। लेकिन योग्यता साहू के द्वारा पदभार ग्रहण करने के बाद यहां की स्थिति में बहुत अधिक बदलाव आए हैं। बाउंड्रीवाल से लेकर कई बेहतर बदलाव यहां हुए हैं। एक पार्क भी बनवाया गया है।

**एसवीएफ की टीम का निरीक्षण** - डिवीजन कमांडेंट राजेश पांडे ने बताया कि संभाग के सभी जिलों का समय-समय पर स्टोर वेरीफिकेशन किया जाता है। एसवीएफ यानि स्टोर वेरीफिकेशन बोर्ड के साथ गुरूवार को नगर सैनिक कार्याल जशपुर के स्टोर में रखे शस्त्र और संसाधनों की जांच की गई जिसमें सभी सुरक्षित पाए गए। उन्होंने बताया कि एसवीएफ में डिवीजन कमांडेंट राजेश पांडे, एसक कठौतिया अंबिकार जिला कमांडेंट, संजय गुप्ता सूरजपुर जिला कमांडेंट शामिल थे। उन्होंने जिला जशपुर कमांडेंट योग्यता साहू की उपस्थिति में नगर सैनिक कार्यालय के स्टोर रूम और अन्य दस्तावेजों की बारिकी से जांच व निरीक्षण किया।

**फायर सेफ्टि में बेहतर कार्य** - डिवीजन कमांडेंट आरके पांडे ने बताया कि जशपुर नगर पालिका द्वारा संचालित फायर सेफ्टि के फायर ब्रिगेड वाहन को एक साल पहले नगर सैनिक कार्यालय को ट्रांसफर किया गया। इस दौरान नगर सैनिक कार्यालय को एक पुरानी दमकल गाड़ी नगर पालिका की ओर से दी गई जिसमें सुरक्षा से जुड़े कई संसाधनों की कमी थी और उनके पास कुशल टीम भी नहीं थी। नगर सैनिक कार्यालय द्वारा अधिग्रहण किए जाने के बाद नगर सैनिकों टीम को विशेष ट्रेनिंग दिलाई गई और 24 घंटे ड्युटी को रोस्टर तैयार किया गया। 101 टोल फ्री नंबर पर कॉल करने से 2 मिनट के भीतर रिस्पांस देने की व्यवस्था बनाई गई है। साथ ही पुरानी दमकल के साथ अब नगर सैनिक कार्यालय को फोम कम्पार्टमेंट वाली नई तकनीक से लैस दो दमकल गाड़ी दी गई है।

> जशपुर नगर सैनिक जिला कार्यालय का एसवीबी के द्वारा निरीक्षण किया गया जिसमें सबकुछ बेहतर स्थिति में पाया गया। यहां का वातावरण और कार्य दोनों की बेहतर है। जिला कमांडेंट की निगरानी में टीम बेहतर कार्य कर रही है।
>
> **आरके पांडे**
> **डिवीजन कमांडेंट सरगुजा**

## विधायक नंद ने बच्ची के एडमिशन फीस सहित पढ़ाई के लिए दिया आवश्यक सामग्री



पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं सराईपाली विधायक किस्मत लाल नंद द्वारा जय लाल चौहान एवं गायत्री चौहान के निवेदन में उनके बिटिया अनुराधा चौहान को पढ़ाई लिखाई हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से एडमिशन फीस के साथ-साथ हॉस्टल फीस एवं स्कूल बैग जूता सहित पढ़ाई लिखाई का अन्य सामग्री आज प्रदान की गई। सरायपाली विधायक कार्यालय में पहुंचे उनके माता पिता ने बताया कि खेती मजदूरी का काम करने वाले हैं और आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने की हालात में अपने बच्ची को आगे की पढ़ाई हेतु सक्षम नहीं हैं । जबकि उनकी बच्ची पढ़ाई लिखाई में ज्यादा रुचि रखने वाली है। जिसे देखते हुए विधायक नंद द्वारा संज्ञान में लेते हुए अनुराधा चौहान के माता पिता की आर्थिक स्थिति को सत्यापन करते हुए उनके बिटिया को आगे के पढ़ाई हेतु प्रेरित करते हुए एडमिशन फीस सहित पढ़ाई लिखाई हेतु अन्य सामग्रियां प्रदान किया। विधायक नंद के इस सहयोग से अनुराधा चौहान के चेहरे में खुशी आ गई और आगे पढ़ाई लिखाई के लिए उत्साहित नजर आई। अनुराधा के माता पिता ने इस सहयोग हेतु विधायक का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## शाकम्भरी बोर्ड अध्यक्ष रामकुमार एवं सदस्यों का पटेल मरार समाज ने किया स्वागत

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

शाकम्भरी बोर्ड छ.ग. शासन के अध्यक्ष रामकुमार पटेल एवं सदस्यों ने कलेक्टर कार्यालय बलौदाबाजार में विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। पश्चात् स्थानीय विश्रामगृह में पटेल मरार समाज के सामाजिक प्रमुखों से मुलाकात करते हुए शाकम्भरी बोर्ड की योजनाओं की जानकारी दी। वहीं सामाजिक गतिविधियों से भी अवगत हुए।

इसके पूर्व शाकम्भरी बोर्ड छ.ग. शासन के अध्यक्ष रामकुमार पटेल एवं सदस्यों का नगर के पटेल मरार समाज के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत करते हुए उनके इस नियुक्ति पर बधाई भी दी।

शाकम्भरी बोर्ड राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त छ.ग. शासन के अध्यक्ष रामकुमार पटेल ने पटेल मरार समाज के लोगों को सामाजिक एकता, शिक्षा एवं रोजगार के दिशा में आगे आने को कहा।

इन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं का भी लाभ उठाने की अपील पटेल मरार समाज के लोगों से की। इस अवसर पर छ.ग.मरार महासंघ संरक्षक बरतराम पटेल, टीकेश्वरी पटेल अध्यक्ष छ.ग. मरार महासंघ (महिला), मीडिया प्रभारी रामाधार पटेल, डॉ.राधेश्याम पटेल कर्मचारी प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष, केशव प्रसाद पटेल कार्यकारिणी सदस्य महासंघ, धन्नों रानी पटेल, मोनिका पटेल जनपद सदस्य बलौदाबाजार, पूनम पटेल, भूपेन्द्र पटेल, रोहित पटेल, जितेन्द्र पटेल, राजेन्द्र पटेल, परमेश्वरी पटेल, देवला पटेल, उमा देवी पटेल, डॉ.लीलाशंकर पटेल एवं विनोद पटेल आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन बी.आर.पटेल एवं आभार प्रदर्शन रामाधार पटेल ने किया।

# 15 समूहों को रोजगार शुरू करने मासिक स्वच्छता प्रबन्धन किट का प्रोजेक्ट इज्जत के माध्यम से वितरण

पायनियर संवाददाता ➤ सरगुजा
www.dailypioneer.com

अम्बिकापुर, लुंड्रा, बतौली एवं सीतापुर ब्लॉक के स्व सहायता समूह की महिलाओं का माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर आज एक दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण का आयोजन सरगुजा साइंस ग्रुप एवं जन शिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ, जिसमें 15 समूहों की महिलाओं को रोजगार शुरू करने के लिए मासिक स्वच्छता प्रबन्धन के कार्य से जो?ते हुए उन्हें बिना पूंजी लगाये 3000-3000 रुपये का सैनेटरी पैड एवं जागरूकता कार्यक्रम हेतु पैड का वितरण किया गया, एक गांवों में कैसे माहवारी स्वच्छता पर कार्य करना है, इस पर दो सत्रों में विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में जन शिक्षण संस्थान के निदेशक एम.सिद्दीकी ने स्व सहायता समूह की जरूरत, निर्माण की प्रक्रिया एवं कार्य करने के तरीके सहित विभिन्न विषयों पर जानकारी दी एवं समूह की महिलाओं के विभिन्न प्रश्नों का जवाब दिया। उन्होंने भारत सरकार के स्किल मंत्रालय द्वारा महिलाओं के लिए चलाये जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी एवं महिलाएं कैसे ट्रेनिंग ले सकती हैं, इस पर चर्चा की। सीए निष्ठा पांडेय ने माहवारी पर परम्परागत चलने वाले रूढ़िगत विषयों को सामने रखा तथा बताया कि आज हम सब 21वीं सदी में जी रहे हैं और हमें इन रू?ियों को बदलना है, मुझे खुशी हो रही है कि ग्रामीण महिलाएं ऐसे विषयों पर आगे आकर कार्य कर रहीं हैं। घरों से निकल कर आपका कार्य करना यह बताता है कि आपने इस विषय को समझा है और माहवारी स्वच्छता क्यों जरूरी है, इस पर अब दूसरों को समझाने का बीड़ा उठाया है। हम सब के आपसी सहयोग से हम इस पर बेहतर कार्य करेंगे और रूचिगत विचारों को माहवारी को लेकर समाज में फैले किवंदितियों को धीरे-धीरे निकाल फेकेंगे। सुखद मातृत्व के लिए माहवारी जरूरी है और यह घबराने, छुपाने या दूर भागने की चीज नहीं, बल्कि नवसृजन हेतु आवश्यक प्रकृति प्रदत्त एक सिस्टम है।

सीए तृषा समादर ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि एक ऐसा विषय जो हम से जुड़ा है और हम ही इस पर बात करने से कतराते हैं, कैसे हम इन सब चीजों से बाहर आयेंगे, अपने आपको उस दौरान सवच्छ रखेंगे यह बेहद जरूरी और हमारे स्वास्थ्य से जुड़ा विषय है, इस पर तो हमें तमाम बंदिशों से बाहर निकल कर बात करना होगा, अन्यथा यह हमारे मातृत्व एवं स्वास्थ्य दोनों के लिए घातक होगा। आज जब हम यहां से जायें तो कम से कम यह प्रेरणा लेकर जायें की ज्यादा नहीं 10 बहनों को जागरूक करेंगे। सुखद स्वास्थ्य का मंत्र देंगे, माहवारी स्वच्छता प्रबंधन की जानकारी देंगे। माहवारी स्वच्छता प्रबन्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय सत्र को संबोधित करते हुए वैज्ञानिक डॉ प्रशांत शर्मा, प्रभारी बायोटेक सरगुजा ने कहा कि यह हर बेटी का सौभाग्य है कि वह किसी की पुत्री होगी, लेकिन यह हर पिता के भाग्य में नहीं है कि वह पुत्री का पिता बनेगा। उन्होंने कहा कि मैं आध्यात्मिक बात कर रहा हूँ लेकिन यह माहवारी की जब बात की जा रही है तो जरूरी है, क्यों कि हम एक बेटी की प्राकृतिक देन पर बात कर रहे हैं, यह कोई समस्या नहीं है, बल्कि प्रकृति की देन है और हमें प्रकृति की इस देन पर खुल कर चर्चा करनी है, स्वच्छता पर बात करनी है, घर, परिवार, गांव, ब्लॉक, जिला से पहले स्व स्वच्छता बेहद जरूरी है और माहवारी के दौरान आप जितना स्वच्छ एवं पोषण युक्त भोजन करेंगे, भविष्य के सुखद मातृत्व के लिए आप उतना ज्यादा तैयार हो रहे हैं। माहवारी में स्वच्छता पर ध्यान नहीं देने से कई तरह की बीमारी शुरू हो जाती है जो आगे मातृत्व को भी प्रभावित करती है। इसलिए माहवारी जैसे विषय पर बात करने से झिझकना नहीं है, डरना नहीं है, भागना नहीं है, बल्कि खुल कर अपनी बात रखें, कोई समस्या है तो नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में परामर्श लें, स्वयं हर परेशानी का ईलाज न करें यह गंभीर हो सकता है। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के परियोजना अधिकारी रौशन गुप्ता ने महिला समूहों के आपसी समन्वय से कार्य करने के तरीके पर चर्चा करते हुए कहा कि एक ही समूह सम्पूर्ण जिले या ब्लॉक में कार्य नहीं कर सकती, इसलिए चैन सिस्टम बनाइये ताकि सबको सहूलियत हो और कारगर तरीके से कार्य हो सके, जिसका परिणाम सुखद हो। उन्होंने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि हमारे जिले में 2014 से ही माहवारी स्वच्छता प्रबन्धन पर कार्य हो रहा है और लगभग 100त्न गांवों में इस पर चर्चा के साथ-साथ कुछ न कुछ काम एक सामाजिक संस्था के द्वारा किया जा रहा है। आगामी समय में स्वच्छता सर्वे में भारत सरकार ने अपने नई गाईड लाईन में दूसरे नम्बर पर एमएचएम को रखा है।


## एक्सिस बैंक ने 30,000 करोड़ के वृद्धिशील ऋण का लक्ष्य रखा

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

एक्सिस बैंक, जो भारत का तीसरा सबसे बड़ा प्राइवेट बैंक है, ने पेरिस समझौते के तहत भारत की प्रतिबद्धताओं का समर्थन करते हुए सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को हासिल करने हेतु श्रृंखलाबद्ध वचनबद्धताओं की घोषणा की है। अपने द्वारा दिये गये वचनों के अनुरूप, एक्सिस बैंक ने अपने सतत वित्तपोषण ढांचे में शामिल प्रासंगिक क्षेत्रों के लिए होलसेल बैंकिंग के तहत अगले 5 वर्षों में 30,000 करोड़ रु. के वृद्धिशील ऋ्रण का लक्ष्य रखा है। एक्सिस बैंक अब भारत का पहला ऐसा वित्तीय संस्थान बन चुका है जिसने बोर्ड लेवल पर अलग एनवायरनमेंटल सोशल एंड गवर्नेंस (ईएसजी) कमिटी गठित की है, जो कि संगठन की योजनाओं एवं कार्य प्रदर्शन हेतु रणनीतिक वाहक के रूप में ईएसजी को अपनाने के प्रति बैंक की मजबूत इच्छा को दर्शाता है। बैंक ने प्रबंधन स्तर पर एक ईएसजी संचालन समिति भी स्थापित की है, जिसमें पूरे संगठन में ईएसजी एकीकरण के लिए वरिष्ठ बिजनेस लीडर्स शामिल हैं। बैंक ने 31 अक्टूबर से 12 नवंबर तक ग्लासगो, यूके में आगामी 2021 संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (सीओपी26) से पहले अपनी प्रतिबद्धताओं की घोषणा की है, जहां पक्षों से 2015 में पेरिस में सीओपी21 में की गई अपनी प्रतिबद्धताओं को बढ़ाने के बारे में बात करने की उम्मीद है।

**बैंक की वचनबद्धताओं में निम्नलिखित शामिल हैं-** वित्त वर्ष 2026 तक सकारात्मक सामाजिक एवं पर्यावरणीय परिणामों वाले क्षेत्रों को होलसेल बैंकिंग के तहत 30,000 करोड़ रु. का वृद्धिशील वित्तपोषण, अपने होलसेल बैंकिंग बिजनेस पोर्टफोलियो में कार्बन के गहन उपयोग वाले क्षेत्रों में एक्सपोजर कम करना,अपनी ईएसजी ऋ्रण नीति के तहत ऋण मूल्यांकन में ईएसजी रिस्क कवरेज को बढ़ाना, वर्ष 2023 तक अपने बड़े कॉर्पोरेट, एसएमई और कृषि-व्यवसाय खंडों के लिए ईएसजी स्ट्रेस टेस्टिंग और ईएसजी सिनेरियो विश्लेषण के साथ, ईएसजी रिस्क एसेसमेंट टूलकिट का निर्माण एवं इसका उपयोग, वित्त वर्ष 2024 तक अपने रिटेल टू-व्हीलर लोन पोर्टफोलियो का 5त्न इलेक्ट्रिक बनाना, और नए ईवी लोन पर 0.5प्र ब्याज माफी की पेशकश, तुरंत प्रभावी, किफायती आवास के लिए आशा होम लोन के तहत वित्त वर्ष 2024 तक 10,000 करोड़ रुपये का वृद्धिशील संवितरण और महिला उधारकर्ताओं की हिस्सेदारी में वृद्धि, बैंक के अनुरूप, वित्त वर्ष 2027 तक अपने कार्यबल में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को 30प्र पहुंचाना, कार्बन सिंक बनाने की दिशा में योगदान देने के लिए भारत में वित्त वर्ष 2027 तक 2 मिलियन वृक्ष लगाना, अपने व्यावसायिक परिचालनों में कार्बन निष्क्रियता हासिल करना। इस घोषणा के बारे में प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, एक्सिस बैंक के कार्यकारी निदेशक, राजेश दहिया ने कहा, एक वित्तीय संस्थान के रूप में, हम भारत को समान और सतत आर्थिक विकास के पथ पर आगे बढ़ने में मदद करने की अपनी जिम्मेदारी से अवगत हैं।

## पालतू मवेशियों को न छोड़ें खुला नहीं तो देना पड़ेगा जुर्माना



कार्यालय नगर पालिका परिषद बेमेतरा जिला - बेमेतरा (छ0ग0)
Email ID - cmobemetara@gmail.com

// मुनादी सूचना //

शासन की महत्वपूर्ण योजना "रोका-छेका अभियान" के तहत नगर पालिका परिषद बेमेतरा क्षेत्रांतर्गत समस्त पशुमालिको को सूचित किया जाता है कि अपने-अपने पालतु मवेशियों को खेत, उद्यान, सड़क एवं अन्य स्थान पर खुला नहीं छोड़े एवं उनके चारा-पानी की व्यवस्था पशु मालिक स्वयं करें। पालतु मवेशी सड़को एवं अन्य स्थानों पर घुमते हुए पाये जाने पर पशुमालिकों के ऊपर चालानी कार्यवाही की जावेगी जिसकी समस्त जवाबदारी पशुमालिकों की होगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बेमेतरा

**बेमेतरा।** पालतू मवेशियों को घर में रखने की अपील मुख्य नगरपालिका अधिकारी के द्वारा मवेशी मालिकों से किया गया है अन्यथा खुला छोड़ने पर कार्रवाई करने की बात कही गई है इस संबंध में बेमेतरा नगर पालिका के मुख्य नगरपालिका अधिकारी होरी सिंह ठाकुर में प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि शासन की महत्वपूर्ण योजना ''रोका-छेका अभियान'' के तहत नगर पालिका परिषद बेमेतरा क्षेत्रांतर्गत समस्त पशुमालिको को सूचित किया जाता है कि अपने-अपने पालतु मवेशियों को खेत, उद्यान, सड़क एवं अन्य स्थान पर खुला नहीं छोड़े एवं उनके चारा-पानी की व्यवस्था पशु मालिक स्वयं करें। पालतु मवेशी सड़को एवं अन्य स्थानों पर घुमते हुए पाये जाने पर पशुमालिकों के ऊपर चालानी कार्यवाही की जावेगी जिसकी समस्त जवाबदारी पशुमालिकों की होगी।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, राजेन्द्र पार्क चौक दुर्ग (छ.ग.)**

दूरभाष क्र. 0778-2323633 E-mail:eedurg-phe-cg@nic.in

नि.सू.क्र. 17 / तशा./(निविदा)/का.अ./लो.स्वा.यां.खंड/2021 दुर्ग, दिनांक : 22-09-2021

**// मैनुअल पद्धति संक्षिप्त निविदा सूचना //**

छत्तीसगढ़ राज्य के राजयपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र ''ए'' में प्रतिशत दर पर दुर्ग जिले के विकासखंड दुर्ग के निम्नलिखित ग्रामों में स्थित उल्लेखित क्षमता तथा ऊंचाई के उच्चस्तरीय जलागार का संधारण कार्य समस्त सामग्रियों एवं अन्य सिविल कार्य सहित हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 01.10.2021 शाम 5.30 बजे है।

| समूह क्र. | ग्राम का नाम | टंकी की क्षमता तथा उंचाई (कि.ली./मी.) | अनुमानित लागत (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|
| 01 | बासनी, जंजगिरी, ढौर | 120/12,120/12,100/12 | 9.10 |
| 02 | समोदा, खेदामारा, बोरई | 100/12,100/12, 40/09 | 8.52 |
| 03 | खुरसुल, पुरई | 60/09, 40/12 | 5.71 |
| 04 | मचांदुर, सिरसाखुर्द, जेवरा | 40/09,40/09,135/10 | 8.58 |

यह निविदा सूचना मूल निविदा का एक अंग है, विस्तृत निविदा एवं पूर्ण जानकारी इस कार्यालय में कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है।

G- 63898/4

कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड,
दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार के न्यायालय में मामला क्रमांक**

202109210200031/202109210200031
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
विषय-अ-20(3) सन-2020-2021
तेलीबांधा प.ह.नं. 00015 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- तनवीर अहमद
अनावेदक पक्षकार- छ.ग. शासन

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक तनवीर अहमद पिता स्व. शमीम अहमद निवासी- बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा नगर बलौदाबाजार स्थित भूमि नजूल शीट क्रमांक 14 डी भूखण्ड क्रमांक 72/5, 75/2, 77 क्षेत्रफल 800 वर्गफीट भूमि जो शमीम अहमद पिता अब्दुल रउफ के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। भूधारक शमीम अहमद पिता अब्दुल रउफ की मृत्यु दिनांक 02.03.2019 को हो जाने के कारण उनके वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जो इस न्यायालय में विचारधीन है।

उक्त नामांतरण के संबंध में जिस किसी को आपत्ति/दावा हो तो अपना आपत्ति दावा प्रकरण सुनवाई हेतु नियत दिनांक 11.10.2021 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21.09.2021 को जारी किया जाता है।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बलौदाबाजार

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार के न्यायालय में मामला क्रमांक**

202109210200030/202109210200030
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
विषय-अ-20(3) सन-2020-2021
तेलीबांधा प.ह.नं. 00015 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- तनवीर अहमद
अनावेदक पक्षकार- छ.ग. शासन

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक तनवीर अहमद पिता स्व. शमीम अहमद निवासी- बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा नगर बलौदाबाजार स्थित भूमि नजूल शीट क्रमांक 14 डी भूखण्ड क्रमांक 41/2 क्षेत्रफल 3175 वर्गफीट भूमि जो कलीम अहमद, शमीम अहमद, नसीम अहमद, नईम अहमद, सलीम अहमद, सायरा बानो पिरसन अब्दुल रउफ के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। सह भूधारक शमीम अहमद पिता अब्दुल रउफ की मृत्यु दिनांक 02.03.2019 को हो जाने के कारण उनके वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जो इस न्यायालय में विचारधीन है।

उक्त नामांतरण के संबंध में जिस किसी को आपत्ति/दावा हो तो अपना आपत्ति दावा प्रकरण सुनवाई हेतु नियत दिनांक 11.10.2021 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21.09.2021 को जारी किया जाता है।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बलौदाबाजार

**न्यायालय नजूल अधिकारी कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र./202109200100011/अ-20(1)/2011-12

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री विजेन्द्र देवांगन पिता स्व. श्री रामभरोसा देवांगन जाति कोष्टा निवासी अम्बेडकर वार्ड कोण्डागांव तहसील व जिला-कोण्डागांव (छ.ग.) के द्वारा नगर-कोण्डागांव के मोहल्ला-सरगीपालपारा कोण्डागांव स्थित शासकीय भूमि नजूल शीट क्रमांक 02, भूखण्ड क्रमांक 536/1 कुल क्षेत्रफल 172740 वर्गफीट में से क्षेत्रफल 500 वर्गफीट भूमि व्यवसायिक प्रयोजन हेतु स्थायी पट्टे पर प्रदाय किये जाने हेतु श्रीमान कलेक्टर महादेय के समक्ष आवेदन पत्र मय नक्शा, खसरा प्रस्तुत करने पर इस न्यायालय को जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा या आपत्ति करना हो तो वे दिनांक 06.10.2021 तक अपना दावा आपत्ति मेरे समक्ष कार्यालय समय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17.09.2021 को जारी किया जाता है।

मुहर
नजूल अधिकारी
जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार मर्दापाल, जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)**

रा. प्र. क्र./................../ब-121/2020-21
मौजा-मर्दापाल

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राकेश कुमार नेताम पिता श्री रामलाल नेताम, निवासी ग्राम-मर्दापाल, तहसील-कोण्डागांव, जिला - कोण्डागांव द्वारा उप तहसील कार्यालय मर्दापाल में अर्जीनवीस अनुज्ञप्ति हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय, जिला-कोण्डागांव को प्रस्तुत करने पर इस न्यायालय को जांच हेतु प्राप्त हुआ है।

उक्त आवेदन के संबंध में यदि कोई व्यक्ति दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो वह अपना दावा-आपत्ति इस न्यायालय में सुनवाई तिथि 15.09.2021 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/09/2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार
मर्दापाल
जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, सड्डू रायपुर (छ.ग.)
कामर्शियल कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-08, द्वितीय तल सड्डू, रायपुर
Phon No. 9685585693Email ID-emzoneii@yahoo.com GST No. 22AAECA9783D2ZP

**-: आम-सूचना :-**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि कामर्शियल काम्प्लेक्स, दीनदयाल आवास योजना सेक्टर-01 कॉलोनी, सडडू में स्थित दुकान क्रमांक-03 भूतल **श्री विरेन्द्र कुमार वर्मा पिता श्री छन्नु लाल वर्मा** को स्ववित्तीय/भाड़ाक्रय आधार पर आधार पर नामांतरित किया गया था। उनके द्वारा दिनांक **26.05.2009** को अपने नाम पर लीजडीड / सेलडीड / विक्रय विलेख पंजीयन कराने के उपरांत वतर्मान में **श्रीमती कीर्ति नायक पिता श्री पंकज कुमार नायक** निवासी- एल.आई.जी.-1112, सेक्टर-07, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, सडडू, रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त दुकान के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

मुहर
संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, सड्डू, रायपुर

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, सड्डू रायपुर (छ.ग.)
कामर्शियल कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-08, द्वितीय तल सड्डू, रायपुर
Phon No. 9685585693Email ID-emzoneii@yahoo.com GST No. 22AAECA9783D2ZP

**-: आम-सूचना :-**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनांतर्गत कॉलोनी, दोंदेखुर्द में स्थित सीनियर एल.आई.जी. भवन क्रमांक-**431 श्री जसवन्त सिंह दांगी पिता श्री सुरजन सिंह दांगी** को स्ववित्तीय/भाड़ाक्रय आधार पर आबंटित किया गया था। उनके द्वारा दिनांक **29.01.2014** को अपने नाम पर लीजडीड / सेलडीड / विक्रय विलेख पंजीयन कराने के उपरांत वतर्मान में **श्री किशोर शर्मा पिता श्री भगवती प्रसाद शर्मा** निवासी- एल.आई.जी. म.क्र.-1328, ए, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, सेक्टर-08, सडडू, रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

मुहर
संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, सड्डू, रायपुर

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, सड्डू रायपुर (छ.ग.)
कामर्शियल कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-08, द्वितीय तल सड्डू, रायपुर
Phon No. 9685585693Email ID-emzoneii@yahoo.com GST No. 22AAECA9783D2ZP

**-: आम-सूचना :-**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनांतर्गत कॉलोनी, दोंदेखुर्द में स्थित सीनियर एल.आई.जी. भवन क्रमांक-**432 श्री जसवन्त सिंह दांगी पिता श्री सुरजन सिंह दांगी** को स्ववित्तीय/भाड़ाक्रय आधार पर आबंटित किया गया था। उनके द्वारा दिनांक **29.01.2014** को अपने नाम पर लीजडीड / सेलडीड / विक्रय विलेख पंजीयन कराने के उपरांत वतर्मान में **श्रीमती अंजू सिंह पिता श्री ओम प्रकाश सिंह** निवासी- सीनि.एल.आई.जी.म.क्र.-695, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, दोंदेखुद, रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

मुहर
संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, सड्डू, रायपुर

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

वार्ड का नाम - माधव राव सप्रे
वार्ड क्र. 29, वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **20.10.2021** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 2181/21.09.2021, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 43/29, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - के. रघुवरन S/o आर. कृष्णन, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- राजेश कुमार पटेल S/o रामनारायण पटेल.

मुहर
आयुक्त
नगर पालिक निगम,
बीरगांव

# निगम अधिकारियों को दुत्कारा, एसडीएम की दूसरी कोशिश पर माने प्रदर्शनकारी

## महापौर और आयुक्त के खिलाफ जमकर निकाली भड़ास, हुई नारेबाजी

■ साढ़े तीन घंटे के चक्काजाम के बीच पार्षद मणीभास्कर हुई बेहोश, एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



शहर के कमला कॉलेज चौक में साढ़े तीन घंटे चक्काजाम रहा। दरअसल, यहां मुख्यमंत्री स्वालंबन योजना के तहत निर्मित 24 दुकानों के आबंटन में भ्रष्टाचार के आरोप हैं। इसे लेकर प्रभावित हितग्राही और भाजपा-भाजयुमो ने मोर्चा खोल दिया। इस बीच तेज धूप और गर्मी के चलते पार्षद मणीभास्कर गुप्ता बेहोश हो गईं जिन्हें एंबुलेंस के सहारे अस्पताल पहुंचाया गया। प्रदर्शनकारियों से बातचीत करने आए निगम के कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके और सहायक अभियंता संदीप तिवारी जब मौके पर पहुंचे तो नेता प्रतिपक्ष, पार्षदों ने उन्हें दुत्कार ही दिया। उनके सामने उनके ही खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मौके पर एसडीएम मुकेश रावटे भी मामला संभालने पहुंचे थे। उन्होंने प्रदर्शनकारियों से बातचीत की। इस बीच नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु और भाजयुमो जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर ने उनसे सीधी मांग रखते हुए हटाए गए 9 हितग्राहियों को दुकान देने की मांग रखी। एसडीएम ने जैसे ही कहा कि वे इसके लिए सक्षम अधिकारी नहीं हैं तो प्रदर्शनकारियों ने उनसे भी मुंह मोड़ लिया। प्रदर्शन बदस्तूर जारी रहा।

इसके कुछ देर बाद एसडीएम दोबारा मौके पर पहुंचे और उन्होंने लिखित आश्वासन देते हुए प्रदर्शन खत्म करने का निवेदन किया जिस पर चक्काजाम खत्म हुआ। एसडीएम ने आश्वासन दिया है कि वे इस संबंध में हटाए गए 9 हितग्राहियों को दुकान आबंटित करने की अनुशंसा करते हुए कलेक्टर को पत्र लिखेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वे अनुशंसा करेंगे की अगर चयन सूची में इन हितग्राहियों का नाम शामिल न हो तो आबंटन की जांच की जाए। इस बीच मौके पर बसंतपुर पुलिस के अलावा अतिरिक्त बल भी तैनात किया गया था।

नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने आरोप लगाया है कि दुकानों के आबंटन की प्रक्रियाओं और नियमों की अवहेलना की गई है। यहीं नहीं विस्थापितों को दुकान न देना भी गलत है। दूसरी ओर भाजयुमो जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर ने इस पूरे प्रकरण में सीधे भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। उन्होंने प्रशासन को भी चेतावनी दी है कि अगर गरीबों को उनका हक नहीं मिलता है तो ये आंदोलन और उग्र होगा। इस दौरान भाजपा पार्षद दल की खेमिन यादव, मणीभास्कर गुप्ता, विजय राय, पारस वर्मा, शरद सिन्हा, गगन आईच, टुमेश्वरी उइके, कमलेश बंधे, अजय छैदेया, पार्षद प्रतिनिधि मंटू यादव, आशीष डोंगरे, अरुण दामले, अरुण साहू, जीवन चतुर्वेदी, भाजपा के ऋषिदेव चौधरी, भाजयुमो महामंत्री आकाश चोपड़ा, उपाध्यक्ष विवेक शर्मा, देवा झा, मुकेश ध्रुव, सुमित भाटिया, गोलू गुप्ता, ज्ञानेश गुप्ता, पिंटू वर्मा, जय शर्मा, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष प्रखर श्रीवास्तव, आशीष जैन, जवाहर बैद, अभिषेक पांडे, नीतेश नायक, खुशाल यादव एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### प्रदर्शन के दौरान महिला पार्षद हुई बेहोश



चक्का जाम के प्रदर्शन के दौरान भाजपा की महिला पार्षद मणीभास्कर गुप्ता कड़ी धुप में कई घंटों बैठने की वजह से अचानक बेहोश हो गई । उनके लिए एम्बुलेंस बुलाया गया जो कमला कॉलेज की और से आई रास्ते में पुलिस विभाग द्वारा प्रदर्शनकारियों की गिरफ्तारी के लिए जो बस खड़ी थी उसके भीतर सवार आरक्षकों ने एम्बुलेंस को ही दूसरी तरफ से जाने का रास्ता दिखा दिया। लेकिन बाद में हालात को समझते हुए एम्बुलेंस को जाने दिया गया और मणीभास्कर गुप्ता को जिला चिकित्सालय ले जाया गया। देर शाम तक अस्पताल में उनका उपचार जारी रहा।

### सड़क पर बनाई चाय

इस बीच हितग्राहियों में से एक मनीष चौहान ने सड़क पर ही चूल्हा रखकर चाय बनाकर विरोध जताया। अन्य हितग्राही सलीम अख्तर, मंशाराम देवांगन, विजय दास, श्रीमती सुनीता सोनी, श्रीमती नीशा श्रीवास, आशीष, हितेश देवांगन, रवि बंजारे ने कहा कि वे यहां दस साल से ज्यादा समय से अपनी दुकानदारी चला रहे थे लेकिन निगम ने उनकी आजीविका छिन ली है। उन्होंने अपना हक वापस दिए जाने की मांग रखी।

# विधायक दलेश्वर साहू का भाजपा ने किया पुतलादहन





■ विधायक के विरूद्ध एफआईआर करने सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

सोशल एवं प्रिंट मीडिया में कथित तौर से डीजल पर्ची का मामला सामने आने के बाद भाजपाईयों ने गुरुवार को विधायक का पुतलादहन कर दिया। भाजपा ने पुलिस थाना में विधायक के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करने ज्ञापन भी सौंपा है। इस घटनाक्रम के बाद डोंगरगांव नगर की राजनैतिक फिजा में उबाल आ गया है। विधायक से जुड़े तथ्य होने से मामले ने सोशल मीडिया में भी तूल पकड़ लिया है। मंडल भाजपा की विज्ञप्ति मुताबिक सूचना के अधिकार के तहत एक जानकारी में नगर के डोंगरगांव फ्यूल्स में दलेश्वर साहू के नाम से वाहन में डीजल डालने व स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के जीवनदीप समिति के माध्यम से भुगतान करने का मामला सामने आया था। उक्त जानकारी निकलकर सामने आते ही भाजपा ने सीधे तौर पर विधायक के विरूद्ध मोर्चा खोलते हुए आंदोलन छेड़ दिया है। इस मामले को लेकर गुरुवार को भाजपाई थाने पहुंचे और विधायक दलेश्वर साहू के विरूद्ध डीजल मामले में एफआईआर दर्ज करने की मांग करते हुए पुलिस को ज्ञापन सौंपा। पश्चात भाजपाई विधायक तथा कांग्रेस सरकार के विरूद्ध नारेबाजी करते हुए पुराना बस स्टैंड पहुंचकर विधायक का पुतला दहन किया। इस दौरान जिला भाजपा महामंत्री दिनेश गांधी, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, स्वरूपचंद जैन, रमजान बडगुजर, रामकुमार गुप्ता, निवेदन साहू, नरपत सिंह राजपूत, संतोष यादव, विजय जैन, किशोर यादव, दिनेश साहू, दिलीप साहू, डिकेश साहू, नारायण साहू, जागृति यदु, अंजू त्रिपाठी, कुंती चौधरी, निर्मला सिन्हा, कमलनारायण साहू, सिद्धिक बडगुजर, रियाजुद्दीन सोलंकी, रूखम चंद्रवंशी, सतीश पाण्डेय, कोमल साहू, सुकदेव सिन्हा, चुन्नी यदु, जितेन्द्र सिन्हा, प्रवेश ठाकुर, रोहित गुप्ता, टिलेन्द्र देवांगन, गिरजाशंकर उयके, धनीराम चौधरी, योगेश पटेल, चंद्रकुमार साहू, रामलाल बंजारे, हेनुराम साहू, खेमूदास साहू, मुकेश पांड़े, लक्ष्मण साहू सहित अनेक भाजपाई उपस्थित थे।

# कलेक्टर पहुंचे छुरिया : योजनाओं की जमीनी हकीकत देखी, जानकारी भी ली

■ योजनाओं की गतिविधियों का जमीनी स्तर पर किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ छुरिया
www.dailypioneer.com



विकासखंड पहुंचे कलेक्टर ने वनांचल ग्राम भरीटोला ,खोभा, सड़क चिरचारी एवं पेण्डीडीह के गौठान, आंगनबाड़ी केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, गिरदावरी, पौधरोपण स्थल का अवलोकन कर शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। ग्राम भरीटोला में स्वास्थ्य जांच के लिए शिविर लगाने का निर्देश दिया गया। वहीं कलेक्टर ने ग्राम भरीटोला एवं पेंड्रीडीह गौठान का अवलोकन किया और किसानों को वर्मी कंपोस्ट क्रय के लिए प्रेरित करने कहां गया। कलेक्टर सिन्हा ने महिला स्व सहायता समूह द्वारा किए जा रहे कार्य तथा गोबर खरीदी व विक्रय की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि वर्मी कंपोस्ट निर्माण में तेजी लाएं अभी तक निर्माण किए गए वर्मी कंपोस्ट का विक्रय को सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने गौठान के समीप तालाब में मछली पालन करने का स्व सहायता समूह की आय में वृद्धि के लिए गौठान में विभिन्न गतिविधियां संचालित करने के लिए कार्य योजना तैयार करने अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत खोभा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सुविधाओ की जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर एवं मेडिकल स्टाफ की जानकारी लेकर जरुरी दिशा - निर्देश दिए। इस दौरान केंद्र में वैक्सीनेशन का कार्य किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि शत-प्रतिशत टीकाकरण कराएं। उन्होंने लैब पुरुष भर्ती वार्ड वैक्सीनेशन प्रतीक्षा कक्ष का निरीक्षण के दौरान कहा कि स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध दवाइयों का वितरण करें नागरिकों को सरलता से स्वास्थ्य सुविधाएं मिलनी चाहिए।

कलेक्टर श्री तारण प्रकाश सिन्हा ने ग्राम भररीटोला में लगभग 5 एकड़ क्षेत्र में वृहद वृक्षारोपण स्थल का भी निरीक्षण किया। इस क्षेत्र में लगभग 555 पौधे रोपे गए हैं जिसमें आम, अमरूद, आंवला, नींबू, कटहल, काजू, जामुन, जिमीकंद जैसे अनेक प्रकार के पौधे लगाए गए हैं।

कलेक्टर ने कहा कि पौधारोपण के साथ देखरेख तथा संरक्षण भी जरूरी है पौधे की सुरक्षा के लिए उन्होंने गेट लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके रखरखाव के लिए किसी व्यक्ति की नियुक्ति करें। इस मौके पर राजनांदगांव जिला पंचायत सीईओ लोकेश चंद्राकर, एसडीएम डोंगरगांव हितेश पिस्दा , जनपद पंचायत छुरिया सीईओ प्रतीक प्रधान , छुरिया तहसीलदार भरत लाल ब्राम्हे, खोभा सरपंच इमेश चन्द्रवंशी भरीटोला सरपंच रेवाराम लाड़ेकर पेन्डरीडीह सरपंच कमलेश यादव सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी और ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# दिल की बीमारी से बचाव के लिए जरूरी है अच्छा खानपान, नशा हो तो छोड़ दें

■ विश्व हृदय दिवस 29 को, स्वस्थ जीवन शैली अपनाने पर दिया जाएगा जोर

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

तम्बाकू सेवन, अस्वस्थ आहार, शारीरिक निष्क्रियता और शराब के सेवन से हृदय रोग होने का खतरा बढ़ जाता है, जबकि इन मुख्य कारकों पर नियंत्रण किया जाए तो 80 प्रतिशत हृदय रोग संबंधी मृत्यु दर को कम किया जा सकता है। इस दिशा में जनजागरूकता के लिए हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विश्व हृदय दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर हृदय से संबंधित बीमारियों की रोकथाम के लिए स्वस्थ जीवन शैली अपनाने पर जोर दिया जाएगा।

हृदय स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता लाने के लिए 29 सितंबर को विश्व हृदय दिवस पर विभिन्न प्रेरक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक (एनपीसीडीसीएस) संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं, छत्तीसगढ़ के द्वारा पत्र जारी कर दिशा-निर्देश दिए गए हैं। पत्र में यह भी कहा गया है कि भारत में हृदय संबंधित रोगों से लगभग 28.1 प्रतिशत लोगों की मृत्यु प्रतिवर्ष हो रही है, जो गंभीर विषय है, ऐसे में हृदय रोगों की रोकथाम के लिए जागरुकता कार्यक्रम काफी अहम और कारगर हैं। विश्व हृदय दिवस कार्यक्रम के लिए राज्य एनसीडी सेल द्वारा समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि कोविड-19 के समस्त दिशा-निदेर्शों का पालन करते हुए 25 से 30 सितंबर तक जिला एवं ब्लॉक स्तर पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत अस्पताल, स्कूल, कालेज आदि में हृदय रोग के प्रति जागरुकता से संबंधित होर्डिंग एवं बैनर्स लगाने के लिए कहा गया है। इसी तरह सार्वजनिक जागरूकता हेतु रेलवे स्टेशन, बस स्टाप व सिनेमा घर जैसे स्थानों पर ब्रोसर एवं पैम्पलेट वितरण किया जाएगा। गीत और नाटक स्पर्धा जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाएंगे। स्वस्थ भोजन की उपलब्धता पर भी लोगों जागरूक किया जाएगा।



इस संबंध में राजनांदगांव के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी ने बताया, तम्बाकू, शराब व इस तरह के अन्य मादक पदार्थों को त्यागकर संयमित जीवनशैली, स्वस्थ आहार व योगा को दिनचर्या में शामिल करने पर हृदय रोगों से काफी हद तक छुटकारा पाया जा सकता है।

# युवाओं व ग्रामीणों ने दी भाटिया को श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ◄ छुरिया
www.dailypioneer.com

छुरिया से 12 किलोमीटर दूर प्रदेश की अंतिम सीमा पर बसे वनांचल ग्राम आंको के युवाओं व ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री स्व. राजिंदर सिंह भाटिया के चले जाने पर शोक व्यक्त किया है। ग्रामीणों ने कहा कि स्व. भाटिया जी ने अपने जीवन काल में सभी छोटे बड़े गांवों में जाकर हर किसी से मस्तमौला अंदाज में मिला करते थे। उसने कभी भी आम गरीब लोगों से मेल भाव में कभी पक्षपात नहीं किया। वो जिससे भी मिलते आदर और प्रेम भाव से मिलते व क्षेत्र की समस्याओं को हल करते थे।



आंको के युवा सहित सभी महिलाएं पुरुष जो भाटिया जी की दिलेरी व काम से प्रभावित थे उन सभी लोगों ने स्व. भाटिया जी को नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए 'जब तक सुरज चांद रहेगा भाटिया जी का नाम रहेगा' के नारो के साथ श्रद्धा सुमन अर्पित किए। भाटिया जी परिवार वालों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए आंको की जय बाबा विश्वकर्मा समिति, मानस आयोजन समिति, युवा समिति, महिला समूह, व ग्रामीणों ने श्रद्धांजलि दी जिनमें श्री शंकर साहू, खिलावन साहू, बलराम मंडावी,अशोक सलामे, लुकेश साहू, संतराम पडौती, लेखराम पडौती, कुंवर सिंह यादव, बलस्याम यादव, माधो यादव, पप्पू सेन, टेकराम, गैन्दूराम, रेवाराम, रामचंद्र यादव, भारत पडौती, राजू, गिरधर, जागेश्वर यादव, रोशन पडौती, तुलाराम, हीराराम, मेहतरू, सेवाराम, चम्मन, हमेश, रामबिलास, भोजराम, भुनेश्वर, चम्मन साल, रूपेश, गौतम गौकरण कन्हैया तोरण,तोरण, तिलक ओमकार व सेवक सहित कई लोग ने स्व. भाटिया जी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# सोशल मीडिया में भगवान पर आपत्तिजनक टिप्पणी, नाबालिग हिरासत में

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



समुदाय विशेष के नाबालिग द्वारा सोशल मीडिया में हिंदू भगवान के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद गुरुवार को शहर में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई। गुरुवार को हिंदू संगठनों ने शहर के महावीर चौक में प्रदर्शन करते हुए मामले में तात्कालिक कार्रवाई की मांग की और चक्काजाम कर दिया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में लोग जुट चुके थे। माहौल बिगड़ता देख पुलिस ने नाबालिग को हिरासत में ले लिया। वहीं इस दौरान शहर के अंदरुनी इलाकों में भारी पुलिस बल तैनात किया गया। बताया जाता है कि हिंदू संगठनों के लोगों ने बुधवार रात ही कोतवाली थाना पहुंचकर उक्त मामले में शिकायत की थी। गुरुवार की सुबह सभी महावीर चौक में जुटे और कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरु कर दिया। जुटे प्रदर्शनकारी जुलूस की शक्ल में नाबालिग के निवास के सामने पहुंचे और उन्होंने यहां भी जमकर नारेबाजी की। बताया जा रहा है कि इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने नाबालिग के पिता-दादा के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। बाद में ये सभी कोतवाली थाना भी पहुंचे। इस दौरान हालात बिगड़ते दिखे। एएसपी प्रज्ञा मेश्राम की अगुवाई में पुलिस ने मामले को संभालने की कोशिश की। एएसपी ने प्रदर्शनकारियों को भाषा पर संयम रखने की चेतावनी दी। वहीं दोपहर करीब साढ़े बारह - एक बजे नाबालिग को पुलिस ने अपनी हिरासत में ले लिया। इसके बाद मामला कुछ ठंडा पड़ा। वहीं नाबालिग के घर के सामने और आसपास भारी पुलिस बल तैनात किया गया था।

# शासकीय भूमि पर कब्जा और पीएम आवास का फायदा लेकर निर्माण

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव/छुरिया
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत छुरिया में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण और उस पर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेकर मकान निर्माण किए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में शिकायत भी की गई है। बताया जा रहा है कि यहां के निवासी प्रकाशचंद गुप्ता व कैलाश गुप्ता ने पात्र न होते हुए भी प्रधानमंत्री आवास योजना का फायदा लिया बल्कि वे शासकीय व नियमों पर अतिक्रमण कर मकान का निर्माण भी कर रहे हैं। इस शिकायत के सामने आने के बाद नगर पंचायत के कुछ अधिकारी-कर्मचारियों को भी कार्रवाई का डर सता रहा है। शिकायतकर्ता विकास गुप्ता ने आरोप लगाया है कि प्रकाशचंद गुप्ता व कैलाश गुप्ता नगर के बड़े व्यवसायी हैं और संपन्न हैं। बावजूद उन्होंने दस्तावेजों में खुद को गरीब दशार्या है। यही नहीं नगर पंचायत ने उनसे योजना का लाभ के लिए आवेदन के दौरान आवश्यक दस्तावेज जमा ही नहीं कराए और उनके लिए राशि स्वीकृत कर दी गई। यही नहीं इसी राशि से अब उक्त दोनों व्यक्तियों द्वारा 2 से 3 डिसमिल की छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित की शासकीय भूमि व स्वयं आवेदक की निजी भूमि पर अतिक्रमण कर निर्माण करवाया जा रहा है। खबर है कि इस शिकायत के बाद नगर पंचायत में हड़कंप है।

## 22 हाथियों के दल में छोटे, बड़े और दंतैल भी शामिल, ग्रामों में मुनादी कराई गई, वन अमला तैनात, निगरानी भी हो रही

# मोहला-चौकी के बीच बस्तियों के पास पहुंचा हाथियों का झुंड

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

बुधवार को मोहला-मानपुर इलाके में जंगली हाथियों के प्रवेश के बाद क्षेत्रीय वन अमला कसरतों में जुटा हुआ है। जिस इलाके में हाथियों को देखा गया है तथा उसके पदचिन्ह मिले हैं वहां जंगल तथा गांवों में वन कर्मियों की तैनाती की गई है। वन कर्मी पदचिन्हों के आधार पर हाथियों का लोकेशन ट्रेस कर हालात को काबू में रखने की जद्दोजहद में जुटे हुए हैं। बता दें कि गुरुवार की सुबह से हाथियों को मोहला ब्लॉक मुख्यालय के करीब ही पेंदाकोड़ों गांव के इर्द गिर्द देखा गया था। हाथियों का ये दल अभी भी मोहला ब्लॉक मुख्यालय से महज 7 किमी दूर स्टेट हाइवे स्थित पेंदाकोड़ों गांव के करीब ही वन बीट क्रमांक 477 में ठेलकादंड गाँव के आसपास मौजूद है। बताया ये भी जा रहा है कि हाथियों का ये दल मोहला व अंबागढ़ चौकी के मध्य दो अलग-अलग गुटों में बंट गए हैं। इन हाथियों के झुंड के द्वारा फसलों को नुकसान भी पहुंचाया जा रहा है। इन हाथियों के दो दलों को पेंदाकोड़ो और बोदाल माइंस के समीप ग्रामीणों ने देखा है, तो वहीं इनमें से एक दल की मौजूदगी पाना बरस जंगल में भी देखी जा रही है। सुरक्षा के लिहाज से वन कर्मी इलाके में निरंतर बने हुए हैं।





**बालोद की ओर से जिले में आए :** हाथियों का ये झुंड बालोद जिले की ओर से राजनांदगांव जिले की सीमा में बुधवार को पहुंचा। वनमंडलाधिकारी गुरुनाथन एन ने कहा कि सरगुजा, बिलासपुर संभाग में हाथियों की बहुतायत है लेकिन अब ये दुर्ग संभाग तक पहुंच गए हैं। अब तक इन्होंने कोई बड़ा नुकसान तो नहीं पहुंचाया है लेकिन इनसे सतर्क रहने की जरुरत है। लोगों को जंगल की ओर जाने से मना किया गया है। बुधवार की रात इन हाथियों के दल ने उत्पात मचाते हुए ग्राम बैगाटोला के ग्रामीण का कच्चा मकान तोड़ दिया।

### सतर्कता बरतना जरुरी

एक दिन पहले बालोद जिला सीमावर्ती मोहला इलाके के कुछ गांवों में हाथियों ने ग्रामीणों के घरों व फसलों को नुकसान पहुंचाया था। हालांकि आज किसी तरह के जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है। लेकिन हाथियों के ब्लॉक मुख्यालय के करीब ही शहरी सीमा में होने से इलाका दहशत बनी हुई है। दूसरी ओर राजनांदगांव वनमंडलाधिकारी ने प्रभावितों को जल्द मुआवजा उपलब्ध कराने के भरोसे के साथ साथ आम लोगो को हाथियों को छेड़कर उन्हें भड़काने से बचने की सलाह दी है।

### 22 हाथी हैं झुंड में

वन मंडलाधिकारी गुरुनाथन एन ने कहा कि, मैं खुद फील्ड पर मौजूद हूं। ग्रामीणों की सुरक्षा को देखते हुए मुनादी कराई जा रही है। इसके साथ ही बचाव के उपाय किए जा रहे हैं। झुंड पर हमारी नज़र लगातार बनी हुई है। हाथियों ने एक घर को नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि जिनकी फसल को नुकसान होगा उन्हें भी मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह झुंड लगभग 22 हाथियों को है जिसमें छोटे, बड़े और दंतैल हाथी भी शामिल हैं। पटाखे फोड़कर उन्हें गांवों से दूर रखने की कोशिश की जा रही है।

## टीकाकरण जागरूकता : पैदल और बाइक पर सफर करते नक्सल इलाके पहुंचे एसडीएम



**राजनांदगांव।** मानपुर विकासखंड के दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में ग्रामीणजन कोविड टीकाकरण के लिए तैयार नहीं थे। इसकी सूचना मिलते ही एसडीएम राहुल रजक स्वयं पैदल और बाईक पर सफर करते हुए निकल पड़े। उनके साथ संकुल समन्वयक शेखर ठाकुर एवं व्याख्याता अशोक, शिवेंद्र बहादुर, मेडिकल टीम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन उनके साथ रहे। सरपंच, सचिव सबने मिलकर ग्रामवासियों को टीकाकरण के लिए प्रोत्साहित किया। मेहनत रंग लाई और मदनवाड़ा, बोरकन्हार, रेटेगांव आमाटोला एवं खुरसेकला दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामवासियों को टीकाकरण किया गया। आज मानपुर विकासखंड में कुल 2 हजार 315 व्यक्तियों का टीकाकरण किया गया।

## कबड्डी प्रतियोगिता के समापन पर बाग़द्वार पहुँची गीता घासी साहू



**छुरिया।** ग्राम बागद्वार में सीएमएमएससीडी कबड्डी क्लब एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वाधान में रात्रिकालीन एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू थी।आयोजक समिति द्वारा अतिथियों का स्वागत सम्मान पुष्पगुच्छ,बैच, तिलक लगाकर किया गया तत्पश्चात बागद्वार में महिला समुदायिक भवन का भूमि पूजन एवं स्वच्छ भारत मिशन के तहत सार्वजनिक शौचालय का उद्घाटन किया। गीता घासी साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल से शरीर में चुस्ती फुर्ती और मानसिक रूप से स्वस्थ रहता है खेल का उदाहरण देते हुए गांव से ही निकल कर के नीरज चोपड़ा ने इतिहास रचा और गोल्ड मेडल टोक्यो ओलंपिक से जीत कर लाया। उन्होंने आगे कहा कि मातृ शक्ति की तीज त्यौहार से पानी गिर रहा है।जबकि सबसे कम वर्षा छुरिया ब्लाक में हुआ है इसलिए मंच के माध्यम से सूखा घोषित करने की मांग राज्य सरकार से की गई।

# पदुमतरा में कुपोषण से संबंधित कार्यक्रम का किया गया आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




ग्राम पंचायत पदुमतरा में जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 08 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा पूरे सितंबर माह में भारत सरकार मंत्रालय दुर्ग के द्वारा महिला एवं बाल विकास राजनांदगांव के तत्वधान में कुपोषण से संबंधित कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक देवांगन जिला पंचायत सदस्य व संचार सकर्म विभाग के सभापति तथा आबकारी विभाग समिति के सलाहकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सूचना प्रसारण मंत्रालय द्वारा पूरे सितंबर माह में भारत सरकार मंत्रालय दुर्गा के द्वारा महिला एवं बाल विकास राजनांदगांव के तत्वधान में ग्राम पदुमपुरा में कुपोषण से संबंधित कार्यक्रम के लिए सभी को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गांव को कुपोषण मुक्त करना बहुत ही आवश्यक है, क्योंकि राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत स्वस्थ मां स्वस्थ बच्चा गर्भवती महिलाओं को पोषण के लिए पौष्टिक फल, सब्जी व दूध दे। जब बच्चा 6 महीने का हो जाए तो रोज के 2 से 3 कटोरी खाना खिलाना जरूरी है, और जब बच्चा पैदा होता है, तो मां का दूध अमृत के समान होता है, इसलिए मां को सबसे पहले अपने बच्चों को अपना दूध पिलाना बहुत ही आवश्यक होता है, मां और बच्चा स्वस्थ होगा तभी समाज, गांव, शहर, प्रदेश और देश आगे बढ़ेगा।

## गिरीश देवांगन ने किया फिटनेश जिम का शुभारंभ



पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भारत ग्रुप राजनांदगांव द्वारा स्थानीय मानव मंदिर चौक स्थिति चैतू भवन में भारत फिटनेश (जीम) का शुभारंभ छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन के हाथों फीता काटकर किया गया। इस दौरान मंत्री गिरीश देवांगन ने भारत ग्रुप की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारत ग्रुप द्वारा संचालित फिटनेश जीम से राजनांदगांव के लोगों को भरपूर लाभ मिलेगा और लोगों का स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि आज के युग में खासकर युवा वर्गों में फिटनेश जीम को लेकर बेहत का उत्साह का वातावरण है। भारत ग्रुप द्वारा लोगों की सेहत को देखते हुए फिटनेश जीम का संचालन करने का निर्णय स्वागतयोग्य है। कार्यक्रम का आभार भारत ग्रुप के चेयरमैन रईस अहमद शकील ने किया। जीम सेंटर में गोल्ड मेडलिस्ट नाहिद अख्तर प्रशिक्षण देंगे। साथ ही अत्याधुनिक मशीनों से लैस जीम में युवाओं को स्वाथ्यगत विषयों पर जानकारी दी जायेगी।

## घर घुसकर बालिका से छेड़खानी, आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



मंगलवार की दोपहर सरिया थानाक्षेत्र अन्तर्गत 14 वर्षीय बालिका को उसके घर पर अकेली देखकर छेड़खानी करने वाले आरोपी को रुसरिया पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पोक्सो एक्ट की धाराओं में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

मिली जानकारी के अनुसार 21 सितंबर की रात्रि बालिका अपने परिजनों के साथ थाना सरिया आकर थाना प्रभारी निरीक्षक विवेक पाटले को घटना बताई और आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई के लिये लिखित में आवेदन प्रस्तुत की। पीड़िता के बताये अनुसार 21 सितंबर की सुबह परिजन खेत में काम करने गये थे, घर पर अकेली थी। दोपहर करीबन 02 बजे गांव का नवीन सिदार घर पर जबरदस्ती घुस गया, जिसे घर पर कोई नहीं है बताने पर छेड़खानी करने लगा तब उसे धक्का देकर, आसपड़ोस वालों को घटना बताने के लिये फोन उठाई तो नवीन सिदार घर से भाग गया। तब चाइल्ड लाइन के नम्बर 1098 पर कल कर जानकारी दी और रात में ही अपने परिजनों के साथ थाना आकर रिपोर्ट दर्ज करायी। बालिका के आवेदन पर धारा 454,354,354 (क) भादवि, 8 पोक्सो एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी विवेक पाटले नाबालिग से छेड़खानी के मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए तत्काल घटना ग्राम जाकर आरोपी नवीन सिदार पिता गौतम सिदार उम्र 23 साल निवासी थानाक्षेत्र सरिया को फरार होने के पूर्व पतासाजी कर हिरासत में लिये जिसे पोक्सो एक्ट की गंभीर धाराओं में गिरफ्तार कर मान. अपर सत्र न्यायाधीश सारंगढ़ के न्यायालय न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। जहां से आरोपी का जेल वारंट जारी होने पर आरोपी को जिला जेल रायगढ़ दाखिल कराया गया है।

## डॉ रमन की अदूरदर्शिता व सांसद की निष्क्रियता का परिणाम है अस्पताल की अव्यवस्था : शाहिद भाई

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री शाहिद भाई ने राजनांदगांव के सांसद संतोष पांडे के अपने 2 वर्ष से अधिक के कार्यकाल में पहली बार अस्पताल निरीक्षण के बाद की गई टिप्पणी पर पलटवार करते हुए कहा कि जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं का बुरा हाल भाजपा व पूर्व मुख्यमंत्री राजनांदगांव के विधायक डॉ रमन सिंह की 15 वर्षीय सरकार की अदूरदर्शितापूर्ण कार्ययोजना की देन है। शाहिद भाई ने कहा कि सांसद आरोप लगाने से पूर्व अपनी जिम्मेदारी का भी आंकलन कर ले कि उन्होंने किस आधार पर 11 जून 2021 को जिले के विकास कार्यों के लोकार्पण भूमिपूजन अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री से मेडिकल कालेज पेंड्री शिफ्ट करने की मांग की थी। क्या कभी स्वास्थ्य कर्मियों चिकित्सको से बैठ कर चर्चा की पहले मांग करना फिर विरोध करना दोमुंही नीति का परिचायक है।मेडिकल कॉलेज हेतु केंद्र सरकार से कितना फण्ड आता है कितना स्वयं दिलाये है यह बताए ऑक्सीजन सप्लायर के भुगतान हेतु एजेंट के रूप में कार्य ना करें। शासकीय भुगतान में समय सामान्य प्रक्रिया है लेकिन कर्मचारियों ,डॉक्टरों ,चेकअप मशीनों की जानकारी ना लेकर ऑक्सीजन के भुगतान हेतु पत्रों का हवाला देना विशेष प्रक्रिया है। शाहिद भाई ने कहा कि सांसद कभी विश्व का पहला बिना पार्किंग शासकीय राशि का जमकर दुरुपयोग का ज्वलन्त उदाहरण वाले अपूर्ण निर्मित लोकार्पित स्टेडियम का निरीक्षण करने का साहस करे तो छ ग की पूर्ववर्ती भाजपा सरकार की अदूरदर्शि कार्ययोजनाओं से अवगत होंगे।

# बिजनेस

## आगामी त्योहारी दिनों के लिए फ्लिपकार्ट होलसेल ने लांच की जनरल मर्चेंडाइज और होम कैटेगरी

■ **फैशन कारोबार का किया विस्तार**




**बैंगलुरु।** भारत में विकसित फ्लिपकार्ट ग्रुप के डिजिटल बी2बी मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट होलसेल ने अपने प्लेटफॉर्म पर जनरल मर्चेंडाइज़ श्रेणी लांच करने की घोषणा की है। अपने ऐप पर जनरल मर्चेंडाइज़ उत्पाद शामिल करने के बाद फ्लिपकार्ट होलसेल स्थानीय भारतीय विनिर्माताओं से जुड़ने की कोशिशें तेज़ कर रहा है जिनमें सूक्ष्म-लघु-मध्यम उद्योग एवं खुदरा विक्रेता शामिल हैं। इन्हें टेक्नोलॉजी का लाभ तो मिलेगा ही, किराना एवं छोटे दुकानदारों के लिए इस थोक बाजार पर पहले से ज्यादा उत्पाद उपलब्ध रहेंगे।

फ्लिपकार्ट होलसेल जनरल मर्चेंडाइज़ के साथ कारोबार करने को तैयार है। इसके पोर्टफोलियो में 24,000 से अधिक उत्पाद हैं जिनमें होम टेक्सटाइल, कुकवेयर, स्टोरेज, होम ऐक्सैसरीज़, खिलौने, लगेज, स्पोर्ट्स एवं फिटनेस श्रेणियां शामिल हैं। यह श्रेणी आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, दमन और दिउ, गोवा, गुजरात, झारखंड, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मिज़ोरम, नगालैंड, ओडिशा, पॉन्डिचेरी, राजस्थान, सिक्किम, तमिलनाडु, तेलंगाना, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश व पश्चिम बंगाल के किराना व रिटेलरों को उपलब्ध होगी। यह प्लैटफॉर्म इन राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों के 1350 से अधिक शहरों व 8000 पिनकोड पर ग्राहकों तक ये उत्पाद पहुंचाएगा। इन उत्पादों को अहमदाबाद, दिल्ली, जयपुर, जालंधर, लुधियाना, मेरठ, पानीपत, राजकोट, सूरत और तिरुपुर के सर्वश्रेष्ठ विनिर्माताओं से प्राप्त किया गया है। अगले 6 महीनों में यह प्लैटफॉर्म 55,000 वस्तुएं और जोड़ेगा तथा आगे के लिए यह भी लक्ष्य है की 1000 विक्रेताओं को जोड़ कर सप्लायर ईकोसिस्टम को मजबूत किया जाए।

## काउंटरप्वाईंट के अनुसार, रियलमी दुनिया में सर्वोच्च 6 स्मार्टफोन ब्रांड्स में से एक है

**रायपुर।** दुनिया का सबसे तेजी से विकसित होता हुआ स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ग्लोबल रैंकिंग्स में सर्वोच्च 6 स्मार्टफोन वेंडर्स में से एक बन गया है। यह जानकारी काउंटरप्वाईंट रिचर्स द्वारा किए गए बाजार के लेटेस्ट अध्ययन में सामने आई। रियलमी 2021 की दूसरी तिमाही में साल-दर-साल 135.1 प्रतिशत की वृद्धि एवं 15 मिलियन शिपमेंट्स के साथ छठवें स्थान पर रहा। उद्योग में एक प्रतिष्ठित कंपनी के रूप में इस विकसित होते हुए ब्रांड ने केवल तीन साल में ही यह उपलब्धि हासिल कर ली। कंपनी के फाउंडर एवं चीफ एक्ज़िक्यूटिव ऑफिसर , स्काई ली ने अपने ओपन लैटर में कहा, ''पिछले तीन सालों में हम एक नवजात शिशु से लेकर अब शेर के रूप में बड़े होकर आगे बढ़ रहे हैं।'' कंपनी की युवा टीम की औसत आयु 29 साल से कम है, जो अनेक अज्ञात मुश्किलों का सामना करते हुए दृढ़ रही और युवाओं को ऐसे अभूतपूर्व उत्पाद प्रस्तुत करती रही, जिन्होंने दुनिया में एक ट्रेंड स्थापित कर दिया। एक बिना विवरण के ब्रांड के रूप में शुरू करके, रियलमी ने उद्योग एवं ग्राहकों की समस्त अपेक्षाओं को पीछे छोड़ दिया और 2021 की दूसरी तिमाही में यह दुनिया में 61 देशों में विस्तार करते हुए 18 देशों सर्वोच्च 5 ब्रांड्स में पहुंच गया।

## आइटेल मोबाइल ने पेश किया एचडी + वाटरड्रॉप डिस्प्ले और तेज़ फेस अनलॉक के साथ आईटेल 26 मात्र रु. 5999 में

**नई दिल्ली।** भारत का सबसे भरोसेमंद स्मार्टफोन ब्रांड आइटेल त्योहारी मौसम से पहले अपनी ए-सिरीज़ और विज़न सिरीज़ के तहत अनेक फोन लांच करते हुए अपने स्मार्टफोन पोर्टफोलियो को मजबूत कर रहा है। ये सभी लांच कंपनी के एकमात्र ध्येय के मुताबिक हैं और वो है ऐंट्री लैवल स्मार्टफोन प्रयोक्ताओं की आकांक्षाओं को पूरा करना और उनकी भी जो 6000 रुपए से कम के बजट में अपने फोन को अपग्रेड करना चाहते हैं। आईटेल ब्रांड की यह ताज़ातरीन पेशकश आईटेल 26 ए-सिरीज़ पोर्टफोलियो (ऐंट्री लैवल एसपी रेंज) में अगली पीढ़ी का एक और स्मार्टफोन है। आईटेल 26 एक पैसा वसूल स्मार्टफोन है क्योंकि यह तकनीक के उत्साहियों की आकांक्षाओं को पूरा करता है जिसमें बड़े ॥ष्ठ+ वाटरड्रॉप डिस्प्ले, 2तक्रक्रूऔर शक्तिशाली बैटरी के साथ फ्लूडिक अनुभव, स्मार्ट फेस अनलॉक के साथ उन्नत सुरक्षा तथा हाई-डेफिनिशन फोटोग्राफी अनुभव शामिल हैं। यह नया स्मार्टफोन आईटेल की ओर से विशेष सोशल टर्बो फीचर से युक्त है जिसमें शामिल हैं- वॉट्सऐप कॉल रिकॉर्डिंग, पीक मोड, कॉल अलर्ट और स्टेटस सेव।

## फेड रिजर्व के संकेतों से नई ऊंचाई पर पहुंचा सेंसेक्स




**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को शुरुआती कारोबार में एक फीसद से ज्यादा उछाल देखने को मिला। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के संकेतों की वजह से वैश्विक बाजारों में पैदा हुए सकारात्मक माहौल की बदौलत घरेलू शेयर बाजारों में यह बढ़त देखने को मिली। दोपहर एक बजे सेंसेक्स पर 810.22 अंक यानी 1.37 फीसद के उछाल के साथ 59,737.55 अंक के स्तर पर कारोबार हो रहा था। अब तक के कारोबार के दौरान सेंसेक्स 59,764.79 अंक के सर्वकालिक स्तर को छू चुका है।

सुबह 11:18 बजे निफ्टी पर 180.70 अंक यानी 1.03 फीसद की तेजी के साथ 17,727.35 अंक के स्तर पर ट्रेडिंग हो रही थी। फेड रिजर्व ने कहा कि वह इकोनॉमिक ग्रोथ के लिए दिए जा रहे अभूतपूर्व सपोर्ट को अगले साल तक जारी रख सकता है। इससे अमेरिकी शेयर बाजारों में रात के सत्र में काफी अधिक उछाल देखने को मिला। निफ्टी पर शुरुआती कारोबार में Bajaj Finserv के शेयर में सबसे ज्यादा उछाल देखने को मिल रहा था। इसके अलावा कोल इंडिया, एक्सिस बैंक, टाटा मोटर्स और स्क्र्ह के शेयरों में उल्लेखीय तेजी देखने को मिल रही थी।

# बॉलीवुड

## नोरा फतेही का बड़ा खुलासा ऑडिशंस से कर दिया जाता था बाहर



**मुंबई।** साल 2019 में नोरा फतेही ने एक इंटरव्यू दिया था जिसमें उन्होंने अपनी जिंदगी के एक्सपीरियंस के बारे में बताया था। उन्होंने बताया था कि मेरा ऑडिशन बहुत खराब हुआ करता था और मैं रोती हुई घर जाया करती थी।

नोरा फतेही सोशल मीडिया पर अपने हॉट डांस और वीडियोज को लेकर अक्सर सुर्खियां बटोरती नजर आती हैं। नोरा के डांस और अदाओं के लाखों लोग दीवाने हैं लेकिन इस बार नोरा अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा बटोरती हुई नजर आ रही हैं।साल 2019 में नोरा फतेही ने एक इंटरव्यू दिया था जिसमें उन्होंने अपनी जिंदगी के एक्सपीरियंस के बारे में बताया था। उन्होंने बताया था कि मेरा ऑडिशन बहुत खराब हुआ करता था और मैं रोती हुई घर जाया करती थी। नोरा फतेही ने बताया था कि मैं हिंदी सीख रही थी लेकिन मैं ऑडिशन देने के लिए मानसिक रूप से तैयार नहीं होती थी। वह लोग मुझपर मेरे मुंह पर ही हंस दिया करते थे। नोरा ने बताया था कि वह मुझे बुली करते थे और मुझे ह्यूमिलिएट करते थे।उन्होंने आगे कहा था कि एक बार तो एक कास्टिंग एजेंट मुझपर चिल्ला उठे थे और कहा था कि यहां से चली जाओ। आपको नोरा फतेही दें कि नोरा फतेही बिग बॉस 9 में नजर आई थीं। इसके बाद वह फिल्म बाहुबली में एक गाने में नजर आई थीं। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। नोरा फतेही आज अपनी मेहनत के दम पर इस मुकाम पर हैं और अपनी इस मेहनत की वजह से ही उन्होंने अपनी बड़ी फैन फॉलोइंग बनाई है।

## शाहरुख की बेटी सुहाना ने फिर ब्लैक कपड़ों में शेयर की सेल्फी, होती जा रही हैं ग्लैमरस



**मुंबई।** शाहरुख खान की बेटी सुहाना दिन-ब-दिन ग्लैमरस होती जा रही हैं। वह सोशल मीडिया पर जब भी तस्वीर शेयर करती हैं, चर्चा में आ जाती हैं। सुहाना ने कुछ सेल्फीज लेकर इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। उनके फोटोज सुर्खियों में हैं। इंस्टाग्राम पर सुहाना खान के 2 मिलियन फॉलोअर्स हैं। वह अक्सर पोस्ट करके उन्हें अपनी ऐक्टिविटीज से अपडेट रखती हैं।

सुहाना खान न्यूयॉर्क में पढ़ाई कर रही हैं। वह अक्सर दोस्तों के साथ या अकेले अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। रीसेंटली सुहाना ने अपनी 3 सेल्फी पोस्ट की हैं। इनमें वह ब्लैक आउटफिट्स में हैं। एक ही वक्त की तीन तस्वीरों में सुहाना ने खुद को अलग-अलग ऐंगल्स से क्लिक किया है। सुहाना ने बिना किसी कैप्शन के सेल्फी पोस्ट की है।

### अगस्त्य नंदा के साथ डेब्यू के चर्चे

बीते संडे सुहाना ने खूबसूरत तस्वीरें शेयर की थीं। सुहाना अपने खूबसूरत अपार्टमेंट और न्यूयॉर्क की झलक भी देती रहती हैं। शाहरुख खान के फैन सुहाना खान के बॉलीवुड डेब्यू का इंतजार कर रहे हैं। चर्चा है कि वह अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा के साथ जोया अख्तर की फिल्म से डेब्यू कर सकती हैं। इस फिल्म में बोनी कपूर की छोटी बेटी खुशी कपूर के होने की बात भी सामने आ रही है।

## अमिताभ बच्चन ने अभिषेक-श्वेता के बचपन को किया याद, बताया किस बात का आज भी है पछतावा



**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन इन दिनों कौन बनेगा करोड़पति 13 होस्ट करते दिखाई दे रहे हैं। इस क्विज शो पर वो सवाल पूछने के साथ-साथ दिलचस्प बातें भी करते दिखाई दे जाते हैं।

वहीं, हाल ही में शो पर अमिताभ बच्चन ने अपने बच्चों अभिषेक बच्चन और श्वेता नंदा के बचपन के दिनों को याद किया है और बताया है कि उन्हें किस बात का पछतावा आज भी है। अमिताभ बच्चन ने इस दौरान अपने पिता के भी याद किया और कोलकाता में जॉब छोड़ने का किस्सा भी बताया है।

अमिताभ बच्चन केबीसी 13 पर कंटेस्टेंट नम्रता शाह से बात कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने बताया कि 'हम तो नौकरी कर रहे थे कोलकाता में, कंपनी में किसी। जब इधर आना चाहा और शुरू में जब इधर एप्लाई किया तो रिजेक्ट हो गए। फिर बाबूजी ने कहा कि अगर किसी घर में घुसना हो और सब तरफ से दरवाजे बंद हों तो दीवार फांद के पहुंच जाना चाहिए... तो हम दीवार फांद कर के पहुंच गए मुंबई'।

### इस बात का है दुख

अमिताभ बच्चन को अभिषेक और श्वेता के बच्चन को मिस कर देने का पछतावा है। उन्होंने कहा- 'वो हमको हमेशा एक दुख रहा है कि सुबह जब जा रहे होते थे काम पे तो वो सो रहे होते, वापसा आते तो फिर सो रहे होते क्योंकि देर रात वापस आते थे। तो वो थोड़ा सा कष्ट हुआ लेकिन अब सब समझदार हो गए हैं'।

# विकास दर्शन पर गरमाई सियासत, सरकार कर्ज के पैसे से कहां के गड्ढे पाट रही : सुनील सोनी

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

बीजेपी सांसद सुनील सोनी ने सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सरकार छत्तीसगढ़ पर कर्ज लादकर हर व्यक्ति को कर्जदार बना रही है। सांसद सोनी ने कहा कि प्रदेश सरकार उपलब्धियों और विकास के नाम पर लगातार झूठ परोस रही है। सांसद सुनील सोनी ने बुधवार को बेमेतरा नवागढ़ के रनबोड़ में प्राथमिक शाला के जर्जर भवन की छत का प्लास्टर गिरने से छह बच्चियों के घायल होने पर निशाना सादा है। सोनी ने रायगढ़ के मेडिकल कॉलेज अस्पताल (जिला चिकित्सालय) भवन की छत का कांक्रीट प्लास्टर टूटकर गिरने से मरीज समेत चार लोगों को घायल हो जाने की घटनाओं का जिक्र करते हुए प्रदेश सरकार के नाकारापन पर जमकर हमला बोला है। सुनील सोनी ने कहा कि अपने पूरे कार्यकाल में मुख्यमंत्री बघेल, उनके मंत्री और प्रदेश कांग्रेस के लोग ओछे राजनीतिक हथकंडों और मिथ्या प्रलाप में ही मशगूल रहे और प्रदेश में विकास और सुविधाओं के नाम पर एक ईंट रखना तो दूर भाजपा शासन काल में निर्मित शासकीय भवन व सड़कों का मरम्मत तक नहीं करा पा रहे हैं, बल्कि प्रदेश की पूर्ववर्ती भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली मौजूदा केंद्र सरकार के कार्यकाल की योजनाओं पर अपने नाम का लेबल लगाकर यह प्रदेश सरकार लोगों को भ्रमित करके श्रेय लेने की हास्यास्पद कोशिशों में लगी है। सांसद सुनील सोनी ने कहा कि नवागढ़ ब्लॉक के प्राथमिक शाला भवन की दुर्घटना हो या फिर रायगढ़ के जिला अस्पताल की छत टूटकर गिरने का मामला हो, दोनों ही घटनाएं प्रदेश सरकार के नाकामी की गवाही दे रही हैं। कर्ज पर कर्ज लेकर प्रदेश को कर्ज के दलदल में धकेलने पर आमादा प्रदेश सरकार ने हर छत्तीसगढ़वासी को लगभग 45 हजार रुपए का कर्जदार बना दिया है. हालात ये हैं कि खुद मुख्यमंत्री के अपने गृह जिले में सड़क पर जगह-जगह गड्ढे होने के कारण रोड दुर्घटनाएं हो रही हैं। इसके विरोध में बुधवार को ही महिलाओं ने भिलाई में सड़क पर भरे पानी में कैटवॉक करके अपना आक्रोश जता कर पूछा कि आखिर वो कर्ज का पैसा जा कहां रहा है। सांसद सुनील सोनी ने कहा कि प्रदेश के दीगर शहरों-नगरों और गांवों, खासकर आदिवासी बहुल इलाकों की सड़कें इतनी खस्ता-हाल हैं कि इसके कारण लोगों को समय पर चिकित्सा सुविधा तक के लिए मोहताज होकर अपनी जान गवांनी पड़ रही है। सांसद सुनील सोनी ने कहा कि प्रदेश को विकास के सपने दिखाकर सत्ता में आई कांग्रेस सरकार ने आज छत्तीसगढ़ को विनाश और पिछड़ेपन के लिए अभिशप्त बना दिया है. इसके बावजूद प्रदेश सरकार को अपनी झूठी उपलब्धियों का ढिंढोरा पीटते जरा भी शर्म महसूस नहीं हो रही है।



## सांसद सोनी कांग्रेस सरकार पर झूठे आरोप लगाकर गुणवत्ताहीन निर्माण से बच नहीं सकते : धनंजय



भाजपा सांसद सुनील सोनी के आरोपों को निराधार एवं तथ्यहीन निरूपित करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा है कि सांसद सुनील सोनी कांग्रेस सरकार पर झूठे आरोप लगाकर रमन सरकार के कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार के चलते 15 साल में प्रदेश भर में हुये घटिया एवं गुणवत्ताहीन निर्माण के जिम्मेदारी से बच नहीं सकते। रमन सरकार के दौरान पुल-पुलिया, सड़क, स्कूल, कॉलेज की बिल्डिंग, डेम, बांध के जितने भी निर्माण हुए भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गयी। भाजपा एक ओर कांग्रेस सरकार पर एक ईंट भी नहीं रखने का आरोप लगाती है। वहीं दूसरी ओर रमन भाजपा सरकार के कार्यकाल में हुये घटिया निर्माण कार्यों का दोष कांग्रेस सरकार पर मढ़ रही है। बेमेतरा नवागढ़ के रनबोड़ में प्राथमिक शाला का निर्माण भाजपा शासन में हुआ। रमन सिंह के कार्यकाल में हुये घटिया और गुणवत्ताविहीन निर्माण का दोषी भाजपा सांसद सुनील सोनी द्वारा कांग्रेस सरकार को ठहराना उचित नहीं है। भाजपा की रमन सिंह सरकार के कार्यकाल में हुए व्यापक भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी के कारण ही पूरे प्रदेश में घटिया निर्माण कार्य हुये है। भाजपा के भ्रष्टाचार में हुये घटिया निर्माण कार्य को कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराना पूरी तरह से गलत एवं औचित्यहीन है। भाजपा शासन काल में रायुपर में एक्सप्रेस-वे निर्माण में भ्रष्टाचार एवं गुणवत्ता की शिकायतें लगातार सार्वजनिक होती रही हैं। एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन के पहले ही गुणवत्ताहीन एवं घटिया निर्माण कार्य की पोल खुल गई। सड़कें धसकने लगे, ब्रिज क्रेक होने लगे। अब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार रमन सरकार के घटिया निर्माण को दुरूस्त करवा रही है। एक्सप्रेस-वे का सुधार कार्य पूरा नहीं हो पा रहा है।

# पाठ्यपुस्तक निगम ने शत-प्रतिशत स्कूलों में पाठ्य पुस्तकें वितरित की

- प्राइवेट स्कूलों के लिए भी पुस्तक डिपो में पर्याप्त पुस्तके हैं उपलब्ध

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

पाठ्यपुस्तक निगम द्वारा राज्य के समस्त 171 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में स्कूल स्तर पर 14 जून तक, सभी 4694 शासकीय हाईस्कूलों में हाईस्कूल स्तर पर 7 जुलाई तक एवं कक्षा एक से आठवीं तक के विद्यार्थियों हेतु पाठ्यपुस्तकें सभी 3206 संकुलों में संकुल स्तर पर 29 जुलाई तक विद्यालय खुलने की तिथि 2 अगस्त से पूर्व पहुंचा दी गई है । वर्तमान में संयुक्त संचालक, संभागीय कार्यालय के माध्यम से जिला शिक्षा अधिकारियों से प्राप्त अतिरिक्त माँग की पाठ्यपुस्तकों का वितरण, माँग प्राप्त होते ही जिला शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम द्वारा प्रेषित की जा रही है । छ.ग. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग के आदेश के अनुपालन में अशासकीय विद्यालयों से माँग पत्र एवं वचन पत्र लेकर कक्षा एक से दसवीं तक के हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम की पाठ्यपुस्तकों का वितरण लगातार किया जा रहा है। डिपो प्रबंधक निजी स्कूल संचालकों को फोन करके भी बुला रहे हैं । अम्बिकापुर डिपो प्रबंधक गुलाबराम केरकेट्टा ने बताया कि उन्होंने कई निजी स्कूल संचालकों को दूरभाष पर संपर्क कर पुस्तकें प्राप्त करने का आग्रह किया । ऐसे स्कूलों में सरस्वती विकास हायर सेकेंडरी स्कूल मनेन्द्रगढ़, मदरसा ए.जी.एम. स्कूल अम्बिकापुर, रॉयल किड्स इंग्लिश मीडियम स्कूल खाड़ा भैयाथान शामिल हैं । इसी प्रकार राजनांदगांव डिपो प्रभारी श्रीमती नीलिमा बडगे ने बताया कि उन्होंने सांई पब्लिक स्कूल लाखोली, राजनांदगांव; स्वामी विवेकानन्द स्कूल सुरगी, राजनांदगांव; सन साइन एकादेमी करीभदर, बालोद के स्कूल संचालकों को डिपो में बुलाकर पुस्तकें प्रदाय की हैं । रायगढ़ डिपो प्रभारी दिनेश मिर्चे ने बताया कि उन्होंने एनडीबीए एम.एस. सुआताल, गुरुनानक हाईस्कूल रायगढ़, गुरु द्रोण हाईस्कूल रायगढ़ के स्कूल संचालकों को डिपो में बुलाकर पुस्तकें प्रदाय की हैं ।

# 3 दिनों में चाकूबाजी की तीसरी वारदात पुलिस ने 4 आरोपियों को किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



राजधानी रायपुर में चाकूबाजी की वारदातें अब आम हो गई हैं. बेखौफ बदमाश रोजाना बेधड़क होकर लोगों को चाकू मार रहे हैं, जिससे वारदात वाले इलाकों में दहशत का माहौल है. राजधानी में बीते 3 दिनों में चाकूबाजी की तीसरी वारदात से लोगों में नाराजगी है। जबकि पुलिस ने वारदात में शामिल 4 आरोपियों को धर दबोचा है। मिली जानकारी के मुताबिक राजधानी रायपुर के पुरानी बस्ती थाने क्षेत्र में गणेश विसर्जन करने जा रहे युवक पर चाकू से हमला हुआ है। पुरानी रंजिश में 4 बदमाशों ने मिलकर वारदात को अंजाम दिया है. गणेश विसर्जन के दौरान छ्छ्छ बजाने जैसे मामूली विवाद पर चाकूबाजी हुई है। पुरानी बस्ती इलाके में राहुल सोनी नामक युवक पर 4 आरोपियों ने पेट में वार किया है। घायल राहुल सोनी का अस्पताल में इलाज जारी है. राजधानी में तीन दिनों के भीतर चाकूबाजी की ये तीसरी बड़ी वारदात है। पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इससे पहले अभनपुर क्षेत्र के गातापारा इलाके में गणेश विसर्जन के दौरान चेतन साहू पर चाकू से हमला हुआ था। आरोपी समीर टंडन और नमन भरत ने मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। इस मामले में पुलिस ने हत्या का प्रयास 307 के तहत मामला दर्ज किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तारकेश्वर पटेल ने बताया कि मामूली विवाद पर चाकूबाजी की घटना सामने आई है. आरोपी दादू सोनकर, रोशन, नरेंद्र और उसके अन्य साथियों ने वारदात को अंजाम दिया है। गणेश विसर्जन के बीच राहुल सोनी के पेट मे चाकू से हमला किया है. आरोपियों के खिलाफ पुरानी बस्ती थाना में हत्या के प्रयास की धारा 307, 294, 323, 506 बी, 34 के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

## पादरी की पिटाई के आरोपी की जमानत याचिका खारिज



**रायपुर।** थाने में पादरी की पिटाई के मामले में गिरफ्तार आरोपी बजरंग ध्रुव की अंतरिम जमानत याचिका जेएमएफसी ओमप्रकाश साहू की अदालत ने खारिज कर दी. आरोपी ने उच्च न्यायालय द्वारा कोरोना काल में जारी आदेश को आधार बनाते हुए याचिका लगाई थी। जानकारी के अनुसार, इससे पहले भी आरोपी की जमानत याचिका जेएमएफसी और सेशन कोर्ट खारिज कर चुकी हैं. एक बार फिर दाखिल जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश ने थाने में घुसकर की गई मारपीट को गंभीर घटना मानते हुए कोरोना का भी लाभ देने योग्य नहीं माना गया। मामले में आरोपी जमानत के लिए लगातार अदालत का दरवाजा खटखटा रहे हैं, लेकिन घटना को गंभीर मानते हुए अदालतें जमानत देने से इंकार कर रही हैं। एक बार फिर याचिका खारिज होने से आरोपी के लिए परेशानी बढ़ गई है।

# गांधी जयंती के अवसर पर ग्राम सभा, ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की बैठकें होगी आयोजित

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को राज्य के सभी ग्रामों में ग्राम सभा, ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति और पानी समिति की बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग महानदी भवन मंत्रालय से इस आशय का पत्र जारी किया गया है। जारी पत्र में 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर आयोजित होने वाले बैठक में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत जल प्रदाय योजनाओं हेतु ग्रामों की पेयजल योजनाओं का क्रियान्वयन, घरेलू कनेक्शन प्रदाय, भू-जल स्त्रोतों के स्थायीकरण, गंदे जल के निपटान, जल स्त्रोतों के गुणवत्ता परीक्षण अंतर्गत फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से जल की गुणवत्ता परीक्षण, एफटी.के. यूजर ग्रुप का पंजीयन शामिल है तथा योजनाओं के अंतर्गत संचालन एवं संधारण का कार्य बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित कराना है।

उल्लेखनीय है कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जल जीवन मिशन कार्यक्रम अंतर्गत राज्य के प्रत्येक घर, शाला, आंगनबाड़ी केन्द्र, आश्रम शाला, पीएचसी, सीएचसी, समुदायिक केन्द्र आदि में नल जल प्रदाय योजनाओं द्वारा शुद्ध जल प्रदान करने के साथ-साथ राज्य के ग्रामों में बेहतर स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए गांधी जयंती के अवसर पर राज्य के प्रत्येक ग्राम में संचालित ग्राम सभा, ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति और पानी समिति की बैठकों की योजना बनायी गई है।

जारी पत्र में गांधी जयंती 2 अक्टूबर को राज्य के सभी ग्रामों में विशेष ग्राम सभा आयोजित किए जाने का उल्लेख किया गया है, जिसमें यह विषय चर्चा में शामिल है। महात्मा गांधी द्वारा 'ग्राम स्वराज्य' साकार करने की कल्पना के अनुसार सुनिश्चित शुद्ध जलापूर्ति और बेहतर स्वच्छता से संबंधित जिम्मेदारियों को निभाने के लिए उन्हें सशक्त बनाने और सक्षम करने में महत्वपूर्ण कदम होगा।

## रायपुर एसपी ने किया थाना प्रभारियों का ट्रांसफर

**रायपुर।** एसपी ने कई थाना प्रभारियों का तबादला आदेश जारी किया है. जारी सूची में आर.के.मिश्रा, नरेंद्र बंछोर, सत्यप्रकाश तिवारी, के.के. बाजपेयी, विनीत दुबे, अश्वनी राठौर, वीरेंद्र चंद्रा गिरीश तिवारी, राजेश सिंह, याकूब मेमन, सुदर्शन ध्रुव, उमाशंकर राठौर, अमित बेरिया, नितेश सिंह ठाकुर और बृजेश तिवारी का नाम शामिल है।

## प्रदेश के 15 जिलों में 22 सितम्बर को कोरोना का नया मामला नहीं

**रायपुर।** प्रदेश के 15 जिलों में 22 सितम्बर को कोरोना का एक भी नया मरीज नहीं मिला है। इस दिन प्रदेश भर में हुए 29 हजार 119 सैंपलों की जांच में 26 व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाए गए। राज्य के दो जिलों कबीरधाम और सूरजपुर में वर्तमान में एक भी व्यक्ति कोरोना पीड़ति नहीं है। कोरोना मरीजों के स्वस्थ होने और रोज कम संख्या में नए मरीज मिलने के कारण कोविड-19 के सक्रिय मामले तेजी से घट रहे हैं। प्रदेश में अभी सक्रिय मरीजों की संख्या 300 है। राज्य में औसत पॉजिटिविटी दर 0.09 प्रतिशत है।

# स्मार्ट सिटी लिमिटेड के कार्यों का दायरा बढ़ाया जाए

- एडवाजरी कमेटी की बैठक में दिए गए महत्वपूर्ण सुझाव

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर।
www.dailypioneer.com



बिलासपुर स्मार्ट सिटी एडवायजरी फोरम समिति की बैठक मंथन सभाकक्ष में आयोजित की गयी। बैठक में शामिल सभी सदस्यों ने सुझाव दिया कि बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के तहत कराए जा रहे कार्यो का दायरा बढ़ाया जाए। नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि शहर की आवश्यकता एवं प्राथमिकता के अनुसार कार्यो का चयन किया जाना उचित होगा।

बिलासपुर लोकसभा सांसद अरूण साव ने कहा कि न्यायधानी की गरिमा के अनुरूप शहर का विकास होना चाहिए। बैठक में मस्तूरी विधायक कृष्णमूर्ति बांधी, बेलतरा विधायक रजनीश सिंह, महापौर रामशरण सिंह, पर्यटन मंडल के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव, कलेक्टर डॉ. सारांश मित्तर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा, नगर निगम कमिश्नर अजय त्रिपाठी एवं समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे।

समिति की बैठक में नगर निगम कमिश्नर त्रिपाठी ने बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा द्वारा कराए जा रहे कार्यो की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्मार्ट सिटी प्लान में एस.सी.पी के 62 कार्य, पीपीपी कार्य 16 एवं कंवर्जेन्स के कुल 28 कार्य शामिल हैं। इनमें से 17 कार्य पूर्ण हो चुके हैं, 32 प्रगतिरत एवं 57 कार्य अप्रारंभ हैं। उन्होंने बताया कि स्मार्ट सिटी लिमिटेड का कार्यकाल जून 2023 तक बढ़ाया गया है। एससीपी कार्यो में दस जगहों पर वाई- फाई हब बनाया गया है। नूतन चौक में डिजीटल लाईब्रेरी का कार्य पूरा कर लिया गया है। मिटटी तेल गली में स्मार्ट सड़क, साईनेज वॉल, शहर जनमंच, डिजीटल लाईब्रेरी में इंक्यूबेशन सेंटर जैसे कार्यो को पूर्ण कर लिया गया है। चल रहे कार्यो में अरपा नदी इंदिरा सेतु से शनिचरी रपटा रोड निर्माण कार्य, व्यापार विहार में स्मार्ट सड़क निर्माण, कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में मल्टी लेवल पार्किंग, ई-पाठशाला निर्माण कार्य और तारामंडल भवन के पास स्मार्ट विकास कार्य शामिल है। समिति के सदस्यों ने इन कार्यो के संबंध में अपने सुझाव दिए।

नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि इन कार्यो में मरम्मत कार्य भी शामिल हो। समिति की बैठक हर तीन माह में आयोजित की जाए। सांसद अरूण साव ने कहा कि योजना का निर्माण ऐसा किया जाए कि लोगों को बुनियादी सुविधाएं मिल पाए। विधायक बांधी ने कहा कि कार्यो में सर्टिफाईड सामग्री का प्रयोग हो। अटल श्रीवास्तव ने कहा कि स्मार्ट सिटी के क्षेत्र में विस्तार किया जाए। इसमें पूरे बिलासपुर नगर निगम को शामिल किया जाए। योजना बनाते समय इस बात का ध्यान रखा जाए कि यह लंबे अरसे तक उपयोग में आ सकें।

# ग्रेजुएट एम्पलॉयबिलिटी रैंकिंग में ओपीजेजीयू दुनिया के 500 विश्वविद्यालयों में शामिल

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

हरियाणा के सोनीपत में स्थित ओपी जिन्दल ग्लोबल यूनिवर्सिटी (ओपीजेजीयू) ने विश्व स्तर पर अभूतपूर्व छलांग लगाई है। वह क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग-2022 की ग्रेजुएट एम्पलॉयबिलिटी रैंकिंग में दुनिया के 500 विश्वविद्यालयों में शामिल हो गई है। यूनिवर्सिटी के संस्थापक कुलाधिपति नवीन जिन्दल ने इस उपलब्धि के लिए पूरी टीम को बधाई दी है और कहा है कि 30 सितंबर को ओपी जिन्दल ग्लोबल यूनिवर्सिटी की स्थापना की 12वीं वर्षगांठ के अवसर पर यह एक उत्साहवर्धक उपलब्धि है।

यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक ओपीजेजीयू मानविकी, कला, साहित्य और प्रबंधन संकायों को समर्पित (नॉन स्टेम) एकमात्र भारतीय यूनिवर्सिटी है, जिसे क्यू वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग-2022 में यह स्थान प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए श्री नवीन जिन्दल ने कहा कि हम 30 सितंबर 2021 को ओपीजेजीयू की 12वीं वर्षगांठ मनाने जा रहे हैं और इससे बेहतर समय क्या हो सकता है, जब यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हमें प्राप्त हुई। यह उस दृष्टिकोण और सपनों का सच्चा प्रतिबिंब है, जिस कारण 2009 में ओपीजेजीयू की स्थापना हुई। जिन्दल ने कहा कि यह सम्मान वास्तव में ओपीजेजीयू के संकाय सदस्यों, छात्रों और कर्मचारियों के उत्कृष्ट योगदान का परिणाम है और जो यह साबित करता है कि एक उत्कृष्टता केंद्र के रूप में स्थापित करने के प्रयास से ओपीजेजीयू ने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अनेक सफ्ल प्रतिभाएं दी हैं, जो समाज निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान कर रहे हैं।

SHRI BALAJI INSTITUTE OF NURSING
RAIPUR (C.G.)
WALK IN INTERVIEW
M.SC. NURSING STAFF REQUIREMENT

| | | |
|---|---|---|
| Psychiatric Name | 2 | Professor/Asso.Prof |
| | 2 | Asst. Prof |
| Med. Surgical Nursing | 2 | Professor/Asso.Prof. |
| | 2 | Asst. Prof |
| Community Health Nursing | 2 | Professor/Asso.Prof. |
| | 2 | Asst.Prof |
| Child Health Nursing | 2 | Professor/ Asso.Prof. |
| | 2 | Asst. Prof. |
| Tutor | 4 | Minimum 1 Year exp. |

Note : Experience : Professor 10 yr. 7 yr. Teaching,
Associate Professor 8 yr. 5 yr Teaching, Assistant Professor 3 yr Teaching
MOWA, RAIPUR (C.G.) Mob : 9827118884, 7694016816
E-Mail : sbsonraipur@rediffmail.com




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403